हिंदी दैनिक
# कोयलांचल संवाद
www.ksnewsupdates.com
धनबाद, शनिवार 28 जून, 2025, वर्ष : 34, अंक : 93, मूल्य : 3 रूपए
धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
YouTube Subscribe Koylanchal sambad news

## संक्षिप्त खबरें

### गुरुजी की अस्वस्थता की वजह से रथयात्रा में शामिल नहीं हो सका : सीएम



रॉंची : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज भगवान जगन्नाथ जी का रथ यात्रा महापर्व है. हर साल मैं वहां उपस्थित होता था. लेकिन इस बार गुरुजी के अस्वस्थ होने की वजह से रथयात्रा में शामिल नहीं हो सका. सीएम ने वीडियो जारी कर संदेश दिया है. उन्होंने अपने संदेश में कहा है कि मैं भगवान जगन्नाथ से प्रार्थना करता हूं कि दिशोम गुरुजी जल्द स्वस्थ हों. हमेशा की तरह आशीर्वाद बनाए रखेंगे. आप सब लोगों को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा के लिए शुभकामनाएं.

### मणिपुर में तीन उग्रवादी गिरफ्तार

इंफाल : सुरक्षा बलों ने मणिपुर में विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े एक महिला समेत तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि प्रतिबंधित पीपुल्स लिबरेशन आर्मी की एक महिला कार्यकर्ता को गुरुवार को इंफाल पश्चिम जिले के हाओबाम मारक क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। वह जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल थी और उसने इंफाल क्षेत्र में अधिकारियों और कूरियर सेवा संचालकों को धमकी दी थी। वहीं इंफाल पश्चिम जिले के समूरू से प्रतिबंधित कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीडब्लूजी) के एक सक्रिय कार्यकर्ता को घाटी के इलाकों में जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने बताया कि उसके पास से एक पिस्तौल बरामद की गई है।

## सोने की झाड़ू से सफाई, भव्य रथ, मौसी के यहां आराम और 56 भोग

# पूरी में निकाली गई विश्व प्रसिद्ध जगन्नाथ रथ यात्रा

### देश-विदेश के लाखों श्रद्धालु रथ यात्रा जुलूस में हुए शामिल

पुरी : ओडिशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा शुरू हो गई है, जिसे 'पहांडी' अनुष्ठान कहा जाता है. देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु रथ यात्रा जुलूस में शामिल होने के लिए पुरी में जुटे हैं. त्रिदेवों- भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ को 12वीं शताब्दी के मंदिर से पहांडी में बिठाकर मंदिर के सिंह द्वार के सामने खड़े उनके संबंधित रथों तक ले जाया गया. इस दौरान भव्य जुलूस निकलता है. सिंह द्वारा से भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और महाप्रभु जगन्नाथ के रथों को खींचकर श्री गुंडिचा मंदिर ले जाया जाता है, जो पुरी जगन्नाथ मंदिर से लगभग 2.6 किलोमीटर दूर है. गुंडिचा मंदिर महाप्रभु जगन्नाथ, उनके भाई भगवान बलभद्र और बहन देवी सुभद्रा के मौसी का घर माना जाता है. भोई राजवंश के मुखिया ने रथ यात्रा के रास्ते को सोने की झाड़ू से बुहारा. इसके बाद भक्तों ने सबसे पहले भगवान बलभद्र का रथ खींचना शुरू किया. कुछ देर ले जाकर उनके रथ को रोक दिया गया. फिर देवी सुभद्रा के रथ को खींचना शुरू किया गया. सबसे आखिरी में महाप्रभु जगन्नाथ के रथ को खींचा गया. रथ यात्रा के लिए अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए गए हैं. ओडिशा पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल, एनएसजी और अन्य सुरक्षा बलों के लगभग



10,000 जवानों की तैनाती के बीच रथ यात्रा आयोजित की जा रही है. ओडिशा के डीजीपी वाई. बी खुरानिया ने कहा, 'हमने रथ यात्रा के सुचारू संचालन के लिए हर संभव व्यवस्था की है. 275 से अधिक एआई-इनेबल्ड सीसीटीवी कैमरों के जरिए रथ यात्रा की निगरानी की जा रही है.'

### रथ यात्रा के दौरान हादसा 581 श्रद्धालु घायल

पुरी । ओडिशा के पुरी में विश्व प्रसिद्ध जगन्नाथ रथ यात्रा के दौरान अत्यधिक भीड़ के कारण 581 श्रद्धालु घायल हो गए। इन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कम से कम 8 श्रद्धालुओं की हालत बिगड़ने पर उन्हें जिला मुख्याल अस्पताल ले जाया गया है।

तीर्थ नगरी के ग्रैंड रोड पर रथ यात्रा के दौरान रथ खींचने समारोह में काफी ज्यादा संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हो गए थे। इसी दौरान अत्यधिक भीड़ के कारण श्रद्धालु घायल हो गए। यह घटना उस समय हुई, जब भगवान बलभद्र के तालध्वज रथ को खींचने का काम शुरू हुआ। सूत्रों के मुताबिक, घायल श्रद्धालुओं में से 581 को हाईटेक अस्पताल में भर्ती कराया गया जबकि 173 को हाई डिपेंडेंसी यूनिट (एचडीयू) में ले जाया गया। घायल 68 श्रद्धालुओं को ओपीडी में उपचार दिया गया। कम से कम 8 श्रद्धालुओं की हालत बिगड़ने पर उन्हें जिला मुख्यालय अस्पताल (डीएचएच) ले जाया गया है।

### अहमदाबाद जगन्नाथ यात्रा में 5-6 हाथी भड़के, चार घायल

अहमदाबाद। अहमदाबाद जगन्नाथ यात्रा में डीजे की तेज आवाज से खाड़िया विस्तार में 5-6 हाथी भड़क गए, जिनमें से 3 गलियों में दौड़ने लगे। जिससे अफरातफरी मच गई। अहमदाबाद में 148वीं जगन्नाथ रथयात्रा निकाली जा रही है। इस बीच यात्रा के दौरान ही एक हाथी बेकाबू हो गया। डीजे की तेज आवाज से बेकाबू हाथी इधर-उधर दौड़ने लगा और आसपास के लोगों में अफरातफरी का माहौल बन गया। हालांकि, अंत में महावतों ने हाथी को काबू में कर लिया।

# पूर्व सीएम शिबू सोरेन की हालत स्थिर, दिल्ली में एक्सपर्ट डॉक्टरों की टीम कर रही इलाज

रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के संस्थापक और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन की तबीयत स्थिर बनी हुई है। 81 वर्षीय दिशोम गुरु दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती हैं, जहां वरीय चिकित्सकों का दल उनकी देखरेख कर रहा है।

गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अस्पताल पहुंचकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर उनकी स्थिति और उपचार पर चर्चा की।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, उनकी पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, दुमका विधायक बसंत सोरेन दिल्ली में मौजूद हैं। शुक्रवार को राज्य के



स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी भी शिबू सोरेन का हालचाल लेने दिल्ली पहुंचे। शिबू सोरेन को किडनी की गंभीर समस्या है।

उनकी स्थिति की गंभीरता को देखते हुए न्यूरोलाजी, कार्डियोलाजी और नेफ्रोलाजी के विशेषज्ञ चिकित्सकों की एक टीम उनकी देखभाल कर रही है। गुरुजी की अस्वस्थता के कारण हेमंत सोरेन शुक्रवार को रांची में आयोजित होने वाली रथयात्रा में शामिल नहीं हो सके।

हेमंत सोरेन ने इसका उल्लेख करते हुए एक्स पर पोस्ट किया कि महाप्रभु भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा का ऐतिहासिक और पावन महापर्व होता है। हर साल मैं वहां उपस्थित होता था। अभी बाबा दिशोम गुरुजी अस्वस्थ हैं, इसलिए मैं रथयात्रा में शामिल नहीं हो पाया हूं।

भगवान जगन्नाथ से प्रार्थना करता हूँ कि वे जल्द से जल्द स्वस्थ होकर हम सभी के बीच आएं और हमेशा की तरह अपना आशीर्वाद बनाएं रखें। भगवान जगन्नाथ सभी का कल्याण करें। राज्य ब्यूरो

जागरण, रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के संस्थापक और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन की तबीयत स्थिर बनी हुई है। 81 वर्षीय दिशोम गुरु दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती हैं, जहां वरीय चिकित्सकों का दल उनकी देखरेख कर रहा है।

गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अस्पताल पहुंचकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर उनकी स्थिति और उपचार पर चर्चा की।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, उनकी पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, दुमका विधायक बसंत सोरेन दिल्ली में मौजूद हैं।

### केरल में तीन प्रवासी मजदूरों की मौत

नई दिल्ली : मध्य केरल के कोडकारा में शुक्रवार सुबह करीब 40 साल पुरानी एक इमारत ढह गई। इसमें तीन प्रवासी मजदूर काम के लिए तैयार हो रहे थे। पुलिस अधिकारियों और अग्निशमन एवं बचाव सेवाओं के अधिकारियों के अनुसार कि इमारत में 17 प्रवासी श्रमिक रह रहे थे, जिनमें से 14 बिना किसी चोट के भागने में सफल रहे।

मलबे में फंसे दो लोगों को जल्दी से बचाया जा सका क्योंकि वे सतह के करीब थे। तीसरे व्यक्ति को बाहर निकालने में अधिक समय लगा।

# राज्य के पुलिस बेड़े में पेट्रोलिंग के लिए शामिल होगा बोलेरो और टीवीएस अपाची

रॉंची : अब राज्यभर के सभी थानों को पेट्रोलिंग के लिए बोलेरो और टीवीएस अपाची उपलब्ध कराया जाएगा. इसके लिए 1255 महिंद्रा बलेरो बी 6 ओपीटी, बीएस सिक्स और 1697 टीवीएस अपाची आरटीआर खरीदी जाएगी. इसकी अनुशंसा मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई प्रशासी पदवर्द समिति ने की है. समिति में विकास आयुक्त, कार्मिक सचिव, वित्त सचिव और योजना विकास सचिव सदस्य हैं.



फोर व्हीलर और टू व्हीलर के कुल 2952 वाहनों की खरीद की जाएगी. पेट्रोलिंग के लिए पूर्व से उपलब्ध 2212 वाहनों की नीलामी की जाएगी. इसमें 1079 फोर व्हीलर और 1133 दो पहिया वाहन शामिल हैं. नीलामी से प्राप्त होने वाली राशि कोषागार में जमा की जाएगी.

प्रशासी पदवर्ग समिति ने गृह विभाग के प्रधान सचिव के लिए वोल्सकोवेगन वर्चुस कार खरीदने की अनुशंसा की है. कार्मिक विभाग के लिए भी एक वाहन खरीदने की अनुशंसा की है. वहीं जिला क्रीड़ा पदाधिकारियों के लिए वाह्य स्त्रोत से एक बोलेरो रखने की अनुशंसा की है.

# झारखंड को मिली नई ट्रेन, बिहार, उत्तर प्रदेश होते हुए राजस्थान आना जाना होगा आसान

### रेल मंत्रालय ने दी स्वीकृति, सांसद निशिकांत दुबे ने दी जानकारी

रॉंची : झारखंड राज्य को जल्द एक और नई ट्रेन की सौगात मिलने जा रही है, यह ट्रेन झारखंड के गोड्डा से राजस्थान के दौराई तक चलेगी। इस ट्रेन की स्वीकृति रेल मंत्रालय ने दी है। इस ट्रेन के चलने से झारखंड, खासकर संथाल परगना के लोगों को सीधे उत्तर भारत और पश्चिम भारत तक बेहतर रेल संपर्क मिल सकेगा। यह नई सुविधा न केवल यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाएगी, बल्कि क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को भी रफ्तार देगी। इसकी जानकारी खुद सोशल मीडिया के माध्यम से गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे ने दी है। रेलवे के द्वारा मिली समय के अनुसार दौराई से गाड़ी संख्या 19603 दौराई-गोड्डा एक्सप्रेस शाम के 3.30 में प्रत्येक रविवार को प्रस्थान करेगी। सोमवार को रात के 10.30 मिनट मे



गोडडा पहुंचेगी। वही गोड्डा से गाड़ी संख्या 19604 गोड्डा –दौराई अजमेर एक्सप्रेस प्रत्येक मंगलवार को सुबह 5 बजे रवाना होगी। गुरुवार की शाम का 5.20 मिनट में दौराई पहुंचेगी।

रेलवे ने इस ट्रेन का मार्ग के साथ –साथ ठहराव की भी घोषणा कर दी है। यह ट्रेन पौरायाहाट, हंसडीहा, मोहनपूर, देवघर, जेसीडीह, झाझा, क्यूल, शेखपूरा, नवादा, तिलैया, गया, डेहरी ओन- सोन, सासाराम, भभूआ रोड, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, चुनार, मिर्जापूर,(प्रयागराज) सुबेदारगंज, फतेहपूर, गोविंदपूरी (कानपूर), ईटावा, टुंडला, अलिगढ़ जक्शन, गाजियाबाद, दिल्ली, गुड़गांव, रेवाड़ी, अटेली, नारनोल, नीम का थाना, रिंग्गांस, फुलेरा, किशनगढ़, और अजमेर शामिल है।

### राष्ट्रपति और पीएम मोदी ने दीं जगन्नाथ रथयात्रा की शुभकामनाएं

नई दिल्ली : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को देशवासियों को जगन्नाथ रथयात्रा की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने एक्स पर लिखा कि पवित्र रथयात्रा के अवसर पर मैं देश-विदेश में रह रहे महाप्रभु जगन्नाथ के भक्तों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं। रथ पर विराजमान बड़े ठाकुर बलभद्र, महाप्रभु श्रीजगन्नाथ, देवी सुभद्रा और चक्रराज सुदर्शन के दर्शन करके लाखों भक्त दिव्य अनुभूति प्राप्त करते हैं। इन ईश्वरीय स्वरूपों की मानवीय लीला ही रथयात्रा की विशेषता है। इस पुण्य अवसर पर महाप्रभु श्रीजगन्नाथ से मेरी यह प्रार्थना है कि पूरे विश्व में शांति, मैत्री और स्नेह का वातावरण रहे। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के पवित्र अवसर पर सभी देशवासियों को मेरी ढेरों शुभकामनाएं। श्रद्धा और भक्ति का यह पावन उत्सव हर किसी के जीवन में सुख, समृद्धि, सौभाग्य लेकर आए, यही कामना है।

## 9 ऋणदाता बैंकों के संघ को 950 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान

# ईडी ने की 322.55 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क

नई दिल्ली : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), गुरुग्राम जोनल कार्यालय ने मेसर्स सनस्टार ओवरसीज लिमिटेड और अन्य के मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, सोनीपत, अमृतसर और ग्रेटर नोएडा में स्थित 28.36 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को अनंतिम रूप से कुर्क किया है। ईडी ने सीबीआई, एसीबी, चंडीगढ़ की एफआईआर के आधार पर मेसर्स सनस्टार ओवरसीज लिमिटेड (एसओएल), इसके पूर्व निदेशकों रोहित अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, सुमित अग्रवाल और अन्य के खिलाफ आईपीसी, 1860 की विभिन्न धाराओं के तहत धोखाधड़ी, आपराधिक गबन, आपराधिक विश्वासघात एवं धोखाधड़ी के मामले की जांच शुरु की थी। जांच एजेंसी ने करूर व्यास बैंक के नेतृत्व में 9 ऋणदाता बैंकों के संघ को 950 करोड़ रुपये से अधिक का गलत नुकसान पहुंचाने




की जांच को भी इसमें शामिल किया था। ईडी की जांच से पता चला है कि एसओएल के पूर्व निदेशकों/प्रवर्तकों ने संबंधित/नियंत्रित/लाभकारी स्वामित्व वाली संस्थाओं, शेल इकाई और डमी इकाई के जाल के माध्यम से एसओएल द्वारा प्राप्त ऋण राशि को लूटा। जांच से यह भी पता चला है कि एसओएल के पूर्व निदेशकों/प्रवर्तकों ने (नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल) एनसीएलटी की कॉर्पोरेट दिवालियापन समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) कार्यवाही का दुरुपयोग करके वास्तविक और अप्रत्यक्ष नियंत्रण हासिल कर लिया।

जांच के दौरान, ईडी ने जनवरी 2024 में पीएमएलए की धारा 17 के तहत तलाशी ली और 1.19 करोड़ रुपये नकद और 226 ग्राम सोना जब्त किया। जुलाई, 2024 में, ईडी ने तीन प्रमुख व्यक्तियों राकेश गुलाटी (सीए), परमजीत शर्मा और अजय यादव (एसआरए) को पीएमएलए की धारा 19 के तहत पूर्व निदेशकों/प्रमोटरों के साथ ऋण राशि के षड्यंत्र और उपरोक्त डायवर्जन में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया था। इसके अलावा, ईडी ने अगस्त 2024 में इस मामले में 294 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्ति भी कुर्क की है, जिसकी पुष्टि एलडी एडजुडिकेटिंग अथॉरिटी (पीएमएलए) ने की है। निष्कर्षों के आधार पर, पिछले साल 29 अगस्त को पीएमएलए की धारा 44 और 45(1) के तहत अभियोजन शिकायत दर्ज की गई। इसका संज्ञान 25 सितंबर 2024 को दिल्ली के सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट, तीस हजारी कोर्ट के विशेष न्यायालय (पीएमएलए) द्वारा लिया गया।

आगे की जांच के दौरान, ईडी ने पता लगाया कि अपराध की अतिरिक्त आय को उसकी संबंधित इकाई- स्टार ट्रैक फास्टनर्स प्राइवेट लिमिटेड और पूर्व निदेशकों/प्रमोटरों और उनके परिवार के सदस्यों द्वारा अर्जित अन्य संपत्तियों द्वारा गबन और उपयोग किया जा रहा था, जिन्हें अब गिरवी रख दिया गया है। मामले में अब तक कुर्क की गई संपत्तियों का कुल मूल्य 322.55 करोड़ रुपये है।



## संक्षिप्त खबरें

### भरूच में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 48 पर मांडवा टोल प्लाजा से 1.27 करोड़ रुपये की विदेशी शराब जब्त

अहमदाबाद (ईएमएस)। भरूच में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 48 पर मांडवा टोल प्लाजा से 1.27 करोड़ रुपये की विदेशी शराब जब्त की गई है, भरूच क्राइम ब्रांच ने पूरे मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की है, शराब कहां से आई और किसे दी जानी थी, इस दिशा में भरूच क्राइम ब्रांच ने गहन जांच शुरू कर दी है। गुरुवार को भरूच क्राइम ब्रांच की टीम अंकलेश्वर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर गश्त पर थी। इसी दौरान सूचना मिली कि एक बंद बॉडी कंटेनर क्रमांक केए-17-एए-8799 अंग्रेजी शराब लेकर वडोदरा से सूरत जा रहा है, जिसके आधार पर पुलिस ने नेशनल हाईवे 48 पर मांडवा टोल प्लाजा के पास नाका लगाया हुआ था। इस दौरान कंटेनर आया और उसे रोककर जांच करने पर पता चला कि उसमें शराब है और पुलिस ने शराब की मात्रा को जब्त कर लिया। जब कंटेनर आया तो उसे रोककर जांच करने पर उसमें 1.27 करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत की 56,640 शराब की बोतलें और 10,000 रुपए कीमत का एक मोबाइल फोन और टाटा कंपनी का कंटेनर कुल 1,47,54,000 रुपए का माल मिला। आरोपी चालक जगदीश मानाराम बिश्नोई उम्र 33 साल, व्यवसायी चालक, निवासी कछवानिया की ढाणी दीपावत नगर, फतेह सागर, पीलवा गांव, ताल। लोहावट थाना लोहावट, राजस्थान को गिरफ्तार कर शराब भेजने वाले व प्राप्त करने वाले सहित 5 आरोपियों को पुलिस द्वारा वांछित घोषित कर कानूनी कार्यवाही की गई।

### एससीओ का गठन ही आतंकवाद के खिलाफ हुआ, इसका ही ज़िक्र नहीं

नई दिल्ली (ईएमएस)। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की हालिया रक्षा मंत्रियों की बैठक में भारत ने साझा बयान पर हस्ताक्षर नहीं किए। इस पर विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने स्पष्ट किया कि आतंकवाद का जिक्र हटाए जाने के कारण भारत ने हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया।

जयशंकर ने बताया, "एससीओ का गठन ही आतंकवाद से लड़ने के लिए हुआ था। उन्होंने कहा कि एक देश की आपत्ति के चलते जिक्र हटाया गया, आप सब समझ सकते हैं कि वह देश कौन है। इस मुद्दे पर जब आम सहमति नहीं बनी, तब भारत ने साझा दस्तावेज पर दस्तखत करने से इंकार किया।

आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में जयशंकर ने गांधी परिवार पर भी सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा, "आपातकाल इसलिए लगा क्योंकि एक परिवार के हितों को राष्ट्र से ऊपर रखा गया।" उन्होंने कहा कि इंदिरा और राजीव गांधी में से किसी ने भी इमरजेंसी के लिए आज तक माफी नहीं मांगी। यह बताता है कि वे संविधान का केवल दिखावा करते हैं, सम्मान नहीं। जब जयशंकर से आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबाले के बयान पर प्रतिक्रिया मांगी, इस पर जयशंकर ने कहा, "मैं सरकार का मंत्री हूं, इसलिए इस पर टिप्पणी करना उचित नहीं।" जयशंकर ने कहा कि हाल में हुए ऑपरेशन सिंधूर के बाद ऑल पार्टी प्रतिनिधिमंडल जिस एकता से बाहर गया, उससे दुनिया को स्पष्ट संदेश गया कि भारत आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा।

### भाषा विवाद पर 5 जुलाई को उद्धव-राज की संयुक्त रैली

मुंबई(ईएमएस)। महाराष्ट्र में हिंदी भाषा को लेकर जारी विवाद के बीच उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे 5 जुलाई को मुंबई में संयुक्त रैली निकालेंगे। इससे पहले उद्धव ने 6 जुलाई और मनसे प्रमुख ने 7 जुलाई को रैली निकालने का ऐलान किया था। उधर, एनसीपी (शरद गुट) चीफ शरद पवार ने भी ठाकरे भाइयों को समर्थन दिया है। पवार ने कहा- महाराष्ट्र में कक्षा 1 से हिंदी अनिवार्य नहीं की जानी चाहिए। अगर कोई नई भाषा शुरू की जानी है तो उसे कक्षा 5 के बाद ही शुरू किया जाना चाहिए। दरअसल, महाराष्ट्र सरकार ने इसी साल अप्रैल में हिंदी को तीसरी अनिवार्य भाषा बना दिया था। विरोध के बाद उन्होंने फैसले में बदलाव किया। कक्षा 1 से 5वीं तक पढ़ने वाले स्टूडेंट्स तीसरी भाषा के तौर पर हिंदी के अलावा भी दूसरी भारतीय भाषाएं चुन सकते हैं। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि महायुति सरकार का फैसला राज्य में लैंग्वेज इमरजेंसी घोषित करने जैसा है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी पार्टी हिंदी के भाषा के रूप में विरोध नहीं करती, लेकिन महाराष्ट्र में इसे थोपने के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि ऐसा करके महायुति अपनी राजनीति के लिए मराठी और हिंदी भाषी लोगों के बीच सद्भाव को जहर देना चाहती है।

### भारत में ही ठीक होगा फाइटर जेट एफ-35, ब्रिटेन से 40 इंजीनियरों की टीम आएगी

तिरुअनंतपुरम,(ईएमएस)। ब्रिटिश रॉयल नेवी का फाइटर जेट एफ-35 अब भारत में ठीक होगा। इसके लिए ब्रिटेन से 40 इंजीनियरों की टीम और 2 टो व्हीकल आएंगी। टीम फाइटर जेट में आ रही तकनीकी प्रॉब्लम को ठीक करेगी, जिसके बाद ब्रिटेन के लिए उड़ान भरेगा। फाइटर जेट की 14 जून की रात तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग हुई थी। लैंडिंग के बाद जेट में तकनीकी खराबी आ गई, जिसके कारण यह वापस नहीं जा सका। जेट 13 दिन से एयरपोर्ट पर ही खड़ा है।

918 करोड़ का यह विमान ब्रिटेन की रॉयल नेवी के एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स कैरियर स्ट्राइक ग्रुप का हिस्सा है। दुनिया भर में सबसे एडवांस्ड फाइटर जेट में से एक माना जाता है।

ब्रिटिश सेवा में लाइटनिंग के नाम से जाना जाने वाला एफ-35 मॉडल फाइटर जेट का शॉर्ट टेक ऑफ/वर्टिकल लैंडिंग वैरिएंट है जिसे शॉर्ट-फील्ड बेस और एयर कैपेबल जहाजों से ऑपरेट करने के लिए डिजाइन किया गया है। एफ-35बी पांचवीं पीढ़ी का एकमात्र लड़ाकू जेट है जिसमें छोटी उड़ान और वर्टिकल लैंडिंग की कैपेसिटी है। जो छोटे डेक, साधारण ठिकानों और जहाजों से संचालन के लिए आदर्श बनाती हैं। एफ-35बी को लॉकहीड मार्टिन कंपनी ने तैयार किया है। ये पेंटागन के इतिहास का सबसे महंगा विमान है।

### कुंभ हादसे का जिक्र कर आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट ने पूर्व सीएम रेड्डी को राहत दी

अमरावती,(ईएमएस)। आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी को गुंटूर में पार्टी प्रमुख की रैली के दौरान एक पार्टी समर्थक की मौत के मामले में अंतरिम राहत दी है। पूर्व सीएम को राहत देकर अदालत ने कहा, सभी सावधानियों के बावजूद, कुंभ मेले में भी हादसे होते रहे। दरअसल 18 जून को रैली के दौरान सतनापल्ले में पूर्व सीएम रेड्डी के काफिले में शामिल एक वाहन ने सी सिंगय्या (53) को कुचल दिया था, जिससे उनकी मौत हो गई।

### पुरी जगन्नाथ मंदिर की जाने तीसरी सीढ़ी का रहस्य

पुरी (ईएमएस)। पुरी का जगन्नाथ मंदिर हिंदू धर्म के चार पवित्र धामों में से एक और धरती पर बैकुंठ धाम का स्वरूप माना जाता है। यह मंदिर भगवान विष्णु के अवतार भगवान जगन्नाथ को समर्पित है। पुरी में स्थित यह मंदिर न केवल अपने धार्मिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि इससे जुड़ी अनेक रहस्यमयी मान्यताएं और कथाएं भी लोगों की आस्था को गहरा करती है। लेकिन इस मंदिर से जुड़ा एक ऐसा रहस्य है, जिसके बारे में लोगों को कम पाता हैं। यह रहस्य है मंदिर की तीसरी सीढ़ी का, जिसे 'यम शिला' कहा जाता है। जगन्नाथ मंदिर में प्रवेश के लिए कुल 22 सीढ़ियां हैं। इन सीढ़ियों में नीचे से तीसरी सीढ़ी को खास माना गया है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस सीढ़ी पर मृत्यु के देवता यमराज का निवास है। पौराणिक कथा के अनुसार, एक बार यमराज ने देखा कि भगवान जगन्नाथ के दर्शन मात्र से भक्तों के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं, तब वे भगवान जगन्नाथ से मिलने पुरी पहुंचे। और उन्होंने भगवान से कहा कि लोग आपके दर्शन मात्र से ही भक्त मोक्ष प्राप्त कर लेते हैं और कोई भी अब यमलोक नहीं आता है।

इस पर भगवान जगन्नाथ ने यमराज से कहा, "तुम मंदिर के मुख्य द्वार की तीसरी सीढ़ी पर अपना स्थान ग्रहण कर लो। अब जो भक्त मेरे दर्शन के बाद सीढ़ी पर पैर रखेगा, वह पापों से मुक्त हो जाएगा, लेकिन यमलोक भी जाएगा। यही सीढ़ी यमशिला के नाम से जानी जाती है। कहते हैं कि इस तीसरी सीढ़ी का रंग बाकी सीढ़ियों से अलग है। यह काली रंग की सीढ़ी है, ताकि भक्त आसानी से पहचान सकें।

ऐतिहासिक जगन्नाथ मंदिर में रथयात्रा के पावन अवसर पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब

# निकली ऐतिहासिक रथयात्रा, पूरा क्षेत्र हुआ भक्तिभाव ऊर्जा से सराबोर

रांची : धुर्वा स्थित ऐतिहासिक जगन्नाथ मंदिर में शुक्रवार को रथयात्रा के पावन अवसर पर आस्था का अद्भुत जनसैलाब उमड़ा. भगवान जगन्नाथ, उनके भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की भव्य रथयात्रा मंदिर परिसर से विधिपूर्वक निकाली गई. रथ खींचने और भगवान के दर्शन के लिए हजारों श्रद्धालु मंदिर पहुंचे, जिससे पूरा बड़कागढ़ क्षेत्र भक्तिभाव और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो उठा.

सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी थी. जैसे ही निर्धारित समय पर मंदिर के पट खोले गए, दोपहर बाद सबसे पहले भगवान गरुड़ की प्रतिमा को मंदिर से बाहर लाया गया. इसके बाद विशेष विधि-विधान के साथ भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ को पुजारियों द्वारा बाहर लाया गया.

ढोल-नगाड़ों, भेर और शंखध्वनि के बीच तीनों विग्रहों को भक्तों के जयघोष के साथ रथ पर विधिपूर्वक विराजमान कराया गया. मंदिर से लगभग 200 मीटर दूर एक विशाल रथ खड़ा था, जहां भक्तों की जय-जयकार और पारंपरिक संगीत की गूंज के बीच भगवान की प्रतिमाओं को रथ तक ले जाकर स्थापित किया गया. वहां लगभग एक घंटे तक मंत्रोच्चार और विशेष पूजन हुआ. इसके बाद जैसे ही रथयात्रा प्रारंभ हुई, 'जय जगन्नाथ' के नारों से आकाश गूंज उठा और हजारों श्रद्धालु मौसीबाड़ी की ओर कूच कर गए. रथ खींचने को लेकर भक्तों में विशेष उत्साह देखा गया. कई श्रद्धालु नंगे पांव रथ खींचते नजर आए. यात्रा मार्ग में जगह-जगह सेवा शिविर लगाए गए थे. जहां श्रद्धालुओं के लिए जल, शरबत और प्रसाद वितरित किया गया. मौसीबाड़ी पहुंचने पर भगवान का स्वागत विशेष पूजा-अर्चना और आरती के साथ किया गया. यहां तीनों विग्रह एक सप्ताह तक विश्राम करेंगे और फिर आगामी 6 जुलाई को पुनः मंदिर लौटेंगे.



## गुजरात के वलसाड जिले में दरोथा नदी पर बुलेट ट्रेन के रिवर ब्रिज के पूरा होने का ऐलान

अहमदाबाद (ईएमएस)। महत्वाकांक्षी मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना ने एक और बड़ा मुकाम हासिल कर लिया है, नेशनल हाई-स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ओर से गुजरात के वलसाड जिले में दरोथा नदी पर रिवर ब्रिज के पूरा होने का ऐलान किया गया है। भारतीय रेलवे ने भी इस कामयाबी को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जानकारी दी है। रेलवे ने अपने पोस्ट में कहा, "मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए गुजरात के वलसाड में दारोथा नदी पर रिवर ब्रिज का काम पूरा हो गया है। 40-40 मीटर के 2 एसबीएस गर्डरों के साथ 80 मीटर तक फैला यह पुल बोईसर और वापी स्टेशनों के बीच 18 मीटर ऊंचे, 5 मीटर चौड़े गोलाकार खंभे पर खड़ा है। यह ब्रिज इंजीनियरिंग क्षेत्र में हाई-स्पीड रेल नेटवर्क के लिए जटिल बुनियादी ढांचा प्रदान करने में भारत की बढ़ती क्षमता को दर्शाता है। दारोथा रिवर ब्रिज का पूरा होना प्रोजेक्ट के सिविल वर्क सेगमेंट में तरक्की को भी दिखाता है, जिसमें पुल, सुरंग और स्टेशन के बुनियादी ढांचे का निर्माण भी शामिल है। बुलेट ट्रेन स्टेशन के लिए वापी में अहम संरचनात्मक काम पहले ही पूरे कर लिए गए हैं। संरचनात्मक स्टील निर्माण के साथ-साथ रेल और प्लेटफॉर्म दोनों लेवल पर स्लैब कास्टिंग का काम पूरा हो चुका है। अभी यहां पर छत की शीटिंग और बिजली के इंस्टॉलेशन का काम अभी चल रहा है। अहमदाबाद की ओर जाने वाला एप्रोच वायडक्ट बन चुका है, जबकि मुंबई की ओर यह काम तेजी से चल रहा है।



स्पीड को ध्यान में रखकर डिजाइन किए गए इस स्टेशन में अत्याधुनिक सुविधाएं होंगी, जिनमें बिजनेस लाउंज, नर्सरी, लिफ्ट और एस्केलेटर आदि शामिल किए गए हैं। इसे खास योजना के साथ बनाया जा रहा है। यह वापी शहर के जंक्शन, बस स्टॉप और औद्योगिक क्षेत्र से अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। इस बीच, महाराष्ट्र के बोइसर बुलेट ट्रेन स्टेशन के निर्माण में तेजी आ गई है। यहां पर ट्रैक बिछाने के लिए पहले बेस स्लैब की ढलाई के साथ एक अहम कदम उठाया गया है, जिसकी चौड़ाई 40 मीटर और लंबाई 37 मीटर है, और इसके लिए 1070 क्यूबिक मीटर कंक्रीट का इस्तेमाल किया गया है।

### महाराष्ट्र के सांसद के ड्राइवर को 150 करोड़ रुपये की जमीन किसने गिफ्ट की?, चल रही जांच

मुंबई, (ईएमएस)। शिवसेना सांसद संदीपान भूमरे के ड्राइवर के नाम पर 150 करोड़ रुपये की जमीन छत्रपती संभाजीनगर (औरंगाबाद) में रजिस्टर्ड की गई है। इसे गिफ्ट सर्टिफिकेट के तौर पर रजिस्टर्ड किया गया है, जिसे लेकर अब राजनीतिक गलियारों में चर्चा हो रही है। सांसद के ड्राइवर के नाम पर इतनी बड़ी जमीन आखिर क्यों रजिस्टर्ड होगी? रजिस्टर्ड जमीन किसी आम परिवार की नहीं बल्कि सालार जंग परिवार की है, जो कभी हैदराबाद का दीवान हुआ करता था। अब इस मामले की जांच महाराष्ट्र की आर्थिक अपराध शाखा ने अपने हाथ में ले ली है और सांसद के ड्राइवर के सालार जंग परिवार से संबंधों की जांच शुरू हो गई है। खबर है कि ड्राइवर जावेद रसूल शेख पिछले 13 सालों से सांसद संदीपान भूमरे और उनके बेटे विलास भूमरे की गाड़ी चला रहा है। इस मामले पर ड्राइवर जावेद रसूल शेख ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उसने कहा, मैं पुलिस के साथ पूरा सहयोग कर रहा हूं। सूत्रों के मुताबिक जावेद रसूल ने कहा कि उनके सालार जंग परिवार से बहुत अच्छे संबंध हैं। इसीलिए उन्होंने मुझे यह जमीन इनाम के तौर पर दी है। यह जमीन जालना रोड पर दाऊदपुरा इलाके में स्थित है, जो काफी महत्वपूर्ण जगह है। खबर है कि महाराष्ट्र के परभणी के एक वकील ने इस लेन-देन को लेकर सवाल उठाए थे और उसके बाद समन जारी किया गया है। वकीलों ने कहा कि कोई ड्राइवर को इतनी महंगी और अच्छी लोकेशन वाली जमीन क्यों गिफ्ट करेगा? ऐसे में इस इनाम वाली जमीन की जांच होनी चाहिए। पुलिस ने इस मामले में जानकारी जुटाने के लिए सालार जंग परिवार के मीर मजहर अली खान और 6 अन्य सदस्यों से संपर्क किया है।

## के अन्नामलाई के मुरीद हुए बीजेपी के चाणक्य शाह जल्द ही राष्ट्रीय भूमिका में दिखाने के दिए संकेत

#### 2026 में तमिलनाडु में एनडीए की सरकार बनेगी

चेन्नई,(ईएमएस)। दक्षिण के सबसे बड़े राज्य तमिलनाडु में अगले साल विधानसभा चुनाव हैं। विपक्षी गुट में अभी से तैयारियां चल रही हैं। बीजेपी नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने साफ किया कि बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई जल्द ही राष्ट्रीय भूमिका में दिखाने वाले है। साथ ही वे तमिलनाडु में भी अहम जिम्मेदारी निभाएंगे।

केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने दावा किया कि 2026 में एनडीए तमिलनाडु में सरकार बनाएगी और बीजेपी सक्रिय भूमिका निभाएगी। इंटरव्यू में शाह ने कहा, तमिलनाडु के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अन्नामलाई को बीजेपी में राष्ट्रीय स्तर की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। साथ ही वे तमिलनाडु की राजनीति में भी एक अहम भूमिका निभाने वाले है। शाह ने साफ किया कि अन्नामलाई सिर्फ राज्य तक सीमित नहीं रहने वाले हैं, बल्कि पार्टी उनकी संगठनात्मक क्षमताओं का उपयोग राष्ट्रीय स्तर पर भी करेगी। उन्होंने अन्नामलाई के नेतृत्व की सराहना कर कहा, तमिलनाडु बीजेपी अध्यक्ष के रूप में अन्नामलाई ने सराहनीय कार्य किया है। पार्टी उनके संगठनात्मक कौशल को राष्ट्रीय ढांचे में इस्तेमाल करेगी।

बात दें कि यह पहला मौका नहीं है, जब शाह ने अन्नामलाई को बड़ी भूमिका देने के संकेत दिए। अप्रैल में जब अन्नामलाई ने प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया था और नैनार नागेंद्रन को नया प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था, तब भी बीजेपी के चाणक्य शाह ने अन्नामलाई के कार्यकाल की प्रशंसा कर कहा था कि अन्नामलाई ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में अहम योगदान निभाया है। शाह ने हालिया इंटरव्यू में कहा, 2026 के विधानसभा चुनाव के नतीजे आएंगे, तब तमिलनाडु में बीजेपी और एआईएडीएमके की गठबंधन वाली एनडीए सरकार बनेगी। उन्होंने भरोसा जताया कि मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार एआईएडीएमके से होगा। हालांकि, उन्होंने एआईएडीएमके महासचिव ई. पलानीस्वामी (ईपीएस) का नाम नहीं लिया।

शाह के ये बयान राजनीतिक दृष्टिकोण से बेहद अहम हैं।

## देश में पहली बार तैयार किया जा रहा है री-यूज वॉटर पोर्टल

#### इन्दौर में हुई उपयोगित जल प्रबंधन पर कार्यशाला

इन्दौर (ईएमएस)। अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवास संजय शुक्ला ने कहा है कि भारत में पहली बार री-यूज वॉटर पोर्टल का निर्माण किया जा रहा है, जो प्रदेश में जल संरक्षण और पुनः उपयोग की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या के समाधान के लिये ज्ञान, संसाधन और इच्छा-शक्ति तीनों का होना आवश्यक है। प्रमुख सचिव शुक्ला शुक्रवार को इन्दौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला और जल संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि नगरीय सेवाओं में कार्य करना एक चुनौती है, जिसमें समर्पण के साथ तकनीकी और प्रशासनिक दक्षता की आवश्यकता होती है। उन्होंने उम्मीद जाहिर की कि इन्दौर की कार्यशाला में प्राप्त निष्कर्षों का क्रियान्वयन इन्दौर के साथ-साथ प्रदेश के अन्य नगरीय क्षेत्रों में श्रेष्ठ नवाचार के रूप में पहचाना जायेगा। आयुक्त नगरीय विकास एवं प्रशासन संकेत भोंडवे ने बताया कि जल प्रबंधन के लिये 3 सिद्धांत री-यूज, रीड्यूज और री-साइकल पर आधारित रणनीति अपनायी जा रही है। जिस तरह इन्दौर ने स्वच्छता के क्षेत्र में अपना नाम देशभर में स्वच्छता के श्रेष्ठ मॉडल के रूप में स्थापित किया है, उसी तरह इस कार्यशाला के विचार-विमर्श के बाद नवाचार के माध्यम से इन्दौर उपयोगित जल प्रबंधन पर अन्य शहरों के लिये अनुकरणीय मॉडल प्रस्तुत करेगा। उन्होंने प्रदेश में नगरीय क्षेत्रों में जल गंगा संवर्धन अभियान में किये गये कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम को कलेक्टर इन्दौर आशीष सिंह और नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने भी संबोधित किया। तकनीकी सत्र में सीएसआईएस के डॉ. राजेश बीनीवाले, नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर के डॉ. शैलेश खरकवाल, आईआईटी रुड़की के प्रो. संजेश प्रजापति, प्रो. राजेश गुप्ता और सीएसई की सुश्री चक्रवर्ती ने उपयोगित जल के उचित प्रबंधन के संबंध में विचार व्यक्त किये।

## मध्य प्रदेश भविष्य के लिए अरूणाचल प्रदेश से लेगा 252 मेगावाट बिजली

दोनों राज्यों के बीच हुआ समझौता ; मुख्यमंत्री यादव की उपस्थिति में हुए अनुबंध पर हस्ताक्षर



इन्दौर (ईएमएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में मुख्यमंत्री निवास के समत्व भवन में शुक्रवार को केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा आवंटित 252 मेगावाट विद्युत क्रय अनुबंध पर एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी (एमपीपीसीएल) और एनएचपीसी के मध्य हस्ताक्षर हुए और एमओयू का आदान-प्रदान किया गया। अनुबंध के आधार पर एनएचपीसी की अरुणाचल प्रदेश के लोअर दि बांग वैली जिले में स्थित बहुउद्देशीय जल विद्युत परियोजना से मध्यप्रदेश को केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा आवंटित 252 मेगावाट विद्युत मिलेगी। विद्युत क्रय अनुबंध (पीपीए) पर एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक राकेश ठुकराल और एनएचपीसी के महाप्रबंधक ओंकार यादव ने हस्ताक्षर किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अनुबंध को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि भविष्य की मांग को देखते हुए पारम्परिक ऊर्जा स्त्रोतों के अलावा विभिन्न नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों से भी विद्युत क्रय अनुबंध आवश्यक हैं। मध्यप्रदेश कृषि प्रधान राज्य है। मध्यप्रदेश में घरेलू और औद्योगिक आवश्यकताओं के साथ ही कृषि क्षेत्र में बिजली की खपत निरंतर बढ़ रही है। ऐसे में भविष्य की जरूरत का आकलन भी किया जा रहा है। इस नाते आने वाले वर्षों में विद्युत की मांग में वृद्धि की संभावनाओं को देखते हुए अरुणाचल प्रदेश से विद्युत क्रय करने का निर्णय लिया गया।

#### लगातार बढ़ती विद्युत मांग

मध्यप्रदेश मेंऔद्योगिक एवं कृषि क्षेत्रों में विद्युत खपत में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है। वर्तमान विद्युत मांग में वृद्धि के दृष्टिगत यह आकलन किया जा रहा है कि चालू वित्तीय वर्ष के अंत तक मांग 20,000 मेगावाट हो सकती है। इस मांग में आने वाले वर्षों में लगातार बढ़ोत्तरी भी होगी।

#### कहां स्थित है बहुउद्देश्यीय जल विद्युत परियोजना

अरुणाचल प्रदेश में डिवांग नदी पर एक बड़ी बहुउद्देश्यीय जलविद्युत परियोजना विकसित की जा रही है। इस परियोजना का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके वित्तीय वर्ष 2031-32 तक पूर्ण होकर चालू होने की संभावना है। इस परियोजना से प्राप्त विद्युत रबी के महीनों में अधिकतम मांग की अवधि के दौरान 3 घंटे से अधिक और शेष समय में लगभग 9 से 19 घंटे तक की मांग को पूरा करने में सहायता करेगी। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मंडलोई, एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के प्रबंध संचालक अविनाश लवानिया, एनएचडीसी के प्रबंध संचालक राजीव जैन उपस्थित थे।

### निर्वाचन आयोग ने की 345 पंजीकृत गैर मान्यता प्राप्त दलों की मान्यता समाप्त कर सूची से बाहर करने की तैयारी

नई दिल्ली,(ईएमएस) भारत के निर्वाचन आयोग ने 345 पंजीकृत गैर मान्यता प्राप्त दलों की मान्यता समाप्त कर उन्हें सूची से बाहर करने की तैयारी है। जिन दलों की मान्यता समाप्त करने की तैयारी है। उन्होंने पिछले 6 वर्षों से कभी भी अपने उम्मीदवार खड़े नहीं किये। जिसके कारण निर्वाचन आयोग ने यह कार्रवाई की है। 2022 में केंद्रीय चुनाव आयोग ने 196 दलों का पंजीयन निरस्त किया था। 345 और राजनीतिक दलों की मान्यता समाप्त करने के बाद, केंद्रीय निर्वाचन आयोग की सूची में 2482 गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल पंजीकृत हैं। जिन राजनीतिक दलों ने नियमों का पालन नहीं किया है। उन्हें चुनाव आयोग ने नोटिस जारी किए हैं। पंजीकृत राजनीतिक दलों को आयकर में छूट देने का प्रावधान है।

पूर्व मध्य रेल

शुद्धि पत्र

शुद्धि पत्र सं. डब्लयु 584 / ई–टेंडरिंग / 112–113–DHN–2025–26 : धनबाद, दिनांक 25.06.2025

यह पुनः सूचित किया जाता है कि ई–निविदा सं.112–DHN–2025–26 और सं.113–DHN–2025–26 दिनांक 13.06.2025 में ई–निविदा बंद होने की तारीख को 07.07.2025 को 12:00 बजे तक के बदले **में 08.07.2025 को 12:00 बजे** तक पढ़ा जाये। ई–निविदा सं. 112–113–DHN–2025–26 दिनांक 13.06.2025 में दर्शायी गयी अन्य विवरण, नियम एवं शर्तों में कोई बदलाव नहीं होगी।

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण), धनबाद

पीआर/0491/डीएचएन/ईएनजीजी./सी/25-26/20

पूर्व मध्य रेल

खुली ई–नीलामी

धनबाद मंडल धनबाद, दिनांक: 25.06.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्यिक), पूर्व मध्य धनबाद, अनुबंध प्रदान करने के लिए वेबसाइट **www.IREPS.gov.in** के माध्यम से **IREPS** पोर्टल पर ओपन ई–नीलामी आमंत्रित करते है। विवरण निम्नानुसार है:

**क्रम सं०** i , (1) **ई–नीलामी सूची:** ii पार्किंग, **ई–नीलामी सूची सं.:** iii पार्किंग–59–25, **ई. नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरण:** iv 09.07.2025 13.00 बजे से, **कार्य का विवरण एवं स्टेशन का नाम:** v तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए धनबाद स्टेशन पर पेट्रोल पंप के पीछे दोपहिया वाहन का पार्किंग स्टैंड।

सभी संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे पूर्ण विवरण के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें और उपर्युक्त ई.नीलामी में कॉलम संख्या iv में दिए गए कार्यक्रम के अनुसार भाग लें।

रेल प्रशासन के पास किसी/समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

स०वा०प्र०
मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)
पूर्व मध्य रेल/धनबाद

पीआर/0486/डीएचएन/सीओएमएमएल/ईएएन/25–26/36

## संक्षिप्त ख़बरें

### विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर विधायक से मिले

दुमकाः सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका के शिक्षक प्रतिनिधिमंडल ने डॉ लुईस मरांडी, जामा विधायक से भेंट कर विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में कार्यरत 2008 बैच के बहुप्रतिक्षित प्रोन्नति में अनावश्यक विलंब के विषय से अवगत एवं अनुरोध किया की आप हमारी आवाज को हर संभव प्राधिकार/ संस्थान के समक्ष प्रस्तुत कर हम सभी शिक्षकों के न्यायोचित मांग को पुरा करने में मदद करें। विधायक ने शिक्षक मंडल को हर संभव मदद करने का वचन दिया एवं बैठक सार्थक रही इस विषय के आलोक में एक माँग पत्र भी उन्हे समर्पित किया गया।शिक्षक प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से डॉ सुजीत कुमार सोरेन, डॉ निर्मला त्रिपाठी, डॉ ईश्वर मरांडी, डॉ राजीव रंजन, डॉ सुतानु लाल बोंड्या, डॉ रंजना त्रिपाठी, डॉ सतोष सिंह, डॉ राजीव केरकेट्टा, डॉ स्वतंत्र सिंह, डॉ मेरी मार्गरेट टुडू, डॉ पूनम बीझा सम्मिलित हुए।

### इटावा में कथावाचक से दुर्व्यवहार की घटना के विरोध में उपायुक्त को ज्ञापन सौंपेंगे यादव महासभा

दुमका। उत्तर प्रदेश के इटावा में यादव समुदाय के भागवत कथावाचक गण के साथ हुए जातिगत भेदभाव और दुर्व्यवहार का प्रांतीय यादव महासभा झारखंड जिला दुमका ने कड़ी निंदा किया है। महासभा के प्रदेश महासचिव सह संताल परगना प्रभारी डॉ अमरेंद्र कुमार यादव ने कहा कि इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कार्यवाही करना चाहिए ताकि पीड़ित व्यक्तियों को न्याय मिल सके और भारत के प्रत्येक नागरिक को बिना किसी जातिगत भेदभाव के सम्मान और गरिमा के साथ जीने का अधिकार सुनिश्चित हो सके। इस बाबत शनिवार को संताल परगना के सभी जिलों में महासभा के पदाधिकारियों के द्वारा उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति महोदय को ज्ञापन भेजेंगे। दुमका में शनिवार को 1 बजे दिन में उपायुक्त दुमका को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### निर्माणाधीन पीसीसी सड़क की गुणवत्ता व पार्दर्शिता पर उठ रहे गंभीर सवाल

दुमकाःमसलिया प्रखंड क्षेत्र के गुमरो पंचायत अंतर्गत सितपहाड़ी से खिल तक निर्माणाधीन करीब 800 मीटर लंबी पीसीसी सड़क निर्माण में घोर अनियमितता बरतने का मामला सामने आया है। लाखों की लागत से एनआरईपी दुमका से किए जा रहे इस कार्य में न तो कार्यस्थल पर प्राक्कलन बोर्ड लगाया गया है और न ही निर्धारित मानकों का पालन हो रहा है।ग्रामीणों के अनुसार सड़क निर्माण में बी-75 ग्रेड के चिमनी ईंट की जगह लोकल भट्ठे का सामान्य ईंट और फिनिशिंग ईंट का उपयोग किया जा रहा है, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। साथ ही मजदूरों से सात घंटे कार्य लेकर भी उन्हें सिर्फ 300 रुपये प्रतिदिन मजदूरी दी जा रही है, जो श्रम कानूनों के विरुद्ध है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह सड़क वर्षों से लंबित थी और आजादी के बाद पहली बार इसका निर्माण हो रहा है। लेकिन शुरुआत से ही इसमें लापरवाही और अनियमितता देखने को मिल रही है। कार्य का जिम्मा संवेदक दाऊत मियां को दिया गया है, जिन पर घटिया निर्माण सामग्री उपयोग करने का आरोप है। मामले में एनआरईपी के कनीय अभियंता विजय कुमार ने कहा कि चिमनी ईंट की जगह अगर बंगला या लोकल ईंट का उपयोग हुआ है, तो जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी सूरत में मानकों से समझौता नहीं किया जाएगा। कार्यस्थल पर बोर्ड नहीं लगाया जाना निर्माण में पारदर्शिता की कमी को दर्शाता है। ग्रामीणों ने विभाग से जांच कर संवेदक पर कार्रवाई की मांग की है।

### बैशाखी कुल्ही कीर्तन पारंपरिक रीति रिवाजों व धार्मिक विधियों के साथ सम्पन्न

दुमकाःमसलिया प्रखंड के ग्राम पंचायत गुमरो अंतर्गत टोला पारबाद में आयोजित बैशाखी कुल्ही कीर्तन का शुक्रवार को पारंपरिक रीति-रिवाजों और धार्मिक विधियों के साथ समापन किया गया। समापन से पूर्व कीर्तन दल ने भजन कीर्तन करते हुए पूरे गांव का भ्रमण किया।इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने बताया कि यह धार्मिक परंपरा हर वर्ष बंग्ला बैशाख माह में संध्या काल में आयोजित की जाती है, जिसमें गांव के श्रद्धालु ढोल, मंजीरा, करताल जैसे वाद्य यंत्रों के साथ भगवान के भजन गाते हुए पूरे ग्राम का भ्रमण करते हैं। परंपरा के अनुसार माह के अंत में एक विशेष दिन का चयन कर गांव के मध्य स्थित माँ विपततारिणी थान से कीर्तन प्रारंभ होता है, जो पूरे गांव का भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर में आकर समाप्त होता है। समापन के दिन पंडित के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन, यज्ञ और पूर्णाहुति की गई। इसके पश्चात प्रसाद वितरण कर बैशाखी कीर्तन का विधिवत समापन किया गया। श्रद्धालुओं में लखन रजक, जयदेव महतो, संतोष रजक, राजू सिंह, कांग्रेस सिंह, बनवारी सिंह आदि प्रमुख रूप से शामिल थे। ग्रामवासियों ने बताया कि किसी कारणवश यह परंपरा पिछले वर्ष आयोजित नहीं हो सकी थी, जिसे इस वर्ष श्रद्धा और पूर्ण विधि-विधान के साथ संपन्न कराया गया। ग्रामीणों में आयोजन को लेकर गहरी आस्था और उत्साह देखा गया।

### बासुकिनाथ मंदिर के ठाकुरबाड़ी से धूमधाम से निकाली गई भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा



दुमकाःशुक्रवार को प्रसिद्ध बाबा बासुकिनाथ मंदिर परिसर स्थित ठाकुरबाड़ी से भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा निकली। भगवान श्रीकृष्ण श्री राधारानी के साथ भव्य रुप से निर्मित रथ पर सवार होकर गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण को निकले।रथयात्रा में दर्जनों श्रद्धालु सहित बासुकिनाथ मंदिर के तीर्थपुरोहितों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। भगवान जगन्नाथ की एक झलक पाने और प्रसाद ग्रहण करने को लेकर सैकड़ों नगर निवासी रथयात्रा मार्ग में खड़े होकर रथ में सवार भगवान के दर्शन पाने को आतुर दिखे। नगर भ्रमण के बाद भगवान श्रीकृष्ण अपने निज मंदिर ठाकुरबाड़ी में वापस लौट गए।

# बेउर जेल में बनी थी आस्था ज्वेलर्स में डकैती की योजना

## मास्टरमाइंड अविनाश श्रीवास्तव करता है जेल के भीतर से खेल, बोकारो पुलिस ने किया खुलासा

बोकारो। जिले के प्रमुख व्यवसायिक मंडी के रूप में विख्यात उपशहर चास के बेहद ही भीड़ भाड़ वाले इलाके बाईपास रोड में अवस्थित आस्था ज्वेलर्स में बीते मंगलवार की सरेशाम चार हथियार बंद बेखौफ़ बदमाशों द्वारा दी गयी सनसनीखेज डकैती कांड की पूरी प्लानिंग पटना के बेउर जेल में बनी थी। जहां कुख्यात बदमाश अविनाश श्रीवास्तव बंद है और वहीं से इस तरह की वारदातों को अंजाम देने की कार्य योजना तैयार करता है और उसके गुर्गे इसे अंजाम देते हैं। इस बात का खुलासा यहां बोकारो पुलिस के स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम के हत्थे चढ़े बदमाशों ने यहां बोकारो पुलिस के समक्ष किया है। 19 से 23 साल की आयु वर्ग के कुल 6 अपराधियों जिन्होंने अपने आका के कहने पर इस पूरी घटना को सरे शाम अंजाम दिया था। इन लोगों ने पुलिस के समक्ष पूरे प्लानिंग का खुलासा करते हुए बताया कि पटना के बेउर जेल लूट की इस योजना के बनने के बाद सभी अपराधी कार से पश्चिम बंगाल के पुरूलिया आए और वहां एक होटल में रूकने के बाद दूसरे दिन चास के आई टी आई मोड़ पहुंचे और फिर वहीं से दो बाइक पर सवार चार अपराधी बाइपास रोड चास स्थित आस्था ज्वेलर्स पहुंचे और दुकान के संचालक जितेन्द्र कुमार गुप्ता को हथियार के बल पर अपने कब्जे में लेकर वहां रखे लगभग डेढ़ करोड़ रुपये के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया और चलते बने।बताते है कि शहर के बेहद ही भीड़ भाड़ वाले इलाके में हुयी ऐसी वारदात ने सबको हिलाकर रख दिया। सूचना मिलते ही चास पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी खंगालने के साथ अपराधियों के पीछे लग गयी। जिले के पुलिस कप्तान हरविंदर सिंह ने भी इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक एस आई टी का गठन कर संबंधित सभी पुलिस अधिकारियों को मामले के शीघ्र उद्भेदन का निर्देश दिया। इसके फौरन बाद संबंधित पुलिस के अधिकारियों ने आसपास के सभी चेक नाका को बंद करने के साथ ही आसपास के जिलों सहित पड़ोसी राज्य बिहार के पुलिस से भी सम्पर्क साधा और इसमें मदद मांगी। जिसके बाद पटना एसटीएफ भी इसे लेकर एक्शन में आयी। नतीजा यह हुआ कि घटना के 24 घंटे के भीतर ही पटना एसटीएफ ने इस कांड में वांछित कुल 6 अपराधियों को एक कार के साथ गिरफ्तार कर लिया। जिनके पास से पुलिस ने लूटे गये कुल 23 सोने की अंगूठी, 6 सोने का मंगलसूत्र, एक सोने का ब्रेसलेट और नकद कुल 13820 रूपये बरामद किए। इसके साथ ही पटना एसटीएफ ने बोकारो एसटीएफ से सम्पर्क साधा और उनके साथ अपराधियों के गिरफ्तारी की सूचना साझा की। जिसके बाद बोकारो एसटीएफ के अधिकारी पटना के लिए रवाना हुए।बताया जा रहा है कि बोकारो एसटीएफ ने जब आरोपियों को अपने कब्जे में लिया। और उनसे कड़ाई से पुछताछ आरंभ की। तब उन सभी बातों का खुलासा हुए। जिसे चास के एसडीपीओ ने मीडिया के साथ साझा किया। पुलिस के मुताबिक पकड़े गये सभी आरोपी पटना और उसके आसपास के जिलों के हैं। और पटना के बेउर जेल में बंद अपने आका अविनाश श्रीवास्तव के कहने पर ऐसी वारदातों को अंजाम देते हैं। आरोपियों ने पुलिस को घटना की सिलसिलेवार ढंग से जानकारी भी दी। जिसके बाद पुलिस अब आगे की कार्रवाईयों में जुट गयी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पकड़े गए अपराधियों में लगभग सभी आदतन अपराधी है। और बिहार के कई जिलों के थानों में इनके अपराध की फेहरिस्त टंगी हुई है। पकड़े गये एक आरोपी राहुल ने बोकारो पुलिस के समक्ष यह भी कुबूला की चास की घटना को अंजाम देने के पहले उसने पेटरवार में भी एक दुकान में डकैती की घटना को अंजाम दिया था और वहां से 5 लाख की लूट की है। बोकारो पुलिस अब इस मामले में और भी साक्ष्य एकत्र कर मामले को दमदार ढंग से न्यायालय में प्रस्तुत करने की तैयारी में जुट गयी है।बताया जा रहा है कि बोकारो पुलिस द्वारा अंजाम दी गयी इन कार्रवाईयों की वजह से जिले के व्यवसायियों में भी संतोष देखा जा रहा है।

### चोरों ने उड़ायी शहर वासियों की नींद, ताबड़तोड़ दे रहे चोरी की वारदातों को अंजाम

हालांकि इसी के साथ बोकारो शहर और इसके आसपास के गांव गिराम में चोरों द्वारा दी जा रही चोरी की लगातार घटनाओं ने लोगों की नींद उड़ा दी है। पिछले एक पखवाड़े में ही चोरों ने लगभग दर्जन भर से अधिक घरों का ताला तोड़कर वहां चोरी की वारदातों को अंजाम दिया। और वहां से लाखों रूपये की संपत्ति लूट कर चलते बने। अभी परसो ही शहर के सेक्टर 12 थाना इलाके में सेक्टर 12 ई के एक बंद आवास का ताला तोड़कर वहां से 2.60 रूपये के जेवरात सहित अन्य सामानों पर हाथ साफ कर दिया और चलते बने। घटना के वक्त गृहस्वामी सुजीत कुमार शहर से बाहर रहनेवाली अपनी बहन के यहां किसी कार्यक्रम में शामिल होने गये थे। यहां चोरों ने घर के मुख्य द्वार पर लगे लॉक को काटकर घर के भीतर प्रवेश किया और वहां आलमीरा तोड़ कर उसमें रखे लगभग 2.60 लाख रूपये के सोने के जेवरात सहित अन्य सामानों पर हाथ साफ कर दिया। इससे पूर्व भी शहर और इसके आसपास के गांव में दर्जन भर से भी अधिक घरों में चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। मगर किसी भी मामले में पुलिस को कोई भी सफलता अबतक हाथ नही लगी है ना ही किसी चोर गिरोह का पुलिस को कोई सुराग मिला है।

# दुमका में इस्कॉन द्वारा पहली बार भगवान श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा का भव्य आयोजन

### एक आध्यात्मिक ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनी उपराजधानी दुमका की धरती



दुमकाःदुमका की पावन धरती शुक्रवार को एक आध्यात्मिक ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनी। दुमका में इस्कॉन द्वारा पहली बार भगवान श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। यह यात्रा गिलानपाड़ा स्थित श्री राधा माधव मंदिर से आरंभ हुई, अवसर पर सुबह से ही श्रद्धा और उल्लास से भरे सैकड़ों श्रद्धालु एकत्रित हुए।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अनुमंडल कौशल किशोर उपस्थित रहे। उनके साथ डीएलओ बिनोद कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी विशाल कुमार, बीडीओ उमेश कुमार, सीओ अमर कुमार, वरिष्ठ अधिवक्ता चंडी बनर्जी, एसके मेडिकल कॉलेज की निदेशक मीरा चौधरी तथा समाजसेविका शिखा आनंद समेत अनेक विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे। इस्कॉन के सत्यवाक प्रभुजी के नेतृत्व में सभी अतिथियों का पारंपरिक स्वागत कर उन्हें वैदिक वस्त्र भेंट किए गए।दोपहर 1 बजे “हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे, जय जगन्नाथ! के घोष से रथ यात्रा प्रारंभ हुई। नृत्य, भजन और हरिनाम संकीर्तन करते हुए श्रद्धालुओं ने रथ खींचा और नगर को भक्ति में डुबो दिया। यात्रा गिलानपाड़ा से प्रारंभ होकर वीर कुंवर सिंह चौक, टीन बाजार, विवेकानंद चौक होते हुए पोखरा चौक तक गई। रास्ते भर स्थानीय नागरिकों ने स्वागत, पुष्प वर्षा और जलपान की व्यवस्था की।रथ को पोखरा चौक में स्थापित विशाल पंडाल में विराजित किया गया। वहाँ भजन, कीर्तन व हरिनाम संकीर्तन से सारा वातावरण भक्तिमय बन गया।28 जून से 4 जुलाई तक प्रतिदिन मंगला आरती (4:30 ए एम ) से कार्यक्रमों की श्रृंखला चलेगी, जिनमें राजभेष दर्शन, श्रीमद्भागवतम कक्षा, गीता प्रवचन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, भक्ति नृत्य, नाट्य प्रस्तुति आदि शामिल हैं।इस आयोजन की सफलता में अनेक दुमका निवासियों का विशेष योगदान रहा, जिनमें रिंकू मोदी, अशोक मुर्मू, डॉ. पवन केसरी, डॉ. अमूल्य कुमार पाल, ऋषव कुमार गोन, नवीन मिश्रा, डॉ. करुण कुमार, नेहा सिंह, बबलू सिंह, स्वप्न कुमार दत्ता, सत्यवाक प्रभु जी एवं राहुल प्रभु जी का विशेष योगदान रहा।मौके पर सत्यवाक प्रभु जी एवं राहुल प्रभु जी ने कहा कि इस्कॉन परिवार इन सभी का हृदय से आभार व्यक्त करता है। यह आयोजन न केवल दुमका के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय जोड़ गया, बल्कि नगरवासियों के हृदयों में सनातन संस्कृति, भक्ति और सेवा की गहराई से अनुभूति भी करा गया।

### नियुक्ति की मांग को लेकर चयनित एलटी अभ्यर्थियों को धरना जारी

देहरादून (ईएमएस)। नियुक्ति की मांग को लेकर परेशान चयनित एलटी अभ्यर्थियों ने सरकार के दोहरे मापदंड को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की है और ननूरखेडा स्थित शिक्षा निदेशालय में धरने पर बैठे रहे। इस दौरान उन्होंने जोरदार नारेबाजी के बीच प्रदर्शन करते हुए अपना आक्रोश व्यक्त किया। इस अवसर पर एलटी चयनित अभ्यर्थियों ने कहा कि पंचायत चुनाव का मामला भी न्यायालय में विचाराधीन था लेकिन सरकार ने उसमें स्टे वैकेशन फाइल कर मामले का निराकरण करवाया लेकिन एलटी अभ्यर्थी 73 दिन से धरने पर बैठे हैं और उसमें सरकार कोई गंभीरता नहीं दिखा रही है, जो चिंता का विषय है। इस अवसर पर एलटी चयनित अभ्यर्थियों ने कहा कि सरकार को शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ करने की कोई फिक्र नहीं है,चयनित अभ्यर्थियों संदेश देते हुए कहा कि उत्तराखंड का जनमानस ध्यान दें और पंचायत चुनाव पर लगा स्टे सरकार ने स्टे वैकेशन लगवाकर हटवा दिया है।

# कानून व्यवस्था की भी मण्डलायुक्त व पुलिस महानिरीक्षक द्वारा की गई समीक्षा

मीरजापुर । मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी व पुलिस महानिरीक्षक आर0पी0 सिंह ने आज आयुक्त कार्यालय सभागार में मण्डल के तीनो जनपदो के अधिकारियों के साथ बैठक कर मा0 मुख्यमंत्री डैशबोर्ड अनुश्रवण में प्राप्त रैंक/ श्रेणीवार विकासपरक योजनाओ एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा की। इस अवसर पर जिलाधिकारी मीरजापुर प्रियंका निरंजन, भदोही शैलेश कुमार, सोनभद्र बी0एन0 सिंह, मुख्य वन संरक्षण मनीष मित्तल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर सोमेन बर्मा, सोनभद्र अशोक मीणा, भदोही अभिमन्यु मांगलिक, मुख्य विकास अधिकारी सोनभद्र जागृति अवस्थी सहित संयुक्त विकास आयुक्त रमेश चन्द्र, अपर आयुक्त प्रशासन डॉ विश्राम सहित सभी मण्डलीय अधिकारी उपस्थित रहें। कानन व्यवस्था की समीक्षा के दौरान मण्डलायुक्त ने आगामी त्यौहारो यथा-कावण, मोहर्रम व अन्य त्यौहारो के दृष्टिगत सुरक्षा एवं चैकसी बरतने के निर्देश दिए गए। मण्डलायुक्त ने कहा कि त्यौहारो पर किसी प्रकार से जन मानस को परेशानी न होने पाए। कावण यात्रा के मार्गो को चिन्हित करते हुए सड़को की मरम्मत, साफ सफाई, सड़को के किनारे झाड़ियों की कटाई, छटाई सभी उचित व्यवस्था समय से सुनिश्चित करा ली जाए। उन्होंने कहा कि यातायात व्यवस्था को इस तरह सदृढ़ व सुगम बनाया जाए कावणियों केस साथ ही साथ यातायात व्यवस्था भी बाधित न होने पाए। उन्होंने कहा कि कावणियों के जहां से जल लिया जाता है पर्याप्त मात्रा में उन घाटो पर सफाई, प्रकाश व्यवस्था, गोताखोर की भी व्यवस्था किया जाए। उन्होंने कहा कि कावण यात्रा मार्गो पर बीच-बीच में सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस कर्मी की तैनाती करते हुए ‘‘कावण यात्रा मार्ग’’ से सम्बन्धित बोर्ड भी लगाया जाए। उन्होंने कहा कि इस बात की भी निगरानी की जाए कि किसी के द्वारा कही भड़काऊ नारे भाषण आदि न किया जाए, सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखी जाए। समीक्षा के दौरान गुण्डा एक्ट, महिला उत्पीड़न एवं उस पर की गई कार्यवाही, गैंगेस्टर, दर्ज एफ0आई0आर0 के सापेक्ष की गई कार्यवाही, भू माफिया, जिला बदर, गवाहो की उपस्थिति सहित सभी बिन्दुओ पर समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।मुख्यमंत्री डैशबोर्ड अनुश्रवण के तहत विकास कार्यो के प्रगति व श्रेणीवार समीक्षा की गई, समीक्षा के दौरान मण्डल के तीनो जनपदो के 49 मदो योजनाओ में ए श्रेणी प्राप्त हुई हैं। मण्डलायुक्त ने कहा कि जिन विभाग का श्रेणी बी0 अथवा सी है वे कार्य योजना बनाकर प्रगति लाए तथा ए श्रेणी वाले ए प्लस में लाने हेतु प्रयास करे ताकि मण्डल का प्रदेश में अच्छा स्थान प्राप्त हों सकें। सोलर स्ट्रीट लाइट एवं पीएम सूर्यघर में जनपद भदोही व मीरजापुर को अपेक्षित प्रगति लाने का निर्देश दिया।

### पूरे उत्साह व श्रद्धा से किया गया भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा का आयोजन

दुमकाःमसलिया प्रखंड क्षेत्र के गुमरो पंचायत अंतर्गत गुमरो गांव में शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा का आयोजन भक्तिभाव एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा एवं भाई बलभद्र की आकर्षक प्रतिमाओं को सुसज्जित रथ पर विराजमान कर विधिवत पूजन-अर्चन के बाद ग्राम भ्रमण कराया गया। रथयात्रा को देखने और उसमें भाग लेने के लिए आसपास के ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी।भक्तगण जय जगन्नाथ, हरि बोल, राधे-श्याम के भक्ति गीतों और कीर्तन मंडलियों के साथ रथ खींचते नजर आए। यात्रा के दौरान महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग पारंपरिक वेशभूषा में सजकर रथ के आगे-पीछे श्रद्धा के साथ चल रहे थे। यात्रा मार्ग को फूल-मालाओं, ध्वज पताकाओं से सजाया गया था। स्थानीय निमाई झा, पंचम राय,छोटू साह, दिलीप दे,कृष्णनंद झा, मोहन सिंह, नित्यानंद झा, विकास झा,पवन सिंह,बबन झा, विशाल झा, कुशल झा आदि ने आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर गांव में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। पूरे दिन धार्मिक भक्ति में लीन होकर ग्रामीणों ने रथयात्रा पर्व को श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न किया। रात्रि में भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण का आयोजन हुआ।

### लखनपुर गांव में डायरिया का प्रकोप 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत, 40 लोग प्रभावित, 20 जिला अस्पताल में भर्ती

चील्ह, मिर्जापुर (ईएमएस)। चील्ह थाना क्षेत्र के लखनपुर गांव में डायरिया के प्रकोप ने भयावह रूप ले लिया है। इस बीमारी की चपेट में आकर एक 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई है, जबकि लगभग 40 लोग प्रभावित बताए जा रहे हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए करीब 20 लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रभारी चिकित्साधिकारी धीरज जायसवाल अपनी मेडिकल टीम के साथ लखनपुर गांव पहुंचे और प्रभावित लोगों का उपचार शुरू किया। स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव में स्थिति को नियंत्रित करने और बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए युद्धस्तर पर कार्य कर रही है। ग्रामीणों में दहशत का माहौल है, और स्वास्थ्य अधिकारियों ने लोगों से साफ-सफाई रखने और उबला हुआ पानी पीने की सलाह दी है। जिला प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग से बीमारी के कारणों की जांच और प्रभावित लोगों के लिए समुचित चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है।

### ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत एक बालिका को चाइल्ड लाइन कानपुर को किया सुपुर्द

प्रयागराज कानपुर (ईएमएस)। उप निरीक्षक अंजना सिंह को 26 जून 2025 को कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर एक बालिका मिली, जिसने अपना नाम गीता कुमारी (पुत्री राम विनय शर्मा, निवासी वार्ड नंबर 5, डुमरा पोस्ट हार्डिया, थाना सिंगिहा, जिला समस्तीपुर, बिहार) बताया। उसे आरपीएफ पोस्ट पर लाकर महिला स्टाफ की देखरेख में सुरक्षित रखा गया और तत्काल अग्रिम कार्रवाई हेतु चाइल्ड लाइन कानपुर को सूचित किया गया।सूचना मिलने पर चाइल्ड लाइन सुपरवाइजर गौरव सचान व कोऑर्डिनेटर प्रीति तिवारी आरपीएफ पोस्ट कानपुर सेंट्रल पहुंचे। आरपीएफ महिला कांस्टेबल सुनीता ने बालिका का प्रारंभिक स्वास्थ्य परीक्षण एवं प्राथमिक देखभाल के पश्चात, उनके फोटोग्राफिक रिकॉर्डिंग के साथ कानपुर बाल कल्याण समिति के समक्ष सुपुर्द किया।रेलवे सुरक्षा बल, “ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते” अभियान के तहत हर में असहाय नाबालिग की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। भारतीय रेल सभी यात्रियों से अपील है कि यदि वे किसी भी नाबालिग को असहाय अवस्था में देखें, तो तुरंत आरपीएफ स्टाफ , रेल हेल्पलाइन 139 या अपने नजदीकी स्टेशन स्टाफ को सूचित करें।

### पंचायत उपचुनाव में विधि व्यवस्था को लेकर जोनल, सेक्टर पीसीसीपी दंडाधिकारी की सूची की मांग

मधुबनी, (ईएमएस)। आगामी 9 जुलाई को मधुबनी जिले में हो रहे पंचायत उप निर्वाचन 2025 के अवसर पर विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए जोनल, सेक्टर, पीसीसीपी दंडाधिकारी के साथ सम्बद्ध मतदान केंद्र एवं रूट चार्ट उपलब्ध कराने के संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम आनंद शर्मा ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निर्वाची पदाधिकारी को जमा करने का निर्देश दिया है। डीएम ने अपने पत्र में कहा है कि सचिव राज्य निर्वाचन आयोग बिहार के पत्र के आलोक में सरकार के सचिव पंचायती राज विभाग पटना में पंचायत निर्वाचन 2025 का कार्यक्रम संसूचित किया है। जिला में आगामी 9 जुलाई को पंचायत उपनिर्वाचन के विभिन्न पदों के लिए मतदान होना है। इस अवसर पर विधि व्यवस्था बनाए रखने एवं स्वच्छ, निष्पक्ष वातावरण में मतदान कराने के लिए जिला स्तर से जोनल, सेक्टर दंडाधिकारियों के साथ-साथ पीसीसीपी दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जानी है। जिन प्रखंडों में पंचायत उप निर्वाचन होने है के प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निर्वाची पदाधिकारी विहित प्रपत्र में जोनल एवं सेक्टर दंडाधिकारियों के साथ संबद्ध मतदान केदो की सूची एवं रूट चार्ट अलग-अलग प्रपत्रों में जिला गोपनीय शाखा (विधि व्यवस्था कोषांग) मधुबनी में कंप्यूटराइज्ड प्रति में समर्पित करना सुनिश्चित करें।

# इस्पात नगरी बोकारो में निकली भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा







बोकारो : बोकारो इस्पात नगरी में आज 27 जून को भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा बड़े ही धूम-धाम से निकाली गयी. विधिवत पूजा-अर्चना के साथ देव प्रतिमाओं को मंदिर प्रांगण से बाहर लाया गया और रथ पर आसीन किया गया. रथ की सफाई का कार्य छेरा-पन्हारा बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने किया. इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (संकार्य) चित्त रंजन मोहापात्रा, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुश्री राजश्री बनर्जी,अधिशासी निदेशक (माइंस) विकास मनवती, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सी आर मिश्रा, बोकारो महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती अनीता तिवारी तथा सदस्य एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति तथा श्रद्धालु उपस्थित थे.नगर वासियों के सम्मिलित प्रयास से रथ यात्रा जनवृत-4 स्थित जगन्नाथ मंदिर परिसर से आरम्भ हुई. पूरे रास्ते नगरवासी तथा श्रद्धालु जन बारी-बारी से अपना योगदान देकर पुण्य अर्जन करते रहे. रथ यात्रा जगन्नाथ मंदिर से बोकारो जनरल अस्पताल, गांधी चौक सिटी सेंटर, पत्थरकट्टा चौक तथा राम मंदिर चौक होते हुए राम मंदिर पहुंची. मार्ग में स्वयंसेवी संस्था महिला समिति, बोकारो के सदस्यों ने पानी और शरबत का वितरण किया जिसमें नगर के अन्य संस्थानों ने भी योगदान किया.महिला समिति बोकारो द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रथ यात्रियों के लिए शरबत, चना, गुड़, बताशा, बुंदिया की प्रचुर व्यवस्था की गई। समिति की अध्यक्ष श्रीमती अनिता तिवारी ने पूजा के उपरांत सुरभि के सामने टेंट में उपस्थित समिति की अन्य सदस्ययाओ के साथ मिलकर पूजारियों तथा यात्रियों में ठंढा जल, शरबत, चना-गुड़ तथा बुंदिया का वितरण किया. इस अवसर पर उन्होंने बताया कि भगवान जगन्नाथ जी से उन्होंने बोकारोवासियों के मंगलमय जीवन के लिए कामना की. समिति की उपाध्यक्षगण श्रीमती अल्का मनवती, श्रीमती देवजानी मिश्रा, सचिव श्रीमती ऋचा प्रियदर्शिनी, कोषाध्यक्ष श्रीमती अभिरुचि प्रिया, सांस्कृतिक सचिव श्वेता कुमार, सुरभि प्रभारी अनिशा झा, साबुन व सैनिटरी प्रभारी प्रीति राजेश, विद्यालय प्रभारी आशा राज, समिता मोहंती आदि ने इस यात्रा में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया तथा भगवान श्री जगन्नाथ की वापसी यात्रा की तैयारियों में जुट गए.

JAWAHARLAL NEHRU UNIVERSITY
NEW DELHI - 110067
MBA ADMISSION NOTIFICATION

Applications are invited from the CAT 2024 appeared candidates to register for admission process in the MBA programme at Atal Bihari Vajpayee School of Management and Entrepreneurship, Jawaharlal Nehru University, New Delhi. The last date to apply is 15th July, 2025. For more details, visit http://www.jnu.ac.in/abvsme. For any query email at jnumba@jnu.ac.in

CBC 21284/12/0001/2526

# पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल संसदीय समिति की बैठक का आयोजन



हाजीपुर, (ईएमएस)। पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल की 'मंडल संसदीय समिति' की बैठक का आयोजन शुक्रवार दिनांक 27 जून को पूर्व मध्य रेल के मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, डीडीयू के सभागार में किया गया। इस बैठक में पं.दीन दयाल उपाध्याय मंडल क्षेत्राधिकार के सांसदगण ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम द्वारा की गयी। बैठक में सांसदगण द्वारा जनहित से जुड़े मुद्दे एवं रेल के सर्वांगीण विकास हेतु अपने-अपने सुझावों को रखा गया। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह, पं.दीन दयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना सहित मुख्यालय एवं मंडल के अधिकारीगण उपस्थित थे।आज की इस बैठक में पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम, चंदौली के सांसद वीरेंद्र सिंह, सासाराम के सांसद मनोज कुमार, आरा के सांसद सुदामा प्रसाद, काराकाट के सांसद राजा राम सिंह तथा राज्य सभा की सांसद दर्शना सिंह एवं साधना सिंह उपस्थित थे। इनके अलावा केन्द्रीय मंत्री सह गया के सांसद जीतन राम मांझी के प्रतिनिधि राजेश कुमार पाण्डेय, बक्सर के सांसद सुधाकर सिंह के प्रतिनिधि अजीत, औरंगाबाद के सांसद अभय कुमार सिन्हा के प्रतिनिधि संजय कुमार उपस्थित थे।पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार बैठक में सांसदगण ने रेल विकास व यात्री सुविधाओं में और वृद्धि एवं उसे सुदृढ़ करने के संबंध में बहुमूल्य सुझाव दिये। सांसदगण द्वारा आधारभूत संरचनाओं के विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने पर बल दिया गया। साथ ही बैठक में भविष्य की कार्य योजनाओं पर भी चर्चा हुई। बैठक के प्रारंभ में महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने सांसदगण एवं सांसद के प्रतिनिधिगण का स्वागत करते हुए कहा कि यह बैठक रेलवे एवं जनप्रतिनिधियों के मध्य संवाद का एक सशक्त माध्यम है और आपके सुझाव हमें सेवा की गुणवत्ता में और सुधार लाने हेतु प्रेरित करते हैं। महाप्रबन्धक ने अपने स्वागत संबोधन में पं.दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा यात्री सुविधा, आधारभूत संरचनाओं के विकास आदि के क्षेत्र में किए गए कार्यों एवं नई परियोजनाओं से सांसदगण को अवगत कराया। यात्री सुविधा की दिशा में कार्य करते हुए स्टेशनों पर उन्नत यात्री सुविधायें उपलब्ध करायी गयी। जनवरी-फरवरी, 2025 में प्रयागराज में आयोजित कुंभ मेला के दौरान 1760 स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया गया एवं यात्रियों की सुविधा हेतु प्रमुख स्टेशनों पर अस्थायी होल्डिंग एरिया, अतिरिक्त टिकट काउंटर तथा भीड़ प्रबंधन हेतु नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी थी । मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर 22 एटीवीएम मशीनें लगायी गयी है। 12 स्टेशनों पर फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य पूरा किया गया है तथा 21 अन्य स्टेशनों पर निर्माण कार्य प्रगति पर है। डीडीयू मंडल के 15 स्टेशनों के पुनर्विकास का कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि विश्वस्तरीय अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं से युक्त वर्ल्ड क्लास स्टेशन बनाने हेतु गया स्टेशन के पुनर्विकास का कार्य तेजी से प्रगति पर है। महाप्रबन्धक महोदय ने माननीय सांसदों से प्राप्त बहुमूल्य सुझावों के लिये आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सुझाव हमें भविष्य में रेल विकास कार्यों की रूप-रेखा तय करने में काफी सहायक सिद्ध होगा।

# बिहार सरकार का बड़ा फैसला, जिनकी नहीं हुई शादी उन्हें भी मिलेगा पीएम आवास



पटना, (ईएमएस)। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण को लेकर बिहार सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है। इस योजना का लाभ देने के लिए किसे एक परिवार माना जाए इसको लेकर सरकार ने अब स्थिति स्पष्ट कर दी है। ग्रामीण विकास विभाग की ओर से जारी किए गए निर्देश के अनुसार पति-पत्नी और उनके अविवाहित बच्चे परिवार हैं। वहीं अविवाहित व्यस्क जिनके माता-पिता जीवित नहीं है उन्हें भी एकल परिवार माना जाएगा। अविवाहित व्यस्क को भी पीएम योजना का लाभ दिया जाएगा। ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि ये बिहार सरकार का बड़ा फैसला है। सरकार लोगों की सुविधा का ख्याल रख रही है और उनकी समस्याओं का लगातार निदान कर रही है। वहीं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत परिवार को लेकर पहले स्थिति स्पष्ट नहीं थी, इसके कारण भ्रम की स्थिति पैदा हो रही थी। इस को ध्यान में रखकर बिहार सरकार ने परिवार शब्द को परिभाषित किया है, जिससे सही ढंग से इस योजना का लाभ लोगों को मिल सके और किसी तरह का विवाद भी ना हो। कैबिनेट में भी इससे संबंधित स्वीकृति ली जा चुकी है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभुकों के चयन के लिए बिहार सरकार ने सर्वेक्षण कराया है। इसमें एक करोड़ चार लाख 90000 परिवारों की सूची बनी है। अब इस सूची का सत्यापन का कार्य किया जाना है। सूची के जांच के बाद नए सिरे से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण को लेकर नई सूची तैयार होगी। उसके बाद ग्राम सभा में परिवारों की सूची पर सहमति ली जाएगी। ग्रामीण विकास विभाग की ओर से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में कौन-कौन से परिवार योग्य नहीं माने जाएंगे इसका 11 मानक तय किया गया है। वैसे परिवार जिनके पास पक्का मकान हो, परिवार जिनके पास मोटरयुक्त तिपहिया-चौपहिया वाहन हो, जिनके पास मशीनी तिपहिया-चौपहिया कृषि उपकरण हो। 50 हजार या इससे अधिक लोन सीमा वाले किसान क्रेडिट कार्ड जिनके पास हो। हालांकि कुछ ऐसे परिवार भी योग्य नहीं होंगे जिनके परिवार में कोई सदस्य सरकारी कर्मचारी हो। आयकर देने वाला परिवार हो, परिवार का कोई सदस्य 15000 से अधिक प्रतिमाह कमाता हो, सरकार के पास पंजीकृत गैर कृषि उद्यम वाला परिवार हो, व्यवसाय कर देने वाला परिवार हो, परिवार जिनके पास 2.5 एकड़ या इससे अधिक सिंचित भूमि हो.

## संक्षिप्त ख़बरें

### श्रावणी मेला के अवसर पर बढ़नी-देवघर बढ़नी श्रावणी मेला स्पेशल का परिचालन

हाजीपुर, (ईएमएस)। श्रावणी मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर रेलवे द्वारा गोरखपुर-छपरा-हाजीपुर-शाहपुर पटोरी-बरौनी-मुंगेर-सुलतानगंज-भागलपुर के रास्ते बढ़नी और देवघर के मध्य 05028/05027 बढ़नी-देवघर-बढ़नी श्रावणी मेला स्पेशल का परिचालन किया जायेगा। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार विवरण निम्नानुसार है-गाड़ी सं. 05028 बढ़नी-देवघर श्रावणी मेला स्पेशल 09.07.2025 से 10.08.2025 तक प्रतिदिन बढ़नी से 17.30 बजे खुलकर अगले दिन 01.20 बजे हाजीपुर, 02.15 बजे शाहपुर पटोरी, 03.10 बजे बरौनी, 03.40 बजे बेगुसराय, 05.15 बजे मुंगेर, 06.40 बजे सुलतानगंज सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए 13.00 बजे देवघर पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी सं. 05027 देवघर-बढ़नी श्रावणी मेला स्पेशल 10.07.2025 से 11.08.2025 तक प्रतिदिन देवघर से 18.45 बजे खुलकर 21.28 बजे सुलतानगंज, 23.15 बजे मुंगेर, अगले दिन 00.08 बजे बेगुसराय, 00.30 बजे बरौनी, 01.30 बजे शाहपुर पटोरी, 02.30 बजे हाजीपुर, 05.00 बजे छपरा एवं 09.30 बजे गोरखपुर सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए 12.30 बजे बढ़नी पहुंचेगी । इस स्पेशल में शयनयान श्रेणी के 06 एवं साधारण श्रेणी के 07 कोच एवं एसएलआर के 02 कोच सहित कुल 15 कोच होंगे।

### बिहार में पहली ही बारिश में उखड़ी 78 लाख की सड़क, चलना हुआ मुश्किल

पटना,(ईएमएस)। बिहार में पहली ही बारिश में 78 लाख की सड़क बह गई। अब लोग परेशान हो रहे हैं। एक साल भी नहीं बीता और सड़क उखड़ गई। इस सड़क के निर्माण में भ्रष्टाचार की शिकायत स्थानीय लोग नगर निगम समेत कई लोगों से कर चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पार्षद बबीता कुमारी ने कहा कि निर्माण सामग्री ठीक नहीं होने के कारण सड़क का यह हाल हुआ है। संवेदक ने रातों-रात जैसे-तैसे ढलाई करके सड़क का निर्माण करा दिया। इसकी शिकायत नगर निगम मुख्यालय से की है। संवेदक ने सड़क का लेवल ऊंचा कर दिया। परिणाम लोगों के घरों में बारिश का पानी घुस रहा है। 1150 फीट लंबी इस सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। गिट्टी निकल आई है। ऐसे में पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। नगर निगम कर्मी झाड़ू लगाते हैं तो धूल और गंदगी घरों में जाती है।स्थानीय लोगों का कहना है कि गुणवत्ताविहीन सड़क कार्य को रोकने के बाद भी संवेदक सड़क की ढलाई रात में कर दी। गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा गया। सड़क बनने के बाद से ही उखड़ने लगी। सड़क की गुणवत्ता की जांच होनी चाहिए। रहवासियों की मांग है कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता के साथ समझौता करने वाले संवेदकों पर कार्रवाई होनी चाहिए। निर्माण के समय ही इसकी गुणवत्ता पर सवाल उठाए गए थे, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

### तेजस्वी अबकी अईहें गे, रौशन सबेरा लईहें गे, नेता नहीं ई बेटा छी

पटना,(ईएमएस)। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) ने अपना कैंपेन सॉन्ग लॉन्च किया है। इसकी थीम तेजस्वी अबकी अईहें गे, रौशन सबेरा लईहें गे, नेता नहीं ई बेटा छी, कोय इकरा सँ बेहतर नहीं रखी गई है। इसका मतलब है- तेजस्वी यादव अबकी बार आएंगे, रौशन सवेरा लाएंगे। इस गाने में उन्हें बिहार का बेटा बताया गया है और दावा किया गया है कि कोई उनसे बेहतर नहीं है। 5 मिनट 44 सेकंड के इस वीडियो सॉन्ग को पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया। इसमें 2025 से 2030 तक बिहार में तेजस्वी का युग आने का दावा किया गया है।आरजेडी के कैंपेन सॉन्ग में माई बहिन योजना, रोजगार, नौकरी, 200 यूनिट मुफ्त बिजली, 1500 रुपए महीना पेंशन जैसे चुनावी वादों का भी जिक्र है। गाने के बोल में शिक्षा, स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने, बड़े पैमाने पर उद्योग लगाने और पलायन रोकने का वादा किया गया है। सॉन्ग में आरजेडी ने तेजस्वी सरकार बनने पर बिहार में हर बीमारी का इलाज संभव होने, अस्पतालों में डॉक्टर और विश्वस्तरीय सुविधा देने, घूसखोरी और भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने का दावा किया है। साथ ही कहा कि मजदूरों एवं किसानों के जीवन में परिवर्तन आएगा। यह संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए जंग है।बता दें बिहार में अक्टूबर-नवंबर को विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। तेजस्वी के नेतृत्व में आरजेडी जोर-शोर से चुनाव प्रचार कर रही है। आरजेडी की ओर से तेजस्वी को महागठबंधन का सीएम कैंडिडेट बताया जा रहा है। हालांकि, घटक दलों ने आधिकारिक रूप से उनके चेहरे पर मुहर नहीं लगाई है।

### पटना में महंगी कार सवारों की गुंडागर्दी पुलिसकर्मी हो रहे इनका शिकार

पटना,(ईएमएस)। बिहार की राजधानी पटना में सड़क पर महंगी कार में बैठे लोग गुंडागर्दी करते दिख रहे हैं। पुलिस इलाके में वाहनों की चेकिंग कर रही थी, इस दौरान एक थार सवार की गुंडागर्दी देखने को मिली। चेकिंग के दौरान पुलिस वाहन रूकवाने की कोशिश करती रही लेकिन ड्राइवर ने कार नहीं रोकी। इस दौरान पुलिसकर्मियों को रौंदने की कोशिश की गई लेकिन वह बाल-बाल गच गए और थार सवार फरार हो गया।घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जो पटना के गर्दनीबाग थाना क्षेत्र स्थित चितकोहरा गोलंबर का है। वीडियो 24 जून दोपहर एक बजे का बताया जा रहा है। इससे पहले पटना में ऐसी ही घटना सामने आई थी। 13 जून को पटना में देर रात वाहन चेकिंग के दौरान एक स्कॉर्पियो सवार ने तीन पुलिसकर्मियों को रौंद दिया था। इसमें एक महिला कॉन्स्टेबल और दो पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। इसके बाद महिला कॉन्स्टेबल की मौत हो गई थी। घटना के बाद कार सवार दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था।बता दें यह मामला पटना के एसके पुरी थाना क्षेत्र के अटल पथ का था, जहां पर पटना पुलिस वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक ब्लैक स्कॉर्पियो ने तीन पुलिसकर्मियों पर ही कार चढ़ा दी थी।

# विधानसभा चुनाव 2025 से पहले वोटर लिस्ट का पुनरीक्षण शुरू



पटना : बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान शुरू हो चुका है। इसी को लेकर बेगूसराय के युवराज होटल, जीरो माइल में मुंगेर और भागलपुर प्रमंडल के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों व सहायक पदाधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन वरीय उप निर्वाचन आयुक्त मनीष गर्ग, प्रधान सचिव अरविंद आनंद, निदेशक विद्यारानी कोंथौजम, भागलपुर प्रमंडल के आयुक्त हिमांशु राय, मुंगेर आयुक्त अवनीश कुमार सिंह और जिलाधिकारी तुषार सिंगला ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण में मुंगेर प्रमंडल के अंतर्गत बेगूसराय, मुंगेर, लखीसराय, शेखपुरा, जमुई और खगड़िया तथा भागलपुर प्रमंडल के भागलपुर और बांका जिलों के डीएम व अन्य निर्वाचन पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों को शॉल, पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वरीय उप निर्वाचन आयुक्त मनीष गर्ग ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत विशेष पुनरीक्षण की यह प्रक्रिया शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 326 के अनुसार 1 अगस्त 2025 तक 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके सभी पात्र भारतीय नागरिक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए पात्र हैं। इसके लिए वे voters.eci.gov.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं या बीएलओ के माध्यम से फॉर्म भर सकते हैं। बीएलओ घर-घर जाकर सत्यापन करेंगे और पावती रसीद प्रदान करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन नागरिकों का आवेदन निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को प्राप्त होगा, उनका नाम 1 अगस्त 2025 को प्रकाशित होने वाली प्रारूप मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा। इस दौरान नागरिक नाम जोड़ने, सुधार कराने या नाम हटाने के लिए दावा-आपत्ति भी दर्ज करा सकेंगे।मनीष गर्ग ने बताया कि पुनरीक्षण का मुख्य उद्देश्य है कि सही मतदाताओं का नाम जोड़ना और अपात्रों का नाम सूची से हटाना, ताकि आगामी चुनाव में मतदान प्रतिशत में वृद्धि हो सके। प्रधान सचिव अरविंद आनंद ने प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को तकनीकी और प्रक्रियात्मक जानकारी दी। वहीं, मुंगेर प्रमंडल के आयुक्त अवनीश कुमार सिंह ने बीएलओ को मिशन मोड में बेहतर प्रशिक्षण देने और उनके कार्यों की निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने सभी प्रखंडों में हेल्प डेस्क स्थापित करने का भी आदेश दिया।भागलपुर प्रमंडल के आयुक्त हिमांशु राय ने कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने और स्वीप गतिविधियों को तेज़ करने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी बेगूसराय तुषार सिंगला ने सभी अधिकारियों को धन्यवाद दिया और निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही यह निर्देश भी दिया गया कि 28 जून 2025 तक सभी बीएलओ का प्रशिक्षण पूर्ण कर लिया जाए।

### लालू-नीतीश ने अपने शासनकाल में पूरे बिहार को मजदूरों का राज्य बनाया : प्रशांत किशोर

पटना (ईएमएस)। जन सुराज पार्टी के संस्थापक और पूर्व रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने राष्ट्रीय जनता दल और जनता दल (यूनाइटेड) पर निशाना साधकर कहा कि इनके शासन में बिहार मजदूरों का राज्य बना है। किशोर ने कहा कि बिहार में गरीबी, अशिक्षा और बेरोजगारी को खत्म करने का एकमात्र उपाय शिक्षा है। लालू-नीतीश के बीते 30-35 सालों के शासन ने पूरे बिहार को मजदूरों का राज्य बनाया है। यहां के बच्चे अपनी पीठ पर बोरा ढोने को मजबूर हैं। जन सुराज की विचारधारा यह है कि बिहार के बच्चे अपनी पीठ पर बोरा नहीं, बल्कि स्कूल बैग उठाएंगे, अच्छी जिंदगी जीएं।चुनाव आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए जन सुराज को आम चुनाव चिन्ह के रूप में स्कूल बैग आवंटित किया है। फैसले का स्वागत कर जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने कहा कि राज्य में गरीबी, निरक्षरता और बेरोजगारी को खत्म करने के लिए शिक्षा ही सबसे महत्वपूर्ण हथियार है। इससे पहले, एक साक्षात्कार में पीके ने कहा कि केंद्र में पीएम मोदी के 11 साल तक सत्ता में रहने के बावजूद बिहार गरीबी, भुखमरी और लाचारी से जूझ रहा है।

## पटना में आज से दो दिवसीय 'आम महोत्सव'



पटना, (ईएमएस)। पटना के ज्ञान भवन में आज शनिवार दिनांक 28 जून से दो दिवसीय 'आम महोत्सव 2025' का आयोजन किया जाएगा। राज्य के कृषि विभाग के उद्यान निदेशालय द्वारा यह आयोजन किया जा रहा है, जिसका मुख्य आकर्षण आम की विविध प्रजातियों की विशेष प्रदर्शनी होगी। बताया गया है कि महोत्सव की थीम "पुराने बागों का जीर्णोद्धार, भावी पीढ़ियों का उपहार" रखी गई है, जिसका उद्देश्य पारंपरिक आम बागानों को पुनर्जीवित कर भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक समृद्ध विरासत छोड़ना है। महोत्सव में दर्जनों अलग-अलग किस्मों के आमों की प्रदर्शनी लगेगी, जहां आम प्रेमी विभिन्न प्रकार के आमों को देख, खरीद और स्वाद ले सकेंगे। इतना ही नहीं, इस आम महोत्सव में बच्चों के लिए भी खास कार्यक्रम होंगे। 5 से 10 वर्ष की उम्र के बच्चों के लिए 'आम खाओ और इनाम पाओ' प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में प्रत्येक बच्चे को दो पके हुए आम दिए जाएंगे और कम समय में आम खाने वाले बच्चों को नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण ऑनलाइन शुरू है। प्रवेश और पंजीकरण दोनों ही पूरी तरह मुफ्त होंगे, जिससे हर आयु वर्ग के लोग इस महोत्सव में भाग लेकर इस आम महोत्सव का आनंद ले सकेंगे। इसके अलावा महोत्सव में चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन होगा, जहां बच्चे आमों और बागवानी से जुड़ी अपनी रचनात्मकता दिखा सकेंगे। साथ ही, नवीनतम तकनीकों के माध्यम से आम की उन्नत खेती पर विशेषज्ञों द्वारा कार्यशालाएं भी आयोजित की जाएंगी, जिससे किसानों और आम उत्पादकों को आधुनिक खेती के गुर सीखने का अवसर मिलेगा।

## पटना हाईकोर्ट ने बिहार में सिपाहियों के तबादले पर लगी रोक हटाई




पटना, (ईएमएस)। पटना हाईकोर्ट ने बिहार पुलिस में 19,858 सिपाहियों के बड़े पैमाने पर किए गए तबादला पर लगी अंतरिम रोक को आंशिक रूप से हटाते हुए स्पष्ट किया कि अब सिर्फ याचिकाकर्ताओं के तबादले पर रोक रहेगी, जबकि बाकी सभी सिपाहियों का स्थानांतरण वैध माना जाएगा और उन पर से प्रतिबंध हटा दिया गया है। आपको बता दें कि बिहार सरकार ने बीते 5 मई को एक आदेश जारी कर राज्य भर के 19,858 सिपाहियों का तबादला एक जिले से दूसरे जिले में कर दिया था। इस फैसले को लेकर कुछ याचिकाकर्ताओं ने पटना हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। याचिकाकर्ताओं की दलील थी कि बिहार में 2022 के बाद कोई नई ट्रांसफर पॉलिसी लागू नहीं की गई, फिर भी इतने बड़े पैमाने पर तबादले कर दिए गए, जो नियमों के खिलाफ है। मामले की सुनवाई न्यायाधीश राजेश कुमार वर्मा की एकलपीठ ने की थी, जिन्होंने प्रारंभिक सुनवाई के बाद तबादले पर अंतरिम रोक लगा दी थी। इसके बाद 22 मई को हाई कोर्ट ने सरकार से 4 सप्ताह के भीतर जवाबी हलफनामा दाखिल करने को कहा और मामले की सुनवाई टाल दी थी। अब इस मामले में खंडपीठ ने हस्तक्षेप करते हुए शुक्रवार को अपने आदेश में आंशिक संशोधन किया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ताओं के तबादलों पर अंतरिम रोक तब तक बनी रहेगी जब तक अंतिम सुनवाई नहीं हो जाती, लेकिन अन्य सभी सिपाहियों के तबादले वैध रूप से लागू माने जाएंगे।

## तेज प्रताप बोले, मैं दूसरा लालू हूं... तेजस्वी भले सीएम बन जाएं पर किंगमेकर हम ही रहेंगे



पटना,(ईएमएस)। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के सुपुत्र और पार्टी से निष्कासित पूर्व मंत्री तेज प्रताप ने बड़ा दावा करते हुए कहा है कि मैं लालू प्रसाद यादव का उत्तराधिकारी हूं, इसलिए लोग उन्हें टारगेट कर रहे हैं। अनुष्का यादव से कथित रिलेशन को लेकर चर्चा में आने के बाद पार्टी और परिवार से बेदखल हुए तेज प्रताप ने अपने छोटे भाई तेजस्वी यादव को बिहार का मुख्यमंत्री बनने का आशीर्वाद दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि किंगमेकर की भूमिका में वह खुद रहेंगे।बता दें कि तेज प्रताप यादव के सोशल मीडिया अकाउंट से पिछले महीने अनुष्का यादव नाम की लड़की के साथ फोटो पोस्ट हुआ था। इसमें दोनों के 12 साल से रिलेशनशिप में होने का दावा किया गया था। कुछ देर बाद यह पोस्ट डिलीट हो गया और एक नए पोस्ट में तेज प्रताप की ओर से अकाउंट हैक होने का दावा किया गया था। हालांकि, कुछ ही देर बाद सोशल मीडिया पर तेज प्रताप और अनुष्का के कई फोटो वायरल होने लग गए। इसके अगले दिन लालू यादव ने अपने बड़े बेटे को आरजेडी से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया।एक इंटरव्यू में तेज प्रताप यादव ने कहा, जो लोग मुझे टारगेट कर रहे हैं, वो जानते हैं कि दूसरा लालू यादव यही है। उनके जैसी ही आवाज निकलती है, ठेठ अंदाज है और जमीन से जुड़े हुए हैं। कई लोगों ने ऐसा कहा भी है। उन्होंने कहा कि बहुत से लोगों को यह खटकता भी है। तेज प्रताप ने खुद को जमीन से जुड़ा हुआ आदमी बताते हुए कहा कि वह धरातल के मुद्दों को उठाते हैं और किसी से डरते नहीं हैं। उनके पिता लालू का भी वही अंदाज रहा है। इसलिए बेटे का भी वैसा ही अंदाज होना चाहिए। अपने छोटे भाई तेजस्वी यादव को लेकर उन्होंने कहा कि वह मुख्यमंत्री बनें अच्छी बात है, हमारा पूरा सपोर्ट उनके लिए है।आरजेडी से निष्कासित किए जाने को तेज प्रताप यादव ने साजिश करार दिया। उन्होंने सवाल किया कि सिर्फ उन्हें ही क्यों टारगेट किया गया, जबकि आरजेडी में और भी लोग हैं जिनसे पार्टी को नुकसान हो सकता है। उन्होंने अपने भाई, माता-पिता या परिवार के किसी भी सदस्य पर साजिश रचने का आरोप नहीं लगाया। मौजूदा हालातों पर बोलते हुए लालू के बड़े बेटे तेज प्रताप ने कहा कि अभी थोड़ी उथल-पुथल है।

## जब पटना के रजिस्ट्री ऑफिस में चलने लगी अचानक गोली, दो व्यक्ति घायल

पटना, (ईएमएस)। बिहार की राजधानी पटना के सबसे व्यस्त इलाका माने जाने वाले गांधी मैदान थाना क्षेत्र स्थित निबंधन कार्यालय (रजिस्ट्री ऑफिस) में शुक्रवार सुबह अचानक गोलियों की तड़तड़ाहट से हड़कंप मच गया। गोली चले की आवाज सुनकर लोग इधर उधर भागने लगे। इस घटना में गोली लगने से दो लोग घायल हो गए और उन्हें पीएमसीएस में भर्ती कराया गया है। यह घटना शुक्रवार सुबह की है। रजिस्ट्री ऑफिस में निबंधन संबंधित काम को लेकर लोगों की भीड़ जुटी थी। इसी दौरान अचानक गोली चलने लगी। घटना तब हुई जब निबंधन कार्यालय में तैनात एक निजी सुरक्षा गार्ड राइफल की सफाई कर रहा था। अचानक चली गोली में कार्यालय में मौजूद तीन लोगों को चोट आई। दो व्यक्तियों में एक को पैर और दूसरे को हाथ में गोली लगी है। जबकि एक व्यक्ति बचने के चक्कर में गिरकर घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने घायलों को तुरंत अस्पताल भेजा। पीएमसीएच के डॉक्टरों के मुताबिक घायलों की स्थिति खतरे से बाहर है। उधर घटना की जानकारी मिलते ही गांधी मैदान थाना पुलिस और सिटी सेंट्रल एसपी दीक्षा खुद घटनास्थल पहुंची। घटना की पुष्टि करते हुए उन्होंने कार्रवाई की बात कही। पत्रकारों को उन्होंने बताया कि घटना में शामिल गार्ड पटना के सीगोंरी इलाके का रहने वाला है। एक निजी सुरक्षा एजेंसी के तहत कार्यालय में तैनात था। पुलिस उसके कागजात और लाइसेंस की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि सूचना मिली थी कि निबंधन कार्यालय में एक निजी गार्ड द्वारा गलती से गोली चल गई, जिसमें दो लोग घायल हुए हैं। उनका इलाज पीएमसीएच में चल रहा है। प्रारंभिक तौर पर लापरवाही के आधार पर केस दर्ज किए जाने की संभावना है। अगर जांच में गार्ड या कंपनी की कोई गंभीर लापरवाही सामने आती है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### कुंभ हादसे का जिक्र कर आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट ने पूर्व सीएम रेड्डी को राहत दी

अमरावती,(ईएमएस)। आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी को गुंटूर में पार्टी प्रमुख की रैली के दौरान एक पार्टी समर्थक की मौत के मामले में अंतरिम राहत दी है। पूर्व सीएम को राहत देकर अदालत ने कहा, सभी सावधानियों के बावजूद, कुंभ मेले में भी हादसे होते रहे। दरअसल 18 जून को रैली के दौरान सतनापल्ले में पूर्व सीएम रेड्डी के काफिले में शामिल एक वाहन ने सी सिंगय्या (53) को कुचल दिया था, जिससे उनकी मौत हो गई। इसके बाद पुलिस ने वाईएसआरसीपी प्रमुख और पार्टी के अन्य सदस्यों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। इस कदम से रेड्डी और उनकी पार्टी की ओर से तीखी राजनीतिक प्रतिक्रिया आई और उन्होंने आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू पर सवाल उठाकर सिक्योरिटी प्रोटोकॉल में चूक का दावा किया। वाईएसआरसीपी ने कहा कि सिंगय्या की मौत जगन रेड्डी के काफिले के पास होने पर हुई। वहीं तेलुगु देशम पार्टी ने दावा किया कि उन्हें काफिले की एक गाड़ी ने कुचल दिया। इसके बाद पूर्व सीएम रेड्डी ने हिट-एंड-रन मामले के खिलाफ आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट में एक याचिका दायर की। अपनी अपील में उन्होंने आरोप लगाया कि उनका नाम जानबूझकर आरोपी के रूप में जोड़ा गया और कहा कि उन्हें फंसाया जा रहा है।

### कैंसर पीड़ित बुजुर्ग महिला को कचरे में फेंका, आरोपी पोता सहित 2 गिरफ्तार

मुंबई (ईएमएस)। मुंबई से परेशान करने वाला मामला सामने आया है। जहां एक बुजुर्ग महिला कूड़े के ढेर पर पड़ी मिली। कैंसर से पीड़ित महिला को उसके पोते ने कथित तौर पर कूड़े में फेंक दिया। पुलिस ने जांच शुरू कर महिला के परिवार की तलाश शुरू कर दी है। यह घटना तब सामने आई, जब मुंबई पुलिस ने शहर की आरे कॉलोनी में सड़क पर कूड़े के ढेर के पास 60 वर्षीय यशोदा गायकवाड़ को बेहद कमजोर हालत में देखा। मुंबई में कैंसर रोगी अपनी दादी को जंगल में छोड़ने के आरोप में 33 वर्षीय एक व्यक्ति और दो अन्य लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि लगभग 70 वर्षीय महिला 22 जून की सुबह एक कूड़े के ढेर के पास आई थी और उसकी हालत खराब थी, जिसके बाद पुलिस ने बुजुर्ग महिला को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में बुजुर्ग महिला के पोते सागर शेवाले (33), बहनोई बाबासाहेब गायकवाड़ (70) और ऑटो रिक्शा चालक संजय कादरेशम (27) को कथित तौर पर महिला को उस स्थान पर छोड़ते हुए देखा गया, जहां वह मिली थी। अधिकारी ने बताया कि तीनों को गिरफ्तार किया गया। सीसीटीवी फुटेज से पता चला है कि आरोपी बोरीवली निवासी महिला को 21 जून की रात को पहले नगर निगम द्वारा संचालित शताब्दी अस्पताल ले गए, लेकिन जब अस्पताल के अधिकारियों ने भर्ती से इंकार कर दिया, तब वे उसे आरे जंगल में ले गए और वहां छोड़ दिया। महिला का इलाज अब शहर के जुहू इलाके में स्थित सरकारी कूपर अस्पताल में किया जा रहा है।

### विज ने गुस्से में डांटते हुए कहा, जो भी दोषी होगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा

अंबाला (ईएमएस)। हरियाणा की नायाब सरकार में मंत्री अनिल विज ने अंबाला कैंट के सरकारी अस्पताल में खामियां देखकर नाराजगी जाहिर की है। अंबाला कैंट विधायक अनिल विज, सरकार में परिवहन मंत्री हैं। गुरुवार को वे अस्पताल की जांच पड़ताल के लिए पहुंचे थे, जहां उन्हें कुछ खामियां दिखीं। दरअसल इसके पहले हरियाणा सरकार के दो कार्यकालों में विज स्वास्थ्य मंत्री रहे हैं। इस दौरान उन्होंने अंबाला कैंट के सरकारी अस्पताल को कई मशीनें दी थीं, जो अब तक इस्तेमाल में भी नहीं लाई गई हैं। यह देखकर विज भड़क गए। उन्होंने प्रबंधन से कहा कि आप लोगों ने अस्पताल को बर्बाद कर दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, विज ने हॉस्टिपल प्रबंधन से सवाल किए कि एक्स-रे मशीन में रील ही नहीं है, वहां कौन लेकर आएगा? यहां के एसी भी काम नहीं कर रहे हैं, उन्हें ठीक कराने की जिम्मेदारी किसकी है? उन्होंने कहा कि वह मामले में जांच करवाएंगे और जो भी दोषी होगा, उस बख्शा नहीं जाएगा। अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टर और स्टाफ को फटकार लगाते हुए मंत्री ने तत्काल रूप से पूरे अस्पताल में सब कुछ ठीक कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, मैं किसी को नहीं छोड़ूंगा, यह क्या तरीका है? मैंने इस अस्पताल के सुधार के लिए अपनी जिंदगी लगा दी। इसके बाद विज ने बताया कि उन्होंने मामले में हरियाणा के अपर मुख्य सचिव (स्वास्थ्य) से खामियों को लेकर चर्चा की है। विज बीजेपी के फायरब्रांड नेता और सात बार के विधायक हैं। वे अक्सर खामियों को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों को डांटने और चीजों में सुधार लाने के लिए जाने जाते हैं।

### मीम्स और रील्स को लेकर मौलाना गोरा ने मुसलमान युवक-युवतियों को क्या दी सलाह

नई दिल्ली (ईएमएस)। इस्लामी विद्वान और जमीयत दावातुल मुस्लिमीन के संरक्षक मौलाना कारी इसहाक गोरा ने मुसलमानों को सोशल मीडिया पर दीन और इस्लामी पहचान का मजाक उड़ाने से सख्ती से बचने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि मजाक में भी अगर कोई इस्लामी तालीमात, कुरान, हदीस, नमाज, हिजाब या दाढ़ी जैसी चीजों का अपमान करता है, वह इस्लाम से बाहर हो सकता है।

मौलाना गोरा ने आज सोशल मीडिया पर मीम्स और रील्स के द्वारा इस्लाम और उसकी पवित्र चीजों को हंसी का साधन बनाया है। उन्होंने कहा, नमाज, अजान, रोजा, हिजाब, उलमा और यहां तक निकाह और तलाक जैसे शरियत के गंभीर मसलों पर कॉमेडी वीडियो बन रहे है।

गोरा ने अफसोस जताया कि कई मुस्लिम युवक युवतियां बिना सोचे समझे इसतरह के वीडियो को लाइक शेयर या कमेंट करके उसका प्रचार करते हैं। मौलाना ने कहा कि शरीयत के अनुसार इस तरह की मजाकिया बातों को देखना हंसना या दूसरों को दिखाना भी बड़ा गुनाह है। गोरा ने अपील कर कहा अगर कोई नादानी में ऐसा कुछ कर भी चुका है, तब फौरन तौबा करे। इस्लाम मजाक का विषय नहीं है बल्कि यह एक बड़ी अमानत है।

### लाड़ली बहन जैसी योजनाओं के कारण राज्यों का राजस्व घाटा बढ़ा, एक रिपोर्ट में खुलासा

नई दिल्ली (ईएमएस)। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल रेटिंग्स की रिपोर्ट में बड़ा खुलासा हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत सामाजिक कल्याण योजनाओं पर खर्च बढ़ने से राज्यों में राजस्व घाटा और निवेश क्षमता पर खतरा बढ़ रहा है। रिपोर्ट में बताया गया हैं कि भारत के टॉप 18 राज्यों की ओर से सामाजिक कल्याण योजनाओं पर खर्च चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भी उच्च स्तर पर बने रहने की उम्मीद है। ये राज्य देश के कुल सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) का लगभग 90 प्रतिशत योगदान करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, यह खर्च जीएसडीपी के लगभग 2 प्रतिशत या करीब 6.4 लाख करोड़ रुपये तक बनेगा।

हालांकि, इससे राज्यों के राजस्व घाटे में वृद्धि हो सकती है, जो उनके वित्तीय लचीलापन प्रभावित हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि राज्य सरकारों का सामाजिक कल्याण पर राजस्व व्यय मुख्य रूप से पिछड़े वर्गों, महिलाओं, बच्चों और श्रमिकों के लिए विकास योजनाओं और सामाजिक सुरक्षा पेंशनों पर केंद्रित है। जानकार के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025 और 2026 के दौरान सामाजिक कल्याण व्यय में करीब 2.3 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि होने का अनुमान है। इसमें करीब 1 लाख करोड़ रुपये सिर्फ महिलाओं को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) योजनाओं के लिए हैं, जो चुनावी वादों का हिस्सा हैं। शेष 1.3 लाख करोड़ रुपये की राशि पिछड़े वर्गों को वित्तीय और चिकित्सा सहायता तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन के रूप में दी जाएगी।

### आसाराम को हाईकोर्ट से मिली राहत

अहमदाबाद(ईएमएस)। गुजरात हाईकोर्ट ने 2013 में दर्ज हुए दुष्कर्म मामले में आसाराम को बड़ी राहत दी है। हाईकोर्ट ने उसकी अस्थायी जमानत सात जुलाई तक बढ़ा दी है। इस मामले में आसाराम आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। वो चिकित्सा आधार पर जमानत पर है। न्यायमूर्ति इलेश वोरा और न्यायमूर्ति संदीप भट्ट की खंडपीठ ने आसाराम को यह विस्तार इसलिए किया ताकि उनके वकील याचिका को लेकर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर सकें। हाईकोर्ट ने कहा कि मामले की 2 जुलाई को सुनवाई होगी। इससे पहले हाईकोर्ट ने 28 मार्च को दी गई अस्थायी जमानत तीन महीने के लिए बढ़ा दी थी। वह 30 जून को समाप्त हो रही है।

# पूरे देश में बारिश ने मचाया तांडव बाढ़ से जान-माल का नुकसान

### अब तक सामान्य से 12.3 प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज




नई दिल्ली,(ईएमएस)। देश के अधिकतर हिस्सों में इन दिनों मानसून का असर चरम पर है। राजधानी दिल्ली को छोड़कर बाकी सभी राज्यों में बारिश का जोर जारी है। अब तक सामान्य से 12.3 प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज हो चुकी है। इस बारिश ने कई राज्यों में जनजीवन प्रभावित किया है। कहीं बाढ़ और कहीं बादल फटने से जान-माल का नुकसान हो रहा है।

जहां उत्तराखंड में भारी बारिश के चलते केदारनाथ हाईवे में फिर मुनकटिया इलाके में लैंडस्लाइड के कारण बंद हो गया है। एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें मौके पर काम कर रही हैं। यात्रियों को जंगल के वैकल्पिक रास्तों से सुरक्षित निकाला जा रहा है। रास्ते पर लगातार पत्थर और मलबा गिरने से मार्ग खोलना मुश्किल हो रहा है। वहीं हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में बादल फटने से 5 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 7 से ज्यादा लोग लापता हैं। कुल्लू के सैंज, मनाली और बंजार जैसे इलाकों में कई स्थानों पर बादल फटने की घटनाएं हुईं। वहीं, जम्मू-कश्मीर के पुंछ और राजौरी में बाढ़ और बादल फटने से 3 लोगों की मौत हो गई है, जिसमें 2 बच्चे भी शामिल हैं। प्रशासन की टीमें रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही हैं।

#### अहमदाबाद, सूरत और नवसारी में हालात खराब

गुजरात के अहमदाबाद, सूरत और नवसारी जिलों में बीते दो दिन से मूसलधार बारिश हो रही है। सूरत के बाद अब अहमदाबाद में भी बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। कई रिहायशी इलाकों में पानी भर गया है, जिससे लोगों को भारी दिक्कत हो रही है।

#### मध्य प्रदेशः भारी बारिश का सिस्टम सक्रिय

मध्यप्रदेश में एक चक्रवाती सिस्टम और टर्फ लाइन के कारण 20 जिलों में भारी बारिश हुई है। झाबुआ और अलीराजपुर में 8 इंच तक बारिश दर्ज हुई है। 10 जिलों में रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं बिहार में मानसून अब जोर पर है। मौसम विभाग ने 22 जिलों में ऑरेंज और 16 में येलो अलर्ट जारी किया है। तेज हवाओं के साथ बिजली गिरने की भी चेतावनी दी है। राजस्थान के जयपुर, सीकर, अलवर, बांसवाड़ा और डूंगरपुर सहित कई जिलों में भारी बारिश हुई। जहां डूंगरपुर में बिजली गिरने से एक बच्ची की मौत, वहीं सिरोही और बूंदी में तीन लोगों की जान गई। मौसम विभाग ने 21 जिलों में अलर्ट जारी किया है।

#### 23 राज्यों में अगले दो दिन भारी बारिश का अलर्ट

भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिन 23 राज्यों में भारी बारिश होने की संभावना है। इसमें उत्तर भारत के राज्यों से लेकर पूर्वोत्तर और दक्षिण भारत तक शामिल हैं।

ऑरेंज अलर्ट में उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक और केरल के लिए जारी है। जहां ये मूसलाधार बारिश खेती के लिए वरदान साबित हो रही है, वहीं दूसरी ओर यह बाढ़, लैंडस्लाइड और बिजली गिरने जैसी आपदाओं की चेतावनी भी है।

## कोलकाता में लॉ छात्रा के साथ हुआ गैंगरेप, तीन आरोपी गिरफ्तार

### पुलिस ने गवाहों के बयान किए दर्ज, कॉलेज परिसर किया सील

कोलकाता,(ईएमएस)। कोलकाता के कस्बा इलाके में स्थित साउथ कोलकाता लॉ कॉलेज में गैंगरेप के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक यह घटना 25 जून रात को कॉलेज परिसर के अंदर घटी। तीनों आरोपियों ने छात्रा को एक कमरे में ले जाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में कॉलेज का एक पूर्व छात्र और स्टाफ सदस्य के अलावा वर्तमान में पढ़ने करने वाला छात्र भी शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि पीड़िता का मेडिकल करवाया गया, गवाहों के बयान दर्ज किए गए और घटनास्थल का दौरा किया गया। कॉलेज कैंपस को सील कर दिया गया है ताकि फॉरेंसिक जांच की जा सके। पुलिस ने दो आरोपियों को तालबागान क्रॉसिंग के पास सिद्धार्थ शंकर सिशु रॉय उद्यान के सामने से गिरफ्तार किया, जबकि तीसरे आरोपी को उसके घर से हिरासत में लिया। पुलिस ने तीनों के मोबाइल फोन जब्त कर लिए हैं, ताकि डिजिटल सबूतों की जांच की जा सके। पुलिस ने कहा कि 25 जून को कोलकाता लॉ कॉलेज की छात्रा के साथ दुष्कर्म के आरोप में मनोजीत मिश्रा, जैब और प्रमित मुखोपाध्याय को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को जांच के लिए 1 जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेजा गया है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने कोलकाता में हुई एक चौंकाने वाली घटना का स्वतः संज्ञान लिया है। एनसीडब्ल्यू ने कहा कि एक विधि छात्रा के साथ कॉलेज परिसर में गैंगरेप किया गया। एनसीडब्ल्यू की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने कोलकाता के पुलिस आयुक्त को पत्र लिखकर गहरी चिंता व्यक्त की है और समयबद्ध जांच का निर्देश दिया है। उन्होंने पीड़िता को मुआवजे के साथ-साथ पूर्ण चिकित्सा, मनोवैज्ञानिक और कानूनी सहायता प्रदान करने की जरुरत पर जोर दिया। आयोग ने तीन दिनों के अंदर विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है। बता दें कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में अगस्त 2024 में एक ट्रेनी डॉक्टर के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी गई थी।

## गुजरात में 'हर घर नल से जल' योजना में बड़ा घोटाला

### 12 कर्मचारियों के खिलाफ शिकायत

अहमदाबाद। गुजरात में मनरेगा घोटाले के बाद अब 'हर घर नल से जल' योजना में बड़ा घोटाला सामने आया है। महिसागर जिले के 620 गांवों में इस योजना के तहत हुए कार्यों में 123 करोड़ के दुरुपयोग की शिकायत आने के बाद गुजरात सरकार ने 12 कर्मचारियों के खिलाफ सीआईडी क्राइम शाखा वडोदरा में शिकायत दर्ज कराई है। यह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट मानी जाती है, इसके तहत गांव-गांव पानी की पाइपलाइन बिछाकर हर घर तक नल से जल पहुंचाया जाना था। योजना का मकसद गांव के हर घर तक पाइपलाइन के माध्यम से पीने का पानी पहुंचे। महिसागर जिले के 714 गांवों में से 620 गांवों में योजना को लागू किया गया था, इसमें करीब 238 करोड़ की राशि खर्च की गई। लेकिन ज़मीनी सच्चाई यह है कि इन गांवों में न पाइपलाइन बिछाई गई, न ही नल कनेक्शन मिले और न ही एक बूंद पानी किसी घर तक पहुंचा। इसके बावजूद सरकारी दस्तावेजों में यह दिखाया गया कि कार्य पूर्ण हो चुका है। इस मामले में तत्कालीन यूनिट मैनेजर ए.जी. राजपरा और 11 आउटसोर्स कर्मचारियों पर आरोप लगा है। जिला वास्मो यूनिट के वर्तमान मैनेजर गिरीश अंगोला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कर बताया कि इन 620 गांवों में एजेंसियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से फर्जी बिल, झूठे कार्य विवरण और नकली कागजात तैयार किए गए।

## यूपी के संभल में 50 हजार रुपये में पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हो रही छेड़छाड़

### पुलिस ने आरोपी फार्मासिस्ट और कंप्यूटर ऑपरेटर को पकड़ा

संभल,(ईएमएस)। उत्तर प्रदेश के संभल जिले में एक बड़ा घोटाला सामने आया है, जहां कुछ पैसों के लालच में पोस्टमार्टम रिपोर्ट को बदलकर हत्यारे को बचाया और निर्दोष लोगों को फंसाया जा रहा था। मामले में स्वास्थ्य विभाग का एक फार्मासिस्ट और उसका साथी कंप्यूटर ऑपरेटर पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। दोनों को जेल भेज दिया गया है। डीएम ने पूरे मामले की गंभीरता को देखकर जांच कमेटी भी गठित कर दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह मामला रजपुरा थाना इलाके के गांव का है, जहां 19 मई को एक लड़की की हत्या हुई थी। लड़की के पिता को उसके प्रेम प्रसंग से परेशानी थी। नाराज होकर पिता ने अपने बेटे और साथियों के साथ मिलकर लड़की की हत्या कर शव को फांसी पर लटका दिया। इसके बाद लड़की के प्रेमी और उसके भाई पर हत्या का आरोप लगाया। हत्या के आरोपियों को बचाने के लिए आरोपी पक्ष ने एक फार्मासिस्ट से 50 हजार रुपए में सौदा किया, ताकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हेराफेरी करे और हत्यारे बच जाएं, जबकि प्रेमी जेल में चले जाएं। पुलिस ने जब मामले की जांच की, तब जाकर भ्रष्टाचार का भंडाफोड़ हुआ। पुलिस ने लड़की के पिता, भाई और अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया। साथ ही फार्मासिस्ट और कंप्यूटर ऑपरेटर को भी भ्रष्टाचार के आरोप में पकड़ा है। पुलिस को इन दोनों के मोबाइल से पोस्टमार्टम रिपोर्ट बदलने की चैट और रिश्वत के ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के साक्ष्य भी मिले हैं। जांच में पता चला कि जुनावई और असमोली इलाके में भी ऐसी ही गड़बड़ियां हो रही हैं, जहां पीएम रिपोर्ट के आधार पर हत्याएं छुपाई जा रही हैं।

## हेल और अमेरिकी जीई मिलकर बनाएंगे लड़ाकू विमानों के इंजन

### यह प्रोजेक्ट भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में होगा बड़ा कदम

नई दिल्ली,(ईएमएस)। भारत की सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (हेल) जल्द ही एक बड़ा समझौता करने जा रही है। यह समझौता अमेरिका की रक्षा कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) एयरोस्पेस के साथ होगा। दोनों कंपनियां मिलकर भारत में लड़ाकू विमानों के इंजन तैयार करेंगी। ये इंजन भारत के तेजस जैसे नए फाइटर जेट में इस्तेमाल किए जाएंगे। हेल के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर डीके सुनील ने कहा कि अमेरिकी इंजन भारत के नए लड़ाकू विमानों में इस्तेमाल होंगे। जीई के एफ-414 इंजन को भारत में बनाने की योजना पीएम मोदी की 2023 की अमेरिका यात्रा के दौरान बनी थी, लेकिन टेक्नोलॉजी को साझा करने को लेकर बातचीत में देरी हुई। इसलिए इस प्रोजेक्ट में समय लगा। इससे भारत के दुश्मन देशों को काउंटर करने में मदद मिलेगी। सुनील ने बताया कि जीई के साथ तकनीकी बातचीत पूरी हो चुकी है। खासकर टेक्नोलॉजी ट्रांसफर को लेकर सहमति बन गई है। उन्होंने कहा कि हमने करीब 80 फीसदी टेक्नोलॉजी ट्रांसफर पर सहमति दी है। इससे भारत को इंजन बनाने की आधुनिक तकनीक मिलेगी। अब हम डील को लेकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हेल को उम्मीद है कि यह समझौता मार्च 2026 तक पूरा हो जाएगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह प्रोजेक्ट भारत के रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देने और देश को आधुनिक सैन्य उपकरण बनाने में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## ऑनलाइन दोस्त से मिलने नादिया पहुंचा विदेश शख्स, लेकिन पहुंच गया थाने




कोलकाता,(ईएमएस)। नीदरलैंड्स के एक 37 वर्षीय व्यक्ति हेनरिक्स ने अपनी ऑनलाइन दोस्त से मिलने के लिए करीब 7,000 किलोमीटर की यात्रा की, लेकिन पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में उसकी यात्रा मुसीबत बन गई।

दरअसल हेनरिक्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए बंगाल की एक नाबालिग लड़की से दोस्ती की जो उसकी सबसे बड़ी गलती साबित हुई। इसके बाद वह उस लड़की से मिलने के लिए एम्सटर्डम से भारत आया। लेकिन स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद हेनरिक्स को पुलिस ने पकड़ लिया।

रिपोर्ट के मुताबिक, हेनरिक्स ने इंस्टाग्राम के माध्यम से एक नाबालिग छात्रा के साथ दोस्ती की थी। उनकी ऑनलाइन दोस्ती धीरे-धीरे गहरी हो गई, इसके बाद हेनरिक्स ने भारत आने का फैसला किया। हेनरिक्स एम्सटर्डम से कोलकाता हवाई अड्डे पर उतरा और वहां से सड़क मार्ग से नदिया जिले के मायापुर पहुंचा। इसके बाद सुबह करीब 11:30 बजे वह तेहट्टा में उस कक्षा 11 की छात्रा से मिलने गया, जिसके साथ उसकी इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई थी।

तेहट्टा में एक लंबा विदेशी युवक काफी समय तक खड़ा रहा, जिसने स्थानीय लोगों का ध्यान आकर्षित किया। तेहट्टा जैसे ग्रामीण इलाके में आमतौर पर विदेशी नहीं दिखाते हैं। दोपहर में, लोगों ने देखा कि वह स्कूल के पास उसी कक्षा 11 की छात्रा से बात कर रहा था। दोनों ने करीब 30 मिनट तक बात की। एक निवासी के अनुसार, हेनरिक्स ने छात्रा को एक डॉल भी गिफ्ट में दी। एक विदेशी व्यक्ति को स्कूल के आसपास लंबे समय तक घूमते देख लोगों को शक हुआ। इसके बाद तेहट्टा थाने को सूचना दे दी। जैसे ही पुलिस को घटना की जानकारी मिली, पुलिस ने हेनरिक्स को थाने बुलाकर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान पता चला कि जिस लड़की से वह मिलने आया था, वह नाबालिग है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, युवक ने एक नाबालिग लड़की के साथ सोशल मीडिया पर दोस्ती की थी। इसलिए वह मिलने तेहट्टा आया।

एक रिपोर्ट में हेनरिक्स ने अनुभव को अपमानजनक और निरादरपूर्ण बताया। हेनरिक्स ने कहा, मैं केवल अपनी दोस्त से मिलना चाहता था, लेकिन अब यह अनुभव बर्बाद हो गया। अगर भारत में विदेशियों के साथ ऐसा व्यवहार होता है, तब कोई यहां नहीं आएगा। हेनरिक्स ने बताया कि उनकी एक भारतीय लड़की से सोशल मीडिया पर दोस्ती हुई थी, लेकिन उन्हें यह जानकारी नहीं थी कि वह लड़की नाबालिग है। दोनों की बातचीत बढ़ती गई और हेनरिक्स ने उससे मिलने का फैसला किया। इसके बाद भारत पहुंचकर काफी दिक्कतों के बाद अपनी सोशल मीडिया दोस्त से मिला।

थाने में पूछताछ के दौरान हेनरिक्स ने अपना पासपोर्ट, वीजा और अन्य दस्तावेज दिखाए। विदेशी नागरिक ने पुलिस को लड़की की सोशल मीडिया प्रोफाइल भी दिखाई। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, पूछताछ के दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। एक विदेशी नागरिक होने के नाते हमने उन्हें पूरा सम्मान दिया। हालांकि, लड़की के नाबालिग होने और उसके पिता की आपत्ति के कारण हेनरिक्स को लड़की से मिलने की अनुमति नहीं दी। औपचारिक जांच के बाद उन्हें सम्मानपूर्वक छोड़ दिया गया।

## ममता को डर, बांग्लादेशी घुसपैठियों वाला उनका वोट बैंक खत्म हो जाएगा

### बीजेपी नेताओं ने निर्वाचन आयोग के नए फैसले का स्वागत किया



कोलकाता,(ईएमएस)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं ने दावा किया है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के नए मतदाता सूची संशोधन नियमों पर नकारात्मक टिप्पणियां उनके हार के डर को दिखा रही हैं। उन्हें डर हैं कि बांग्लादेशी घुसपैठियों का उनका समर्पित वोट बैंक खतरे में आ सकता है। ममता ने कहा कि ईसीआई के नए दिशानिर्देश इस साल बिहार विधानसभा चुनाव से पहले जारी हुए हैं, लेकिन वास्तव में ये नियम मुख्य रूप से बंगाल को निशाना बनाते हैं, जहां अगले साल चुनाव होने हैं। उन्होंने आशंका जाहिर कि हैं कि ये नए नियम राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) लागू करने की दिशा में एक कदम हो सकते हैं। पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि ममता को यह डर सता रहा है कि लंबे समय से सत्ता का खुश भोगने में मददगार रहे अवैध बांग्लादेशी घुसपैठिए, जिसमें रोहिंग्या पृष्ठभूमि वाले लोग भी शामिल हैं, उन्हें अब हटाया जाएगा और इसलिए वे आयोग पर हमलावार हैं। उन्होंने कहा, हम ईसीआई के दिशानिर्देशों का स्वागत करते हैं। हम चाहते हैं कि मतदाता पहचान पत्र को आधार कार्ड से जोड़ा दिया जाए। हम बायोमैट्रिक चाहते हैं। ममता को डर है, क्योंकि उनके समर्पित वोट बैंक के कई लोग अब हटाए जाएंगे। हाल ही में दक्षिण 24 परगना जिले के काकद्वीप उप-मंडल के न्यूटन दास नाम के व्यक्ति को आयोग ने भारत और बांग्लादेश दोनों की मतदाता सूचियों में शामिल पाया। इसके बाद उनका नाम भारत की मतदाता सूची से हटाया गया। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने भी ममता के ईसीआई के नियमों पर डर को लेकर उनकी टिप्पणियों पर तंज कसा।

उनके अनुसार, मुख्यमंत्री का यह आरोप कि ईसीआई के दिशानिर्देश एनआरसी लागू करने का पहला कदम है, यह हैरान करने वाला और गैर-जिम्मेदाराना है, क्योंकि आयोग की ऐसी प्रक्रियाएं वैधानिक और नियमित हैं, जिनका उद्देश्य बंगाल की मतदाता सूचियों में शामिल किया जाना था।

# संपादकीय

## कोयलांचल संवाद

## पेगासस का भूत अमेरिका में जिन्दा भारत में जवाबदेही क्यों नहीं?

पेगासस जासूसी कांड का भूत एक बार फिर वैश्विक मंच अमेरिका मैं जिंदा होकर सामने आया है। इस बार अमेरिका की अदालत में पेगासस ने जो जानकारी दी है, उसमें भारत में 100 लोगों की जासूसी की जानकारी भी सामने आई है। जिसके कारण भारत भी कटघरे में खड़ा हो गया है। अमेरिका की कैलिफोर्निया स्थित फेडरल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में चल रहे व्हाट्सएप बनाम एनएसओ केस में जो दस्तावेज दाखिल किये गये हैं, उन्होंने भारत सहित 51 देशों में 1223 लोगों की जासूसी किए जाने की पुष्टि की गई है। इस सूची में भारत 100 लोगों की जासूसी के साथ दूसरे स्थान पर है। यह भारत के लिए गंभीर चिंता का विषय है। भारत सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में यह कहकर जांच टलवा दी थी। यह 'राष्ट्रीय सुरक्षा' का मामला है। जबकि पेगासस बनाने वाली कंपनी एनएसओ स्पष्ट कर चुकी है, यह सॉफ्टवेयर केवल सरकारों को ही बेचा जाता है। जब सरकार खरीददार है, तो सरकार इसके लिए जिम्मेदार भी है। भारत की सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में कहा था, सरकार ने जांच में कोई सहयोग नहीं दिया। जिसके कारण कमेटी कुछ उल्लेखनीय जांच नहीं कर पाई। अब सवाल यह है, जब अमेरिका की अदालत में सबूतों के साथ जासूसी की पुष्टि हो गई है, उसके बाद भी भारत सरकार और सुप्रीम कोर्ट चुप क्यों है? भारत सरकार को क्या यह स्वीकार नहीं करना चाहिए कि सरकार ने इसका उपयोग राष्ट्रीय हित के लिए किया है। वह कौन से राष्ट्रीय हित थे, यह भी सरकार को सुप्रीम कोर्ट में बताना चाहिए। सरकार ने सत्ता पर पकड़ मजबूत करने के लिए अपनी मशीनरी का इस्तेमाल विरोधियों, पत्रकारों, जजों और मंत्रियों तक की निगरानी के लिए किया है। यह स्पष्ट होना जरूरी हो गया है। कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला जैसे नेताओं ने आज सवाल पूछा है। यह सॉफ्टवेयर खरीदा किसने है? किस विभाग के बजट से खरीदा गया है? किस एजेंसी ने निगरानी के लिए इसका इस्तेमाल किया? क्या सरकार अब भी जानकारी देने से बचेगी? लोकतंत्र की पारदर्शिता इसी में है। जब सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों तक की निगरानी पेगासस सॉफ्टवेयर के माध्यम से किए जाने के आरोप लग रहे हों तो ऐसी स्थिति में सरकार और संबंधित विभाग की जवाबदेही तय होना ही चाहिये। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश जिसमें लिखित नियम और कानून का अस्तित्व है यदि उस देश में जवाबदेही तय ना हो, तो अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की साख और अस्तित्व संकट में पड़ना तय है। भारत की संप्रभुता और नागरिकों के मौलिक और कानूनी अधिकारों को सत्ता में बैठे हुए लोगों की मनमानी और अपारदर्शी प्रक्रियाओं की भेंट चढ़ा दिया जाएगा। अमेरिका की कोर्ट में जब एनएसओ ने दस्तावेजों के साथ यह स्वीकार कर लिया है कि उसने 51 देशों में 1223 लोगों की जासूसी की है, जिसमें भारत भी शामिल है। सुप्रीम कोर्ट के पास सीलबंद रिपोर्ट मौजूद है। जो सुप्रीम कोर्ट ने अभी तक नहीं खोली है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त कमेटी को सरकार ने कोई जानकारी नहीं दी थी। इस मामले में अब सुप्रीम कोर्ट की जिम्मेदारी है। वह इस मामले की पुनः सुनवाई शुरु करे। सील बंद लिफाफे को सार्वजनिक करे। सुप्रीम कोर्ट सभी पक्षों को सुनने के बाद इसमें अपना फैसला दे। इस जासूसी में सुप्रीम कोर्ट के भी जज शामिल किए गए थे। जिसके कारण यह मामला और भी गंभीर हो जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने यदि इस मामले की सुनवाई जल्द शुरू नहीं की तो इसका असर न्यायपालिका की साख पर भी पडना तय है। सरकार को भी जनता को सच बताने के लिए अब सामने आना चाहिए। राष्ट्रीय हित को साधने के लिए यदि यह जासूसी कराई गई थी तो सरकार को स्थिति स्पष्ट करनी होगी। वरना पेगासस का भूत भारत की लोकतांत्रिक आत्मा को लंबे समय तक डराता और धमकाता रहेगा। जिसके कारण भारत आंतरिक और वैश्विक मंच पर बहुत कमजोर होगा। अतः इस मामले में सुप्रीम कोर्ट की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। सरकार आज भी यह कहती है, कि उसे सुप्रीम कोर्ट से क्लीन चिट मिल चुकी है। इस मामले में कहीं ना कहीं न्यायपालिका पर भी प्रश्न चिन्ह लगने लगे हैं। वर्तमान स्थिति को देखते हुए जल्द से जल्द इस मामले में दूध का दूध और पानी का पानी होना जरूरी है।

# जलवायु क्षेत्र में भारत की ग्यारह वर्षों की प्रगति

**भूपेंद्र यादव**

मानव द्वारा उत्पन्न जलवायु परिवर्तन के प्रभाव पूरी दुनिया में महसूस किए जा रहे हैं। जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल (आईपीसीसी) की छठी आकलन रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि 2011-20 के दशक में पृथ्वी का तापमान, पूर्व-औद्योगिक काल (1850-1900) की तुलना में 1.1 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया है। साथ ही, विकसित देश वैश्विक कार्बन बजट में असंगत हिस्सेदारी रखने के बावजूद जलवायु कार्रवाई को गति देने के लिए आवश्यक साधन प्रदान करने के प्रति इच्छुक नहीं दिखाई देते।

इस वैश्विक परिदृश्य के बीच भारत के 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' के प्राचीन वैदिक सिद्धांत ने सहस्राब्दियों से मानव सभ्यता का मार्गदर्शन किया है। आज जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन के कारण अस्तित्व की चुनौती से जूझ रही है, तो जलवायु प्रबंधन के प्रति भारत की कालातीत वैदिक ज्ञान की प्रतिध्वनि विश्व को मार्ग दिखा रही है।

एक ओर, वैश्विक समुदाय अक्सर जलवायु परिवर्तन से उपजी तापमान वृद्धि, अनियमित मौसम पैटर्न और आपदाओं में वृद्धि जैसी 'असुविधाजनक सच्चाइयों' में उलझा हुआ है। दूसरी ओर, भारत ने 'सुविधाजनक कार्रवाई' के दर्शन को सामने रखा है। हमारे सभ्यतागत लोकाचार में निहित इस दृष्टिकोण ने पिछले ग्यारह वर्षों में भारत को एक कर्तव्यनिष्ठ वैश्विक जलवायु नागरिक में बदल दिया है।

अथर्ववेद का एक श्लोक है,

"यत् किञ्च पृथिव्यां पृथिवीमनुत्तं हितं चेद् तत् तवायतु।
मा नः पृथिव्याः परं हिंसिष्ठाः।"

पृथ्वी का जो कुछ भी हम खनन करते हैं, उसे जल्दी से भरने दें, हम पृथ्वी के प्राण-तत्वों पर आघात न करें और न ही उसके हृदय को क्षति पहुंचाएं। यह श्लोक आधुनिक जलवायु विज्ञान से हज़ारों साल पहले के पुनर्निर्माण पर आधारित प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के सिद्धांतों को दर्शाता है। इस प्राचीन ज्ञान को जलवायु कार्रवाई के प्रति हमारे दृष्टिकोण पर आधारित समकालीन नीतिगत ढाँचों में पिरोया गया है, जिससे पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक कार्रवाई का एक अनूठा तालमेल बना है।

इस दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए, 2014 में पदभार ग्रहण करने के कुछ सप्ताह के भीतर ही प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने एक सरल लेकिन दूरगामी प्रशासनिक निर्णय के माध्यम से अपनी जलवायु प्रतिबद्धता और दूरदर्शिता का परिचय दिया। पर्यावरण और वन मंत्रालय में 'जलवायु परिवर्तन' को जोड़कर, उन्होंने जलवायु कार्रवाई को क्षेत्र-संबंधी चिंता के सीमित दायरे से निकालकर शासन की प्राथमिकता में ला दिया। 2015 में जलवायु परिवर्तन के लिए राष्ट्रीय अनुकूलन कोष का निर्माण इस प्रतिबद्धता का ही उदाहरण है, जिसके द्वारा राज्यों को जलवायु संकट से निपटने से संबंधित संसाधन प्रदान किए जाते हैं। कई राज्य सरकारों ने अपने स्वयं के जलवायु परिवर्तन विभाग स्थापित करके इस कदम का समर्थन किया, जिससे जलवायु कार्रवाई की एक संघीय व्यवस्था तैयार हुई।

2015 में, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, भारत ने वैश्विक जलवायु वार्ता में अग्रणी भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री खुद पेरिस गए और पेरिस समझौते को अंतिम रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे धरती के संरक्षण में भारत की उच्च स्तरीय प्रतिबद्धता स्पष्ट हुई। ऐसे देशों के विपरीत, जो जलवायु प्रतिबद्धताओं को बोझ के रूप में देखते हैं, भारत ने इसी वर्ष पेरिस में आयोजित कॉप-21 में अपने पहले राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) को पूरा करके ठोस कार्रवाई का प्रदर्शन किया। यह देश की घरेलू अनिवार्यताओं और अपनी राष्ट्रीय परिस्थितियों द्वारा निर्देशित वैश्विक समुदाय के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रकटीकरण था।

पेरिस समझौते पर हस्ताक्षर करने के समय यानी 2015 में ही एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) का गठन हुआ, जो लगातार मजबूत होता गया और आज 120 से अधिक देश इसके सदस्य हैं। इस गठबंधन ने सौर ऊर्जा संपन्न देशों के लिए स्वच्छ ऊर्जा समाधानों पर सहयोग करने हेतु एक मंच तैयार किया है। नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) को दिए गए प्रोत्साहन से, इसकी स्थापित क्षमता 2014 के मात्र 76 गीगावाट से बढ़कर मार्च 2025 में 220 गीगावाट हो गई है और 2030 तक इसके 500 गीगावाट तक पहुंचने की संभावना है। स्थापित क्षमता के संदर्भ में भारत की बात करने तो हम आरई में चौथे, पवन ऊर्जा में चौथे और सौर ऊर्जा में तीसरे स्थान पर हैं। एक दशक में यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है।

सरकार द्वारा अपनी कई योजनाओं के माध्यम से परिवर्तनकारी जलवायु कार्रवाई के लिए भारत की प्रतिबद्धता को गति प्रदान की गई है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (2016) से लाखों महिलाओं को खाना पकाने के लिए स्वच्छ ईंधन मिला, जो दर्शाता है कि जलवायु कार्रवाई का सामाजिक न्याय के साथ तालमेल कैसे बिठाना चाहिए। पीएम-कुसुम योजना (2019) ने किसानों को सौर ऊर्जा समाधानों के जरिये सशक्त बनाया, वहीं रूफटॉप सौर कार्यक्रम से पूरे देश में नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने में तेजी आयी है।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 23 सितंबर, 2019 को न्यूयॉर्क शहर में आयोजित संयुक्त राष्ट्र जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में आपदा रोधी अवसंरचना गठबंधन (सीडीआरआई) की घोषणा की, जिसकी औपचारिक शुरुआत 28 अगस्त, 2019 को हुई थी। इससे आपदा-रोधी अवसंरचना विकास को बढ़ावा देने में एक वैश्विक साझेदारी का निर्माण हुआ। स्वीडन के साथ साझेदारी में लीडआईटी (उद्योग में बदलाव के लिए नेतृत्व समूह) बनाया गया, जो जलवायु लक्ष्यों के लिए औद्योगिक बदलाव के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। सौर विनिर्माण (2020) के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना से घरेलू सौर विनिर्माण क्षमता मजबूत हुई, आयात पर निर्भरता कम हुई और एक मजबूत स्वदेशी सौर इकोसिस्टम का निर्माण हुआ।

2021 में ग्लासगो में आयोजित कॉप 26 में भारत ने देश के जलवायु परिदृश्य को और मजबूत करते हुए ऐतिहासिक घोषणाएँ कीं। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अपने वक्तव्य में भारत के महत्वाकांक्षी अभियान पंचामृत की घोषणा की गई। पंचामृत यानी पाँच अमृत तत्व, जिसमें जलवायु प्रतिबद्धता को बढ़ाना और 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करना शामिल है। इसी संबोधन के दौरान, प्रधानमंत्री ने मिशन लाइफ़ - पर्यावरण के लिए जीवनशैली की शुरुआत की, ताकि वैश्विक स्तर पर नागरिकों को जलवायु परिवर्तन के खिलाफ़ सामूहिक लड़ाई में शामिल किया जा सके। इस ऐतिहासिक प्रतिबद्धता ने भारत को विकासशील देशों के बीच जलवायु नेतृत्वकर्ता के रूप में स्थापित किया।

2 नवंबर, 2021 को ग्लासगो में कॉप 26 के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने आईआरआईएस (सुदृढ़ द्वीप देशों के लिए अवसंरचना) लॉन्च किया, जिसमें ऑस्ट्रेलिया, फिजी, जमैका, मॉरीशस और यूके के प्रधानमंत्रियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम से जलवायु-संवेदनशील देशों के प्रति वैश्विक एकजुटता प्रदर्शित की गई।

भारत ने 2022 में अपने एनडीसी को परिवर्तित करते हुए उसमें संरक्षण और संयम की परंपराओं और मूल्यों के आधार पर स्वस्थ और सतत जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए एक गुणात्मक लक्ष्य के रूप में मिशन लाइफ को शामिल किया। इसी क्रम में, नवंबर 2022 में भारत ने अपनी दीर्घकालिक कम उत्सर्जन विकास रणनीति (एलटी-एलईडी) प्रस्तुत की, जिसमें 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने के साथ-साथ सतत विकास के लिए एक रूपरेखा प्रदान की गई है। इसी वर्ष राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन का शुभारंभ हुआ, जिससे भारत हरित हाइड्रोजन उत्पादन और निर्यात में एक वैश्विक केंद्र के रूप में उभरा, जो ऊर्जा स्वतंत्रता और स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों को अपनाने की हमारी दृष्टि के अनुरूप है।

वर्ष 2023 में विकसित भारत 2047 की घोषणा, एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित हुई, जो 2047 तक पारिस्थितिकी और अर्थव्यवस्था तथा प्रकृति और प्रगति के बीच एक नाजुक संतुलन बनाए रखते हुए विकसित राष्ट्र बनने के प्रति भारत का विज़न है। भारत की जलवायु कार्रवाई, 2047 तक विकसित भारत के विज़न के अनुरूप है। जलवायु परिवर्तन को कम करने की दिशा में कार्रवाई के अलावा, भारत ने व्यापक जलवायु रिपोर्टिंग का प्रदर्शन करते हुए द्विवार्षिक प्रगति रिपोर्ट के साथ अपना अनुकूलन संवाद भी प्रस्तुत किया है।

2024 में बदलाव लाने वाली दो नागरिक केंद्रित पहलों की शुरुआत हुई। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ने सौर ऊर्जा तक पहुँच को लोकतांत्रिक बनाया, जबकि एक पेड़ माँ के नाम के शुभारंभ ने वनीकरण को एक जन आंदोलन का रूप दिया। इन कार्यक्रमों के जरिये प्रत्येक नागरिक को जलवायु कार्रवाई में योगदान देने के लिए सशक्त बनाया गया। ऊर्जा सुरक्षा और स्थायित्व हासिल करने के लिए परमाणु ऊर्जा को एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में मान्यता देते हुए, 2025 में विकसित भारत के लिए राष्ट्रीय ऊर्जा मिशन और राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन का शुभारंभ किया गया। आम बजट 2025-26 में इसके लिए 20,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इस बजट के साथ यह परमाणु ऊर्जा मिशन, छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर (एसएमआर) के अनुसंधान और विकास पर ध्यान केंद्रित करता है, जिसका लक्ष्य 2033 तक कम से कम पांच स्वदेशी रूप से डिजाइन किये गये और संचालन योग्य एसएमआर विकसित करना है। निस्संदेह यह मिशन भारत को अगली पीढ़ी की परमाणु प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अग्रणी देश के रूप में स्थापित करेगा।

भारत 2030 तक अपने उन्नत एनडीसी को प्राप्त करने के लिए प्रगति-पाथ पर तेज़ी से आगे बढ़ रहा पर है और 2030-35 की अवधि के लिए एनडीसी के संशोधन की तैयारी कर रहा है। भारत जलवायु कार्रवाई में निरंतर सुधार का प्रदर्शन कर रहा है और संभावना है कि देश शीघ्र ही पहली राष्ट्रीय अनुकूलन योजना भी प्रस्तुत करेगा।

भारत, शमन उपायों के माध्यम से आपूर्ति पक्ष पर और व्यक्तिगत स्तर पर पर्यावरण-अनुकूल जीवन शैली को बढ़ावा देकर मांग पक्ष पर जलवायु कार्रवाई कर रहा है।

सबसे उल्लेखनीय बात यह है कि भारत ने जनभागीदारी के आह्वान के साथ जलवायु कार्रवाई को सरकारी जिम्मेदारी से एक जन आंदोलन में बदल दिया है।

भारत की अंतर्राष्ट्रीय जलवायु पहल वसुधैव कुटुम्बकम के प्राचीन भारतीय सिद्धांत को मूर्त रूप देती है। अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए), आपदा रोधी अवसंरचना के लिए गठबंधन (सीडीआरआई), वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन, लीडआईटी और अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट गठबंधन (आईबीसीए) चुनौतियों पर अटके रहने के बजाय, सिद्धांतों पर अमल करने और समाधान साझा करने की भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

भारत की जी 20 अध्यक्षता के दौरान, पर्यावरण और जलवायु कार्य समूह से अलग कई अन्य कार्य समूहों में जलवायु संबंधी विचारों को मुख्यधारा में लाया गया। विकास कार्य समूह ने सतत विकास के लिए जीवनशैली पर ध्यान केंद्रित किया, जबकि ऊर्जा कार्य समूह ने न्यायसंगत और समावेशी ऊर्जा स्रोतों में बदलाव पर ध्यान केंद्रित किया। यह पहले दिखाती हैं कि जलवायु संबंधी चिंताएँ क्षेत्रीय सीमाओं को कैसे पार करतीं हैं। भारत ने वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन की भी शुरुआत की, जिससे स्थायी जैव ईंधन पर अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के लिए एक मंच तैयार हुआ।

असुविधाजनक सत्य को सुविधाजनक कार्रवाई में बदलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने सिद्ध किया है कि जलवायु नेतृत्व के लिए न केवल वैज्ञानिक समझ की आवश्यकता होती है, बल्कि मानवीय कार्रवाई को प्राकृतिक सामंजस्य के साथ जोड़ने की समझ की भी जरूरत होती है।

# जातंकवाद

**बीपी गौतम**

मानव कभी पत्थर रगड़ कर आग जलाता था और भून कर भोजन खाता था, वह वस्त्रों के स्थान पर पत्ते लपेट कर रहता था। कभी मानव जंगल में रहता था और जानवरों की तरह ही जीवन जीता था लेकिन, मानव ने अपने बुद्धि कौशल से अप्रत्याशित विकास किया है, वह आज दूसरों ग्रहों पर पहुंच गया है और वहां बसने के विकल्प खोज रहा है लेकिन, इस युग में भी धर्म, जाति और भोजन को लेकर आये दिन विवाद होते रहते हैं। उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में भागवत कथा कहने वालों को जाति को लेकर अपमानित किया गया, इसी तरह ओडिशा के बारगढ़ जिले में युवती द्वारा अंतर्जातीय विवाह कर लेने पर, उसके पूरे परिवार को शुद्धिकरण करने के नाम पर अपमानित किया गया, जबकि ओडिशा सरकार अंतर्जातीय विवाह को प्रत्साहित करने के उद्देश्य से योजना संचालित कर रही है, इस स्टोरी में बीपी गौतम इटावा और बारगढ़ जिले की घटनाओं पर ही प्रकाश डाल रहे हैं...

### यादव होने पर मुड़वा दिये सिर

उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में महेवा क्षेत्र के गांव दांदरपुर में शनिवार रात ग्रामीणों ने भगवताचार्य मुकट मणी (मुक्त सिंह) व उनके सहयोगियों को पीटा, भगवताचार्य का सिर मुड़वाकर चोटी काट दी, नाक रगड़वाकर, गांव के लोगों के पैर छुआकर माफी मंगवाई एवं बाइक की हवा निकालकर दोबारा पंप से हवा भरवाई, इस घटना का वीडियो सोशल साइट्स पर वायरल होने के बाद हड़कंप मच गया। बताते हैं कि ग्रामीणों ने श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन कराया था, जिसके लिये भगवताचार्य मुकट मणी (मुक्त सिंह) निवासी गांव थाना सिविल लाइन को बुलाया गया था, साथ में सहयोगी संत सिंह यादव निवासी कानपुर देहात और श्याम सिंह कठेरिया निवासी अछल्दा पहुंचे थे। सुबह कलश यात्रा होने के बाद देर शाम पाठ समाप्त हो गया, इस बीच ही गांव में भगवताचार्य के ब्राह्मण न होने की चर्चा शुरू हो गई, जिसकी पूछताछ करने पर पुष्टि की गई, इसके बाद ग्रामीण आक्रोशित हो उठे, फिर तीनों के साथ बर्बरता की गई। मुकट मणी ने आरोप लगाया कि उनसे 25 हजार रुपये, एक चेन और अंगूठी भी लूट ली।

### भगवताचार्य के पास मिले दो आधार कार्ड

घटना के बाद पता चला कि ग्रामीणों ने भगवताचार्य मुकट मणी के पास दो अलग-अलग आधार कार्ड पकड़े थे। एक आधार कार्ड पर मुकट मणी अग्निहोत्री लिखा हुआ है, जिस पर पता ब्लॉक चौराहा, महेवा रोड अछल्दा औरैया लिखा है, जबकि एसएसपी से मिलने पहुंचे मुकट मणी ने अपना एक और आधार कार्ड पत्रकारों को दिखाया, इसमें उसका नाम मुक्त सिंह निवासी गांव नग्ला मोतीराम, पोस्ट निवाड़ीकलां, कुशगंवा अहिरन जिला इटावा लिखा हुआ है। पुलिस की जांच में भगवताचार्य का असली पता शहर के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के जवाहरपुर का निकला है, इस पते का किसी भी आधार कार्ड में जिक्र नहीं है, दोनों आधार कार्ड पर एक ही नंबर है। भगवताचार्य ने आरोप लगाया है कि बचाव के लिये ग्रामीणों ने उनका एक फर्जी आधार कार्ड बनवाकर पुलिस को सौंप दिया है, जबकि गांव के लोगों ने बताया कि पूछताछ करने पर आरोपित ने अपने आधार कार्ड दिये थे। ग्रामीणों ने बताया कि बाबा लगातार भ्रमित करने के लिये स्वयं को मथुरा और वृंदावन का बता रहा था, इसने स्वयं को ब्राह्मण भी बताया था लेकिन, शनिवार को कथा में आये इसके गांव के ही एक ग्रामीण ने यादव होने की जानकारी दी थी।

### अखिलेश ने दी आंदोलन करने की चेतावनी

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा कि इटावा के बकेवर इलाके के दांदरपुर गांव में भागवत कथा के दौरान कथावाचक और उनके सहायकों की जाति पूछी गई। पीडीए की एक जाति बताने पर, कुछ वर्चस्ववादी और प्रभुत्ववादी लोगों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार करते हुये बाल कटवाये। हमारा संविधान जातिगत भेदभाव की अनुमति नहीं देता है। सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी हो। अगर आगामी तीन दिनों में कड़ी कार्रवाई नहीं हुई तो, आंदोलन का आह्वान कर देंगे।

# सिद्धपीठ तारापीठः जहां देवी तारा के साथ होती हैं उनके परम भक्त बामा खेपा की पूजा

**शिव शंकर सिंह पारिजात**

**गुप्त नवरात्र के अवसर पर विशेष**



प्रत्येक वर्ष शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा की तिथि से आरंभ होने वाले गुप्त नवरात्र के दिन से (इस वर्ष 26 जून से) पूरे देश में देवी दुर्गा की दस महाविद्याओं का पूजन-अनुष्ठान शुरू हो जाता है। देवी के दस महाविद्याओं में मां काली, मां षोडशी, मां भुवनेश्वरी, मां भैरवी, मां छिन्नमस्तिका, मां धूमावती, मां बगलामुखी, मां मातंगी तथा मां कमला के साथ मां तारा के नाम शामिल हैं जिनके मंत्रोच्चारों से गुप्त नवरात्र के नवों दिन गूंजायमान रहते हैं। साल के बारहों महीने भक्त श्रद्धालुओं की आवाजाही से गुलजार तारापीठ में गुप्त नवरात्र के दिनों में देश के अन्य शक्तिपीठों की तरह खास चहल-पहल रहती है।

देवी के दस महाविद्याओं में मां तारा का विशेष महात्म्य है जिनका सिद्धपीठ पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिला के रामपुर हाट स्टेशन के निकट अवस्थित है। नील सरस्वती, एकजटा भवानी, तारा तारिणी आदि नामों से संबोधित मां तारा परम कल्याणी मानी जाती हैं। करुणामयी तारा मां की एक खास विशेषता यह है कि ये भक्त-वत्सल हैं तथा सबकी मनोकामनाएं पूरी करती हैं।तभी तो तारापीठ मंदिर परिसर में मां तारा के साथ उनके परम भक्त बामा खेपा की भी पूजा होती है। ऐसा उदाहरण विरले ही मिलेगा कि एक ही स्थान पर भगवान के साथ उनके भक्त की भी पूजा होती हो। कहते हैं कि तारा मां और उनके अनन्य भक्त बामा खेपा के बीच माता और पुत्र का संबंध था जिनकी कई रोचक कहानियां आपको तारापीठ में प्रवेश करने के साथ ही सुनने को मिलेंगी।

तारापीठ बंगाल के साथ पूर्वोत्तर भारत का एक प्रमुख शक्ति-स्थल है जो पटना-हावड़ा लूप रेल लाईन पर झारखंड-बंगाल की सीमा पर रामपुर हाट स्टेशन (बीरभूम जिला, पश्चिम बंगाल) से करीब 8 किमी दूर द्वारिका नदी के तट पर स्थित है।

एक खास बात यह है कि बंगाल में शक्ति-पूजा की प्राचीन परम्परा है। यहां के घर-घर में देवी काली की पूजा होती है जिनके मंदिर यहां के हर गली-मुहल्लों में देखने को मिल जायेंगे। तारापीठ (बीरभूम) के अलावे कालीघाट (कोलकाता), कंकाली तल्ला व नलहट्टी (बीरभूम) और किरीतेश्वर (मुर्शिदाबाद), तामलुक (मेदिनीपुर), खीरग्राम व केतुग्राम (कटवा), वक्रेश्वर व फूल्लरा (बीरभूम) तथा रत्नाबली (हूगली) पश्चिम बंगाल के प्रमुख शक्ति-स्थल और शक्तिपीठ हैं।

तारापीठ में आद्या देवी शक्ति की अवतार मां तारा विराजती हैं। इस स्थल की मान्यता एक जाग्रत शक्ति पीठ एवं तंत्रपीठ के रूप में है जहां आराधकों और साधकों की विनती शीघ्र सुनी जाती है। मां तारा सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य-आरोग्य व ज्ञान-साधना की देवी मानी जाती हैं। यही कारण है कि बिहार, बंगाल और झारखंड सहित देश के कोने-कोने से प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु तारा मां के दर्शन हेतु यहां आते हैं एवं भक्ति पूर्वक पूजन-अर्चन कर मनोवांछित फल पाते हैं।

शक्ति-पीठ तारापीठ के बारे में ऐसी मान्यता है कि यहां देवी की आंखों का तारा गिरा था जिसकी कथा दक्ष प्रजापति के यज्ञ और माता पार्वती के हवन-कुंड में दाह से जुड़ी है। जब पिता दक्ष द्वारा अपने पति शंकर की अवहेलना से व्यथित पार्वती ने हवन-कुंड में कूदकर आत्मदाह कर लिया और इससे उन्मत्त होकर शिव उनके शव को लेकर तीनों लोक में फिरने लगे तो भगवान विष्णु ने श्रृष्टि के नियमों के रक्षार्थ देवी के शव को सुदर्शन चक्र से काट डाले जिसके 51 टुकड़े होकर विभिन्न 51 स्थानों में गिरे जिनकी मान्यता 51 शक्तिपीठों में हुई। तारापीठ में देवी की आंखों के तारे गिरे थे, इस कारण इसकी प्रसिद्धि तारापीठ के नाम से हुई। ऐसे एक मान्यता यह भी है कि यह स्थल बिहार के महेशी में है।

देवी तारा के आविर्भाव के संबंध में कालिका पुराण में वर्णित है कि शुंभ व निशुंभ दानवों से पराजय के बाद जब देवतागण हिमालय में जाकर देवी मातंगी का आह्वान करने लगे तो देवी के शरीर से महासरस्वती स्वरूप श्वेत वरणवाली कौशिकी के साथ काले वरणवाली काली अथवा उग्रतारा प्रकट् हुई थीं। देवी तारा नील वरण की चार भुजाओं वाली होती हैं जिसमें वे तलवार, खप्पर, कटार और नील कमल धारण करती हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार वशिष्ठ मुनि ने तारा मंदिर के निकट द्वारिका नदी के तट पर स्थित श्मशान में तारा माँ की आराधना की थी जिसके कारण ये वशिष्ट आराधित तारा के नाम से भी जानी जाती हैं। डेविड आर. किंसले कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी से प्रकाशित अपनी पुस्तक तांत्रिक विज़न ऑफ द डिवाइन फेमिनिनःद टेन महाविद्यास में बताते हैं कि स्थानीय परम्परा के अनुसार मुनि वशिष्ठ ने इस स्थान को इस कारण अपनी साधना के लिये चुना क्योंकि इसकी प्रसिद्धि सिद्ध पीठ के रूप में थी। वशिष्ट मुनि ने यहां कठोर तपस्या करते हुए 3 लाख तारा मंत्रों के जाप किये थे जिससे प्रसन्न होकर देवी तारा उनके समक्ष पकट् हुई। वशिष्ठ के अनुरोध पर देवी ने उन्हें भगवान शिव को दुग्ध-पान कराते हुए मातृ स्वरुप में दर्शन दिये जिसके उपरांत वे शिलामूर्ति में परिवर्तित हो गईं। बाद में द्वारिका नदी के तट पर स्थित श्मशान, जहां वशिष्ट मुनि ने तपस्या की थी, से प्राप्त तारा माँ की इस शिलामयी प्रस्तर मूर्ति को मुख्य तारा मंदिर में लाकर प्रतिष्ठित किया गया है जिसके उपर देवी की चांदी की मुखाकृति आवेष्ठित कर दी गई है जिसका दर्शन-पूजन श्रद्धालुगण करते हैं। प्रतिदिन देर रात्रि में भक्तों को देवी तारा के शिलारुप का दर्शन कराया जाता है। मुख्य तारा मंदिर के निकट स्थित श्मशान में, जहां वशिष्ट मुनि ने तपस्या की थी, परिसर में वशिष्ठ मंदिर तथा पंचमुंडी मंदिर निर्मित है जहां साधना करते साधकों को देखा जा सकता है। हिंदू धर्मावलंबियों की तरह बौद्ध धर्म में भी देवी तारा का अत्यंत महात्यम है। बौद्ध धर्म में भी ये शाक्त देवी के रूप में पूजी जाती हैं। बौद्ध धर्म की तिब्बती मान्यताओं में आर्यतारा महायान में नारी बोधिसत्व और वज्रयान में नारी बुद्ध के रूप में पूजा की जाती है जो मुक्ति व सफलता प्रदान करती हैं।

मां तारा के महात्म्य की चर्चा उनके अनन्य भक्त बामाखेपा अर्थात बामदेव का उल्लेख किये बिना अधूरी है। मां की भक्ति में सुध-बुध खोकर सदैव लीन रहनेवाले बामदेव ऐसे रम गये कि लोग उनको खेपा अर्थात् पागल कहकर पुकारने लगे। आज उनकी प्रसिद्धि बामा खेपा के नाम से है।

बामा खेपा का जन्म तारापीठ से 8 कि.मी. की दूरी पर आटला नामक ग्राम में हुआ था। कहते हैं उन्हें मा का दर्शन प्राप्त हुआ था। तारापीठ में मा तारा के मंदिर परिसर में ही बामदेव का भी मंदिर है। ऐसा विरले होता है कि एक ही स्थान पर भक्त के साथ उनके भगवान की भी पूजा होती हो।

बामाखेपा एक सिद्ध तांत्रिक थे तथा मंदिर के बगल में स्थित श्मशान रहकर साधना करते थे। बामा खेपा मां तारा की आराधना किसी देवी की तरह नहीं, वरन् मां के रूप में करते थे तथा उनके साथ पुत्र की तरह उन्मुक्त व्यहवार करते थे जिसके कारण मंदिर के पुजारी उन्हें बीच-बीच में प्रताड़ित करते रहते थे।

इस संबंध में अपनी पुस्तक में डेविड आर.किंसले एक घटना का जिक्र करते हुए कहते हैं कि एक बार बामा ने तारा मां को भोग लगाने के पहले ही उसके फल को उठाकर खा लिया जिससे क्रोधित होकर पुजारियों ने उन्हें मंदिर से निकाल बाहर कर दिया। मां के वियोग में बामा बगल के श्मशान में एक एक पेड़ के नीचे बामा खेपा मां की रट लगाते हुए विलाप करने लगे। कहते हैं अपने पुत्र की इस दशा से मां तारा ने विह्वल होकर नाटोर स्टेट की रानी, जिनके राज में तारापीठ पड़ता था, को स्वप्न दिया है कि मेरा पुत्र श्मशान में भूखा पड़ा है, तो मैं तुम्हारा भोग कैसे स्वीकार कर सकती हूं, पहले उसको भोजन दो। उन दिनों नाटोर स्टेट की रानी की तरफ से मां तारा को प्रतिदिन भोग चढ़ाने की परंपरा थी। देवी के आदेश का रानी ने तत्काल पालन किया और मां को भोग लगाने के पहले श्मशान में मां की रट लगाते बेसुध बामा खेपा को भोजन कराया। तब से देवी को भोग लगाने के पूर्व बामा को भोजन देने की परिपाटी चल पड़ी। ऐसी मान्यता है कि मां तारा ने बामा खेपा को दर्शन दिये थे।

तारापीठ आनेवाले हर श्रद्धालु मां तारा के साथ उनके अनन्य भक्त बामा खेपा के प्रति श्रद्धा निवेदित करते हैं। तारा मां को को जवा, कमल और नीले अपराजिता के फूल अत्यंत प्रिय हैं, इस कारण श्रद्धालुगण इन फूलों को आवश्यक रूप से माँ को अर्पित करते हैं और तत्पश्चात मंदिर परिसर में स्थित बामा खेपा के मंदिर में पूजन-दर्शन करते हैं। ऐसे तो यहां सालों भर भक्तों का तांता लगा रहता है, किंतु शनिवार और रविवार-सोमवार को माँ तारा का दर्शन-पूजन परम आनन्ददायक तथा फलदायी माना जाता है। श्रावण के महीने में देश विभिन्न स्थानों से देवघर वैद्यनाथ धाम (झारखंड) आकर वैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग को सुल्तानगंज (भागलपुर जिला, बिहार) की उत्तर वाहिनी गंगा का जल अर्पित करनेवाले लाखों कांवरियां शिवभक्त तारापीठ आकर मां तारा के दर्शन-पूजन करते हैं।

# अभिनेत्री समीरा रेड्डी बोलीं योग से मिलती है मुझे ताकत



सोशल मीडिया पर पोस्ट कर अभिनेत्री समीरा रेड्डी ने बताया कि योग ने उनकी जिंदगी को कैसे बैलेंस, ताकत और शांति दी है। अभिनेत्री समीरा ने बताया कि वह हर दिन खुद के डर से कैसे लड़ती हैं? समीरा रेड्डी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर करते हुए योग को लेकर अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। उन्होंने कैप्शन में लिखा, "हर दिन मैं अपने डर से लड़ती हूं और योग मुझे इसके लिए ताकत देता है। योग मुझे केवल ताकत नहीं बल्कि उम्मीद और जिंदगी में बैलेंस कैसे बनाएं, ये भी बताता है। योग मेरे दिमाग को शांत करता है और मुझे अपनी भावनाओं को समझने में मदद करता है।" समीरा ने पोस्ट में आगे बताया, "जब मैं किसी से बात नहीं कर पाती, तब योग मेरी बात सुनता है। यह शोर को कम करता है और मुझे मेरे जवाब ढूंढने में मदद करता है।" समीरा का मानना है कि योग एक ऐसा जरिया है, जो शरीर के साथ ही आत्मा के लिए भी बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा, "योग मेरी आत्मा और शरीर को ठीक करता है। दिमाग, दिल और अभ्यास सब आपस में जुड़े हैं।"

उन्होंने अपने ट्रेनर्स का धन्यवाद देते हुए वीडियो में जैकी श्रॉफ के ट्रेंडिंग डायलॉग "सांस ले लंबा" भी जोड़ा। 46 वर्षीय एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं और अक्सर वर्कआउट के साथ ही मजेदार वीडियोज भी पोस्ट करती हैं, जिसमें उनकी मेहनत और अनुशासन के साथ ही मजाकिया अंदाज भी साफ दिखता है। इसके साथ ही वह फैंस को भी अक्सर फिट और फाइन रहने का मंत्र देती रहती हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो समीरा रेड्डी आखिरी बार साल 2013 में आई कन्नड़ फिल्म 'वरधनायका' में नजर आई थीं। इस फिल्म का निर्देशन अय्यप्पा पी. शर्मा ने किया।

# बच्चों को लेने दें पूरी नींद

बच्चों की उम्र के अनुसार नींद होनी चाहिये। अगर यह कम होती है तो उन्हें अनेक प्रकार की बीमारियों का खतरा बना रहता है। इसलिए अगर आपके बच्चे को भी पर्याप्त नींद नहीं मिलती तो उसकी आदत बदल दें। रात में पर्याप्त नींद नहीं लेने वाले बच्चों को टाइप 2 मधुमेह होने का खतरा अधिक होता है। अनुसंधानकर्ताओं ने नौ से 10 आयुवर्ग के 4525 बच्चों के शारीरिक माप, उनके रक्त के नमूने और प्रश्नावली आंकड़ा एकत्र किया। उन्होंने पाया कि जो बच्चे अधिक देर तक सोते हैं उनका वजन अपेक्षाकृत कम होता है।

नींद के समय का इनसुलिन, इनसुलिन प्रतिरोधक और रक्त में ग्लुकोज के साथ विपरीत संबंध है यानी यदि नींद का समय अधिक होगा तो इनसुलिन, इनसुलिन प्रतिरोधक और रक्त में ग्लुकोज का स्तर कम होगा। स्वास्थ्य सेवा के अनुसार 10 साल के बच्चे को 10 घंटे की नींद मिलनी चाहिये।बचपन में पर्याप्त नींद के संभावित लाभों का फायदा युवावस्था में स्वास्थ्य को मिल सकता है।

वहीं बच्चों में चिढ़िचढापन और अनेक तरह की बीमारियां मात्र नींद पूरी नहीं होने के कारण भी होती हैं।



एक शोध में कहा कि एडीएचडी के लक्षण 70 फीसदी ऐसे बच्चों में पाए गए, जिन्हें नींद आने में दिक्कत होती है! प्रमुख शोधकर्ता मेलिस्सा मुलरेनी के अनुसार, सोने के समय की नियमित आदतों में सुधार से एडीएचडी पीड़ित बच्चों में खास अंतर लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि शोधकर्ताओं ने संकेत दिया कि एडीएचडी ऐसे बच्चे, जिनकी दिनचर्या एक सी होती है, वे सोते समय कम परेशान रहते हैं और आसानी से सो जाते हैं। रिपोर्ट में मुलरेनी के हवाले से कहा गया, जिन बच्चों में अच्छी आदतें होती है, वे रात में सोते समय आम तौर पर बहस नहीं करते और लंबी व अच्छी नींद लेते हैं, जबकि दिन में वे ज्यादा सतर्क रहते हैं व कम सोते हैं।

उन्होंने कहा, यहां तक कि यदि आप अच्छी तरह से नहीं नींद लेते हैं, तो आप एडीएचडी की शिकायत के बगैर भी अच्छी तरह से ध्यान केंद्रित नहीं कर पाएंगे।मुलरेनी ने कहा, हमारा बॉडी क्लॉक, जो हमें सोने के संकेत देती है, वह दिन के उजाले, तापमान व भोजन के समय जैसे बाहरी संकेतों से प्रभावित होती है। उन्होंने कहा, अगर आपका सेट रूटीन है, जैसे- यदि आप ब्रश करते हैं और फिर पुस्तक पढ़ते हैं तो आपका शरीर इस रूटीन का आदी हो जाता है और आपके इस रूटीन के अनुसार ही आपको सोने की आवश्यकता महसूस होने लगती है।

# राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, आषाढ़ शुक्ल पक्ष, ग्रीष्म ऋतु, गुरु अस्त, पश्चिमी शुक्रोदय, पूर्वे तिथी, तीज, शनिवासरे, पुण्य नक्षत्रे, हल योगे, गर करणे, कर्क की चंद्रमा, भद्रा 45/57 विनायकी चौथ व्रत, मूल प्रा. दिन के 9/10 तथापि उत्तर दिशा की यात्रा शुभ तथा उत्तम होगी|

आज जन्म लिए बालक का फल.......

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, दार्शनिक, सुन्दर, सुशील, दयालु, सबको लेकर चलने वाला, शिक्षक-शिक्षाविद्, लेक्चरार, प्रोफेसर, प्रिंसपल, प्रबंधक, शासक-प्रशासक, उद्योग स्थापित करने वाला, उद्योगपति, कुशल वक्ता-अधिवक्ता।

मेष :- इस सप्ताह खर्च बढ़ेगा, व्यावसाय कार्य अल्प लाभ होगा, ध्यान दें।

वृष :- सज्जनों की संगति से लाभ होगा, कार्य में चतुराई से ही लाभ होगा, ध्यान रखें।

मिथुन :- मित्रों के अधिक विश्वास से विश्वासघात हो सकता है, ध्यान रखें।

कर्क :- व्यावसाय में अच्छा लाभ मिलेगा, किसी उत्सव में समलित होने का अवसर मिलेगा।

सिंह :- धन लाभ होगा, आनंद प्राप्ती के अवसर प्राप्त होंगे, हर्ष तथा यात्रा में सफलता मिले।

कन्या :- धन लाभ होगा, स्वास्थ्य सुधार होगा, समस्याओ का समाधान होगा, लाभ होगा।

तुला :- अधिकारियों से लाभ मिलेगा, शत्रुदल अकारण दब जायेगा किन्तु लाभ होगा।

वृश्चिक :- दाम्पत्य जीवन का मधुर संबंध अवश्य रहेगा, खुश रहेंगे, आनंद प्राप्त होगा।

धनु :- विरोधियों से आप सतर्क रहें, मानसिक तनाव बढ़ेगा तथा विरोध होगा, ध्यान दें।

मकर :- माता तथा सुतान की ओर से विपरीत व्यवहार मिलेगा, शत्रु पक्ष परेशान रहे।

कुम्भ :- सामाजिक उत्सव में शामिल होंगे, बुधवार व गुरुवार को कार्यों से लाभ मिलेगा।

मीन :- स्थिति में कुछ सुधार होगा, स्वास्थ्य खराब होगा तथा व्यय अधिक होगा, ध्यान रखें।

# काम से मिलती है खुशीः बिग बी





हाल ही में सदी के महानायक अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग में एक दिलचस्प अनुभव साझा किया, जिसमें उन्होंने बताया कि उन्होंने महज दो घंटे में पांच विज्ञापनों और दो फोटोशूट्स की शूटिंग पूरी कर ली। इस रफ्तार को देखकर निर्देशक भी हैरान रह गए और मजाक में बोले, "आप तो काम करने का तरीका ही बिगाड़ रहे हैं।" अमिताभ ने अपने ब्लॉग में लिखा, "काम कर रहा हूं... और इससे जो खुशी मिलती है, वो गजब की है... करीब दो घंटे में 5 फिल्में और 2 फोटोशूट किए... बेशक ये सब एक विज्ञापन है... लेकिन फिर भी यह बड़ी बात है।" उन्होंने यह भी बताया कि सेट पर मौजूद क्रू और निर्देशक उनसे मजाक में कहते हैं कि वह बाकी कलाकारों के लिए काम मुश्किल बना रहे हैं क्योंकि अब क्लाइंट्स को लगेगा कि कम समय में ज्यादा काम करवाया जा सकता है। बिग बी ने बताया कि वह यह तेजी अपनी सहूलियत के लिए नहीं, बल्कि मजदूरों और अन्य वर्कर्स की भलाई के लिए अपनाते हैं। उन्होंने लिखा, "काम की तेजी प्रोड्यूसर और पूरी टीम के लिए फायदेमंद है। मैं यह सब अपनी सुविधा के लिए नहीं, बल्कि वहां काम कर रहे मजदूरों के लिए करता हूं। उनका समय बचे, यही मेरा मकसद है।"

बच्चन ने यह भी कहा कि लोग उनसे अक्सर पूछते हैं कि उन्होंने इंडस्ट्री में क्या बदलाव देखे हैं, लेकिन वह इस बारे में खुलकर कुछ नहीं कहेंगे क्योंकि आज की मीडिया चीजों को तोड़-मरोड़ कर पेश करती है। उन्होंने लिखा, "आजकल जो भी बात कही जाती है, उसका मतलब बदल दिया जाता है, ताकि कोई मजेदार या चौंकाने वाली हेडलाइन बनाई जा सके।" अपने अनुभव को साझा करते हुए उन्होंने आखिर में यह भी लिखा, "काम करना बहुत सुखद और संतोष देने वाला है।" बता दें कि सदी के महानायक अमिताभ बच्चन आज भी अपने काम के प्रति उतने ही समर्पित हैं, जितने वह अपने करियर के शुरुआती दौर में थे.

# वेब शो 'राणा नायडू' के दूसरे सीजन में लौटने वाले हैं दग्गुबाती

अपने लोकप्रिय वेब शो 'राणा नायडू' के दूसरे सीजन में तेलुगु सुपरस्टार राणा दग्गुबाती लौटने वाले हैं। वेब शो को लेकर राणा का कहना है कि वे शो का दूसरा सीजन पहले से कहीं ज्यादा गहरा, जटिल और भावनात्मक रूप से चुनौतीपूर्ण होगा। राणा ने खुलासा किया कि 'राणा नायडू' का किरदार उनके लिए न केवल मानसिक रूप से थकाने वाला है, बल्कि इस किरदार ने उन्हें भारतीय पुरुषों की चुप्पी और अंदरूनी संघर्षों की झलक भी दी है। जब राणा से पूछा गया कि उन्हें इस किरदार में सबसे दिलचस्प क्या लगा, तो उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, "राणा नायडू और मस्ती, ये दो शब्द एक साथ नहीं चल सकते। यह किरदार बहुत गंभीर है। वह अपने जीवन की गहरी तकलीफों और मानसिक उलझनों से जूझ रहा है, लेकिन कभी खुलकर किसी से बात नहीं करता। मुझे लगता है, हमारे समाज में खासकर पुरुषों में यह बहुत आम बात है वे अपनी भावनाओं को दबा देते हैं, विशेषकर वे लोग जिन पर परिवार की जिम्मेदारियां होती हैं।"

राणा का मानना है कि इस शो के माध्यम से एक ऐसे परिवार की झलक दिखाई गई है, जिसमें हर सदस्य किसी न किसी पुराने जख्म को अपने भीतर छिपाए हुए है। चाहे पिता-पुत्र के बीच का संघर्ष हो, पति-पत्नी की अनबन हो या भाई-बहनों के मतभेद हर रिश्ता किसी न किसी अनसुलझी पीड़ा से ग्रसित है। उन्होंने कहा, "हर कोई अपनी-अपनी तरह से इन दर्दों से उबरने की कोशिश कर रहा है, लेकिन यह आसान नहीं है।" शो के दूसरे सीजन के बारे



में बताते हुए राणा ने खुलासा किया कि अब कहानी में एक और परिवार, ओबेरॉय, की एंट्री हो चुकी है।

"पहले सीजन में नायडू परिवार की टूट-फूट देखने को मिली थी, लेकिन इस बार ओबेरॉय परिवार की मुश्किलें भी सामने आएंगी। अगर आपको लगा था कि नायडू परिवार बुरा था, तो ओबेरॉय उससे भी एक कदम आगे निकलेंगे," उन्होंने हँसते हुए कहा। उन्होंने आगे बताया कि इस सीजन में अमीरी की चमक के पीछे छिपे दर्द और विरासत जैसे तनावपूर्ण मुद्दों को भी दिखाया जाएगा। शो का एक अहम किरदार नागा इन दोनों परिवारों के बीच की दरारों को और गहरा करता है, जिससे कहानी और भी दिलचस्प मोड़ लेती है।

# जाह्नवी कपूर की 'परम सुंदरी' की रिलीज डेट बढ़ने की संभावना



अगले महीने बालीवुड की दो फिल्मों 'सन ऑफ सरदार 2' और 'परम सुंदरी' में टक्कर हो सकती है। अभिनेता अजय देवगन की एक ओर 'सन ऑफ सरदार 2' है, तो दूसरी ओर जाह्नवी कपूर और सिद्धार्थ मल्होत्रा की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'परम सुंदरी'। दोनों ही फिल्में 25 जुलाई को थिएटर में रिलीज होने जा रही हैं। लेकिन अब ताजा रिपोर्ट्स की मानें तो परम सुंदरी के मेकर्स इस क्लैश से बचने की तैयारी में हैं और फिल्म की रिलीज डेट आगे बढ़ा सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक 'परम सुंदरी' के निर्माता दिनेश विजान को लगता है कि अजय देवगन की स्टार पावर और 'सन ऑफ सरदार' जैसी लोकप्रिय फ्रेंचाइज़ी के चलते उनकी फिल्म का असर बॉक्स ऑफिस पर कमजोर पड़ सकता है। ऐसे में वे नहीं चाहते कि फिल्म भीड़ में खो जाए या कमाई पर नकारात्मक असर पड़े। खासकर तब जब जुलाई में पहले से ही कई रोमांटिक-कॉमेडी फिल्में कतार में हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए 'परम सुंदरी' को अगस्त में रिलीज करने पर विचार किया जा रहा है। हालांकि अगस्त में भी 'वॉर 2' और 'धड़क 2' जैसी बड़ी फिल्मों की रिलीज तय है, जो बॉक्स ऑफिस पर बड़ी चुनौती पेश कर सकती हैं। ऐसे में मेकर्स को सही तारीख चुनने में मुश्किल हो रही है।

फिलहाल फिल्म की नई रिलीज डेट की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। 'परम सुंदरी' की पहली झलक दर्शकों के सामने आ चुकी है, जिसमें जाह्नवी और सिद्धार्थ साउथ इंडियन लुक में नजर आ रहे हैं। फिल्म में केरल की खूबसूरत लोकेशंस और रंग-बिरंगे सीन्स को दिखाया गया है। जाह्नवी और सिद्धार्थ की जोड़ी नई जरूर है, लेकिन दोनों की केमिस्ट्री फ्रेश और आकर्षक नजर आ रही है। यह फिल्म एक रोमांटिक कॉमेडी है, जिसे 'दसवीं' जैसी फिल्म बना चुके निर्देशक तुषार जलोटा ने निर्देशित किया है।

# फिल्म तू मेरी मैं तेरा की तस्वीरें कार्तिक ने साझा की




क्रोएशिया में बालीवुड की अपकमिंग फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी की शूटिंग कर रहे हैं। इस फिल्म में प्रमुख भूमिका निभा रहे अभिनेता कार्तिक आर्यन शूटिंग के दौरान वह हर पल का आनंद लेते दिखाई दिए। अभिनेता ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने कई तस्वीर और वीडियो शेयर किए। पोस्ट में कार्तिक बिजी शेड्यूल में भी मौज-मस्ती करते दिखे। अभिनेता तस्वीरों में सुंदर जगहों का आनंद लेते हुए दिखाई दे रहे हैं। पहले वीडियो में वह फुटबॉल खेलते हुए नजर आ रहे हैं। जबकि, दूसरी तस्वीर में वह एक स्थानीय पिज्जा आउटलेट के बाहर पोज देते दिखाई दिए। दूसरी वीडियो में वह एक लाइव सॉन्ग कॉन्सर्ट को एन्जॉय कर रहे हैं।

तीसरी वीडियो में वह कार में बैठे हुए अपनी दाढ़ी सेट करवाते दिखाई दे रहे हैं, उनके चारों ओर फिल्म के क्रू मेंबर्स हैं, सभी मिलकर हंसी-मजाक कर रहे हैं। पोस्ट को शेयर करते हुए कार्तिक ने कैप्शन में लिखा, तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी कुछ दिन पहले, अनन्या पांडे ने क्रोएशिया में कार्तिक आर्यन के साथ फिल्म का शेड्यूल पूरा किया था। इसको यादगार बनाने के लिए कार्तिक और अनन्या ने अपनी पिछली फिल्म पति पत्नी और वो के हिट ट्रैक धीमे धीमे पर डांस किया था। डांस में दोनों ने गाने का सिग्नेचर हुक स्टेप परफॉर्म किया, वीडियो शेयर कर कार्तिक ने कैप्शन में लिखा, अपनी अनन्या का शेड्यूल रैप हो और हम धीमे-धीमे पर डांस ना करें, ऐसा कैसा हो सकता है। करण जौहर के प्रोडक्शन में बन रही फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी के जरिए दोनों पहली बार किसी बड़े प्रोजेक्ट के लिए साथ में काम कर रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन समीर कर रहे हैं। इससे पहले यह जोड़ी साल 2019 में रिलीज हुई फिल्म पति पत्नी और वो में नजर आई थी, जिसे मुदस्सर अजीज ने डायरेक्ट किया था। यह फिल्म 13 फरवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

मुंबई (ईएमएस)। भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को भी तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आया है। इससे पहले गत दिवस भी बाजार तेजी के साथ बंद हुआ था। दिन भर के कारोबार के बाद बीएसई पर 30 शेयरों वाला सेंसेक्स शुकवार को 303 अंक बढ़कर 84,058.90 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 88.8 अंक ऊपर आकर 25,637.80 पर बंद हुआ। आज के कारोबार में निफ्टी के शेयरों में जियो फाइनेंशियल, इंडसइंड बैंक, अडाणी एंटरप्राइजेज, एशियन पेंट्स, अपोलो हॉस्पिटल्स में सबसे अधिक उछाल आया। वहीं ट्रेंट, डॉ रेड्डीज लैब्स, इटरनल (जोमेटो), विप्रो, टाटा कंज्यूमर के शेयर गिरे। आज बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स के शेयरों में 0.5-0.5 फीसदी की बढ़त रही। आईटी और रियल्टी को छोड़कर बाकी सभी इंडेक्स लाभ के साथ ही हरे निशान पर रहे जबकि कैपिटल गुड्स, हेल्थकेयर, ऑयल एंड गैस, पावर, टेलीकॉम, पीएसयू बैंक के शेयरों में 0.5-1 फीसदी की बढ़त रही। बाजार जानकारों के अनुसार मध्यपूर्व में तनाव कम होने के साथ ही विदेशी निवेश बढ़ने की संभावना से भी बाजार में मजबूती आई है। इससे पहले आज सुबह बीएसई सेंसेक्स में शुरुआती कारोबार में 200 से ज्यादा अंक की बढ़त रही और ये 83,985 के स्तर पर पहुंच गया। अमेरिकी टैरिफ की समयसीमा में संभावित ढील की उम्मीद के चलते यह बढ़त दर्ज की गई। सेक्टोरल मोर्चे पर 13 प्रमुख सेक्टर्स में से 12 में तेजी आई। ब्रोडर स्मॉल-कैप और मिड-कैप में लगभग 0.4 फीसदी की वृद्धि हुई। एशियाई बाजार की बात करें तो उसमें मजबूती के साथ कारोबार देखा जा रहा है। इसका कारण अमेरिका से मिले सकारात्मक संकेत रहे, जहां व्हाइट हाउस ने टैरिफ (आयात शुल्क) की समय-सीमा को लेकर नरम रुख दिखाया है। इससे निवेशकों को बड़ी राहत मिली है। जापान का निक्केई 1.22 फीसदी चढ़ा, जो पिछले पांच महीनों के उच्चतम स्तर को और मजबूत कर रहा है। टॉपिक्स इंडेक्स में भी 1.1 फीसदी की तेजी देखी गई। टोक्यो में कोर कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स जून में सालाना आधार पर 3.1 फीसदी बढ़ा, जो मई के 3.6 फीसदी और अनुमानित 3.3 फीसदी से नीचे रहा। दक्षिण कोरिया का कोस्पी और ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200 भी 0.4 फीसदी की बढ़त में रहे। दूसरी ओर अमेरिकी बाजार में जोरदार तेजी रही। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.8 फीसदी चढ़कर 6,141.02 पर बंद हुआ और अब वह फरवरी में बने अपने ऑल-टाइम हाई 6,147.43 के बेहद करीब है।

नेस्डेक कम्पोजिट 0.97 फीसदी चढ़कर 20,167.91 पर बंद हुआ, जबकि डाउ जोंस में 404.41 अंकों की बढ़त रही और यह 43,386.84 पर बंद हुआ।




## महिंद्रा लाइफस्पेस को मुंबई में पुनर्विकास परियोजना का ठेका मिला

मुंबई (ईएमएस)। रियल एस्टेट कंपनी महिंद्रा लाइफस्पेस डेवलपर्स लिमिटेड को मुंबई के मुलुंड में एक आवासीय सोसाइटी पुनर्विकास परियोजना का ठेका मिला है। उसे इससे करीब 1,250 करोड़ रुपये की आय की उम्मीद है। महिंद्रा लाइफस्पेस डेवलपर्स, महिंद्रा समूह की रियल एस्टेट और बुनियादी ढांचा विकास इकाई है। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को सूचना दी कि उसे मुंबई के मुलुंड (पश्चिम) में एक प्रीमियम आवासीय सोसाइटी के पुनर्विकास के लिए चुना गया है। इसमें कहा गया कि यह परियोजना 3.08 एकड़ भूमि पर फैली है और इसका अनुमानित विकास मूल्य करीब 1,250 करोड़ रुपये है।

## फेयरफैक्स के वरिष्ठ सलाहकार बने अमिताभ कांत

नई दिल्ली (ईएमएस)। कनाडा के अरबपति प्रेम वत्स की कंपनी फेयरफैक्स फाइनेंशियल होल्डिंग्स लिमिटेड ने नीति आयोग के पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी अमिताभ कांत को वरिष्ठ सलाहकार नियुक्त करने की शुक्रवार को घोषणा की। फेयरफैक्स ने बयान में कहा कि जी-20 के पूर्व शेरपा कांत की आर्थिक वृद्धि, नवाचार और सतत विकास में व्यापक विशेषज्ञता से भारत में कंपनी के दीर्घकालिक निवेश दृष्टिकोण को महत्वपूर्ण लाभ मिलने की उम्मीद है। केरल कैडर के 1980 बैच के सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी कांत को जुलाई 2022 में भारत का जी20 शेरपा नियुक्त किया गया था। उन्होंने 45 वर्ष की अपनी सरकारी सेवा के दौरान कई कार्यभार संभाले। फेयरफैक्स एक होल्डिंग कंपनी है, जो अपनी अनुषंगी कंपनियों के माध्यम से मुख्य रूप से संपत्ति और दुर्घटना बीमा तथा पुनर्बीमा के साथ-साथ संबंधित निवेश प्रबंधन में लगी हुई है।

## भारत ने पंजाब से दोहा और दुबई को 1.5 टन लीची का निर्यात किया



नई दिल्ली (ईएमएस)। वाणिज्य मंत्रालय की इकाई कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने शुक्रवार को बताया कि भारत ने इस महीने पहली बार 23 जून को पंजाब के पठानकोट से दोहा के लिए एक टन गुलाब-सुगंधित लीची की पहली खेप और दुबई के लिए इसी फल की 0.5 टन की खेप को रवाना करने में मदद की। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान पंजाब का लीची उत्पादन 71,490 टन रहा, जो भारत के कुल लीची उत्पादन का 12.39 प्रतिशत हिस्सा है। इसी अवधि में भारत से कुल 639.53 टन लीची का निर्यात किया गया। सरकार, फलों और सब्जियों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठा रही है। 2024-25 में ये निर्यात सालाना आधार 5.67 प्रतिशत बढ़कर 3.87 अरब डॉलर हो गया। भारत के फलों के निर्यात में आम, केले, अंगूर और संतरे का दबदबा है। चेरी, जामुन और लीची अब देश से अंतरराष्ट्रीय बाजारों में प्रवेश करने वाली स्वदेशी वस्तुओं की बढ़ती सूची में शामिल हो गई हैं।

## क्रेडिला फिन ने दाखिल किए आईपीओ के लिए अद्यतन दस्तावेज

नई दिल्ली (ईएमएस)। शिक्षा ऋण प्रदाता क्रेडिला फाइनेंशियल सर्विसेज ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये 5,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अद्यतन दस्तावेज दाखिल किए हैं। सेबी के समक्ष दाखिल किए गए अद्यतन दस्तावेजों के अनुसार, प्रस्तावित आईपीओ 3,000 करोड़ रुपये के नए शेयर और 2,000 करोड़ रुपये के शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। इससे आईपीओ का कुल आकार 5,000 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। मुंबई स्थित क्रेडिला फाइनेंशियल सर्विसेज आईपीओ से पहले करीब 600 करोड़ रुपये जुटाने की योजना भी बना रही है। ऐसा होने पर नए निर्गम का आकार उसी हिसाब से कम किया जाएगा। क्रेडिला के गोपनीय मार्ग के जरिये दाखिल किए गए दस्तावेजों को पिछले महीने सेबी द्वारा मंजूरी दिए जाने के बाद अद्यतन दस्तावेज दाखिल किए गए। कंपनी ने गोपनीय मार्ग से सेबी के समक्ष दिसंबर 2024 में आईपीओ दस्तावेज दाखिल किए थे।

## न्यू इंडिया एश्योरेंस को 2,298 करोड़ का जीएसटी मांग नोटिस मिला




नई दिल्ली (ईएमएस)। सार्वजनिक क्षेत्र की न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को कर अधिकारियों से 2,298 करोड़ रुपये की मांग एवं सेवा कर (जीएसटी) मांग का नोटिस मिला है। सरकारी बीमा कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि माल एवं सेवा कर मांग का यह कारण बताओ नोटिस उसे मुंबई-दक्षिण और महाराष्ट्र राज्य के अतिरिक्त आयुक्त कार्यालय से मिला है। नोटिस में अप्रैल, 2018 से लेकर मार्च, 2023 तक के पांच वित्त वर्षों के लिए इतनी बड़ी रकम के जीएसटी की मांग की गई है। न्यू इंडिया एश्योरेंस ने कहा कि वह अपने कर सलाहकारों की राय के आधार पर तय समय के भीतर इस नोटिस का जवाब दाखिल करेगी। कंपनी ने कहा कि उसका पक्ष गुण-दोष के आधार पर सशक्त है।

# ट्रंप ने कहा- भारत के साथ बहुत बड़ा व्यापार समझौता होगा

### भारत ने अब तक हस्ताक्षरित किसी भी मुक्त व्यापार समझौते में दुग्ध क्षेत्र को नहीं खोला



वाशिंगटन (ईएमएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत के साथ एक बहुत बड़ा व्यापार समझौता के लिए वार्ता चल रही है। उन्होंने दोनों देशों के बीच लंबे समय से प्रतीक्षित द्विपक्षीय व्यापार समझौते की वार्ता प्रक्रिया में महत्वपूर्ण प्रगति का संकेत दिया। ट्रंप ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में आयोजित 'बिग ब्यूटीफुल बिल' कार्यक्रम में कहा, हमारे पास कुछ बेहतरीन समझौते हैं। हम एक और समझौता करने जा रहे हैं, संभवतः भारत के साथ। बहुत बड़ा। हम भारत के लिए रास्ते खोलने जा रहे हैं। अमेरिका ने चीन के साथ व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। हालांकि, उन्होंने चीन के साथ किए गए समझौते के विवरण के बारे में विस्तार से नहीं बताया। उन्होंने कहा कि हर कोई एक समझौता करना चाहता है और उसमें हिस्सा लेना चाहता है। याद कीजिए कुछ महीने पहले, मीडिया कह रहा था, क्या वाकई कोई ऐसा देश है जो इसमें दिलचस्पी रखता हो? खैर, हमने कल ही चीन के साथ समझौता किया है। हम कुछ बेहतरीन समझौते कर रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि हम हर किसी के साथ समझौता नहीं करने जा रहे हैं। कुछ लोगों को हम बस एक पत्र भेजकर कहेंगे कि आपका बहुत-बहुत धन्यवाद... आप 25, 35, 45 प्रतिशत का भुगतान करेंगे। यह एक आसान तरीका है। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय में आया है जब मुख्य वार्ताकार राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में एक भारतीय दल, अमेरिका के साथ अगले दौर की व्यापार वार्ता के लिए वाशिंगटन में है। दोनों देश अंतरिम व्यापार समझौते के लिए बातचीत कर रहे हैं और नौ जुलाई से पहले समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश में हैं। अमेरिका ने उसके द्वारा दो अप्रैल को घोषित उच्च शुल्क को नौ जुलाई तक के लिए निलंबित किया है। भारत के लिए कृषि और दुग्ध क्षेत्र अमेरिका को शुल्क रियायतें देने के लिए कठिन और चुनौतीपूर्ण क्षेत्र हैं। भारत ने अब तक हस्ताक्षरित किसी भी मुक्त व्यापार समझौते में दुग्ध क्षेत्र को नहीं खोला है। अमेरिका कुछ औद्योगिक वस्तुओं, मोटर वाहन विशेषकर इलेक्ट्रिक वाहनों, वाइन, पेट्रोरसायन उत्पादों, दुग्ध तथा कृषि उत्पादों जैसे सेब, वृक्ष गिरी तथा आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों पर शुल्क रियायत चाहता है। भारत प्रस्तावित व्यापार समझौते में कपड़ा, रत्न एवं आभूषण, चमड़े के सामान, परिधान, प्लास्टिक, रसायन, झींगा, तिलहन, अंगूर और केले जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए शुल्क रियायत की मांग कर रहा है।

## ओएनजीसी ने असम का गैस रिसाव वाला कुंआ बंद किया




नई दिल्ली (ईएमएस)। ओएनजीसी ने असम के शिवसागर जिले में अपने कच्चे तेल के कुएं में 16 दिन तक गैस रिसाव होने के बाद उसे सील कर दिया है। यह बात केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को कही। उन्होंने सोशल मीडिया मंच पर लिखा, ओएनजीसी ने आज पूर्वाह्न सवा 11 बजे आरडीएस147ए से हो रहे रिसाव को रोक दिया। 12 जून को विस्फोट के बाद रिसाव शुरू हुआ था। सभी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए कम से कम समय में सफलतापूर्वक इसे रोक दिया गया है। उन्होंने कहा कि तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) के संकट प्रबंधन दल ने अंतरराष्ट्रीय कुआं नियंत्रण विशेषज्ञों के साथ मिलकर अंततः सावधानीपूर्वक योजना एवं ठोस प्रयासों से सुरक्षित तरीके से गैस कुआं विस्फोट की घटना का निपटान किया। इसमें किसी तरह की जानमाल की हानि नहीं हुई न ही कोई आग लगने की घटना हुई। यह विस्फोट 12 जून को भटियापार के बारीचुक स्थित ओएनजीसी के रुद्रसागर तेल क्षेत्र के रिग संख्या एसकेपी 135 के कुआं संख्या आरडीएस 147ए में हुआ था। सार्वजनिक क्षेत्र की 'महारत्न कंपनी की ओर से एक निजी कंपनी एसके पेट्रो सर्विसेज कुएं का संचालन कर रही थी। एहितायाती तौर पर निकटवर्ती इलाकों से करीब 350 परिवारों को निकाला गया।

# प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में दोगुनी होगी बीमा राशि




### 18 से 50 साल के लोगों को साल भर के लिए 2 लाख बीमा मिलता है वह अब 4 लाख होगा

नई दिल्ली (ईएमएस)। केंद्र सरकार का वित्त मंत्रालय प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाय) में जीवन बीमा की राशि डबल करने की योजना पर काम कर रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इसके लिए प्रीमियम में भी तब्दीली की जा सकती है। अभी जीवन ज्योति बीमा योजना में 18 से 50 साल के लोगों को साल भर के लिए 2 लाख रुपये का जीवन बीमा मिलता है। इसे बढ़ाकर दोगुना यानी 4 लाख रुपये किया जा सकता है। अभी सालाना प्रीमियम 436 रुपये प्रति सदस्य है, जिसे बढ़ाकर 700 से 800 रुपये के बीच लाने पर भी विचार चल रहा है। अधिकारी ने बताया कि सरकार प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना में भी बीमा की राशि बढ़ाने पर विचार कर रही है। लेकिन अभी इसे अंतिम रूप नहीं दिया गया है।

उन्होंने कहा कि सरकार लोगों की राय ले रही है और देख रही है कि इसे बढ़ाना कितना व्यावहारिक होगा। इस बारे में वित्त मंत्रालय को ईमेल भेजा गया था लेकिन अभी तक उसका जवाब नहीं मिला। सरकारी आंकड़ों से पता चला कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक सामाजिक सुरक्षा और वित्तीय समावेशन की इन दोनों अहम योजनाओं के सालाना लक्ष्य हासिल नहीं कर सके। इन बैंकों को पिछले वित्त वर्ष में सुरक्षा बीमा योजना में 6.4 करोड़ पंजीकरण का लक्ष्य दिया गया था मगर केवल 40 प्रतिशत पंजीकरण हो पाया। जीवन ज्योति बीमा योजना में 4.1 करोड़ पंजीकरण के लक्ष्य में से केवल 30 प्रतिशत पूरा हो पाया। बैंक ऑफ इंडिया केवल 11 प्रतिशत पंजीकरण करा पाया। यूको बैंक ने 14 प्रतिशत, बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने 24 प्रतिशत और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने भी 24 प्रतिशत लक्ष्य पूरा किया।

मगर अक्टूबर तक भारतीय स्टेट बैंक ने 60 प्रतिशत और इंडियन बैंक ने 45 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया था।

## वित्त वर्ष 25 की तुलना में इस बार ऋण वृद्धि में सुधार होने का अनुमान

नई दिल्ली (ईएमएस)। वित्त वर्ष 25 के मुकाबले वित्त वर्ष 26 में मामूली बढ़कर 13 से 13.5 प्रतिशत होने का अनुमान है। यह जानकारी इंडिया रेटिंग्स ऐंड रिसर्च (इंड-रा) से मिली है। ऋण वृद्धि हालांकि गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) और खुदरा क्षेत्र को ऋण देने में निरंतर मंदी के साथ ऋणों की संरचना में बदलाव की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी को निजी पूंजीगत व्यय से इस गिरावट की भरपाई होने का अनुमान है। इससे कॉरपोरेट क्षेत्र की वृद्धि को समर्थन मिलेगा। इंड-रा के वित्तीय संस्थानों के निदेशक ने कहा कि प्रणाली में सतत सुधार, रीपो दर और नकदी आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में गिरावट होने से अल्पावधि ऋण वृद्धि को मदद मिलने की उम्मीद है। अभी सालाना आधार पर ऋण वृद्धि गिरकर करीब नौ प्रतिशत रह गई है।'अप्रैल, 2025 में ऋण वृद्धि 9.9 प्रतिशत थी और और इसमें 2024 के 19.4 प्रतिशत की तुलना में उल्लेखनीय गिरावट आई थी।

## जेएसडब्ल्यू पेंट ऐकेजो नोबल की 74 फीसदी हिस्सेदारी खरीदेगी

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय अरबपति सज्जन जिंदल की जेएसडब्ल्यू पेंट एकेजो नोबल इंडिया में 74.76 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने जा रही है, जिसकी कुल कीमत करीब 8,986 करोड़ (1.08 बिलियन डॉलर) बताई जा रही है। यह सौदा डच पैरेंट कंपनी एकेजो नोबल एनवी और उसकी सहयोगी कंपनियों से शेयर खरीदकर किया जाएगा। इसके बाद जेएसडब्ल्यू को नियमों के मुताबिक पब्लिक शेयरहोल्डर्स के लिए ओपन ऑफर भी लाना होगा। यह सौदा तब पूरा होगा जब सभी नियामकीय मंजूरी मिल जाएंगी, जैसे कि भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग की मंजूरी। इस सौदे के साथ ही जेएसडब्ल्य पेंट को दुनियाभर में मशहूर डयूलेक्स ब्रांड का भी स्वामित्व मिलेगा। यह भारत के पेंट उद्योग में अब तक की सबसे बड़ी डील में से एक मानी जा रही है। इससे जेएसडब्ल्य पेंट को एशियन पेंट, बर्गर पेंट और आदित्य बिरला ग्रुप की नई पेंट कंपनियों से मुकाबला करने की ताकत मिलेगी।

# सोना 97 हजार से नीचे फिसला, चांदी भी फिसलकर 1,06,300 रुपए किलो



नई दिल्ली (ईएमएस)। विदेशी बाजारों में कीमती धातुओं में नरमी की वजह से देश के बाजारों में भी सोने-चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत में सुस्ती देखने को मिल रही है। शुक्रवार को दोनों के वायदा भाव गिरावट के साथ कारोबार कर रहे हैं। घरेलू बाजार में शुक्रवार को सोने के भाव 96,200 रुपये, जबकि चांदी के भाव 1,06,300 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव नरमी के साथ कारोबार कर रहे हैं। सोने के वायदा भाव की शुरुआत नरमी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रेक्ट 826 रुपये की गिरावट के साथ 96,261 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 97,087 रुपये था। इस समय यह 905 रुपये की गिरावट के साथ 96,182 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई कॉन्ट्रेक्ट 126 रुपये की गिरावट के साथ 1,06,629 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,06,755 रुपये था। इस समय यह 404 रुपये की गिरावट के साथ 1,06,351 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 1,0,6,629 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 1,0,6,286 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोने चांदी के वायदा भाव में नरमी देखने को मिल रही है। कॉमेक्स पर सोना 3,341.30 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 3,348 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 29.40 डॉलर की गिरावट के साथ 3,318.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 36.56 डॉलर के भाव पर खुले। पिछला बंद भाव 36.59 डॉलर था। इस समय यह 0.06 डॉलर की गिरावट के साथ 36.53 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# डीएपी के दाम जून में 800 डॉलर प्रति टन तक पहुंचे

### चीन की सख्ती से उर्वरकों का निर्यात हुआ प्रभावित




नई दिल्ली (ईएमएस)। उर्वरकों के निर्यात पर चीन की सख्ती से पानी में घुलने वाले उर्वरकों की आपूर्ति ही प्रभावित नहीं हुई है बल्कि जमकर उपयोग में आने वाले डाई अमोनिया फॉस्फेट (डीएपी) के दाम भी इसकी वजह से चढ़ने लगे हैं। डीएपी के दाम जून में 800 डॉलर प्रति टन तक पहुंच गए, जो पिछले कुछ महीनों में नहीं देखा गया था। डीएपी के दाम बढ़ने से चालू वित्त वर्ष के लिए केंद्र का सब्सिडी का गणित गड़बड़ा सकता है और आयात करने वाली कंपनियों के मार्जिन को भी चोट लग सकती है। डीएपी के खुदरा दामों में सब्सिडी का बड़ा हिस्सा होता है। उद्योग सत्रों के मुताबिक 2024-25 में देश में करीब 46 लाख टन डीएपी का आयात किया था, जिसमें चीन की हिस्सेदारी केवल 8.5 लाख टन थी। लेकिन 2023-24 में भारत में आयात हुए 56 लाख टन डीएपी में करीब 22 लाख टन चीन से ही आया था। इस तरह केवल दो साल में चीन से डीएपी आयात करीब 61.3 प्रतिशत गिर गया। भारत में यूरिया के बाद सबसे ज्यादा इस्तेमाल डीएपी का ही होता है और सालाना 100 से 110 लाख टन खपत में 50-60 लाख टन आयात होता है। इतना ही नहीं, डीएपी में इस्तेमाल होने वाली फॉस्फोसर और अमोनिया जैसे कच्चे माल का भी आयात करना पड़ता है। कारोबारी सूत्रों ने बताया कि आयातित फॉस्फोरस का भाव 10 डॉलर प्रति टन बढ़ने पर तैयार डीएपी का आयात मूल्य करीब 5 डॉलर प्रति टन बढ़ जाता है। इसी तरह अमोनिया की कीमत 30 डॉलर प्रति टन बढ़े तो डीएपी का दाम 12 डॉलर प्रति टन चढ़ जाता है। पारियों ने बताया कि चीन से डीपीए का आयात घटा तो भारत ने उसकी भरपाई के लिए पश्चिम एशिया खास तौर पर सऊदी अरब की कंपनियों का रुख कर लिया। मगर हाल में खाड़ी के इलाके में ईरान और इजरायल की जंग तथा होर्मुज स्ट्रेट बंद किए जाने की धमकियों ने बताया कि यह रास्ता भी जोखिम भरा है क्योंकि इसकी वजह से आयातित डीएपी के दाम बढ़ गए।

# आईडीएफ का दावा, ईरान के तीन बड़े परमाणु केंद्रों को तबाह किया, परमाणु कार्यक्रम को झटका

## ईरान के 11 वरिष्ठ परमाणु वैज्ञानिकों को मार गिराया



तेलअवीव (ईएमएस)। इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने बताया कि उसने 12 दिन तक ईरान के खिलाफ चलाए गए सैन्य अभियान में तीन बड़े परमाणु केंद्रों फोर्डो, नतांज और इस्फहान को भारी नुकसान पहुंचाया है। इससे ईरान के परमाणु ढांचे को बड़ा झटका लगा है। आईडीएफ ने बताया कि 'ऑपरेशन राइजिंग लायन' नाम से अभियान शुरू किया था। इसका मकसद ईरान के परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों को नुकसान पहुंचाना था, क्योंकि इजरायल को आशंका थी कि ये कार्यक्रम उसके अस्तित्व को खत्म करने के लिए हैं।आईडीएफ के मुताबिक अभियान में ईरान के 11 वरिष्ठ परमाणु वैज्ञानिकों को मार गिराया गया, जो कार्यक्रम के लिए सबसे अहम थे। इसके अलावा अराक में एक निष्क्रिय परमाणु रिएक्टर पर भी हमला हुआ, ताकि वह भविष्य में इस्तेमाल न हो सके।आईडीएफ के मुताबिक, मिसाइल निर्माण से जुड़ी कई महत्वपूर्ण इकाइयों को बर्बाद किया गया। कुल मिलाकर 35 से ज्यादा ठिकानों, 200 लांचर और ईरान के 50 प्रतिशत लांचरों को पूरी तरह तबाह किया गया। इसके अलावा 1,500 से ज्यादा कलपुर्जे, 15 दुश्मन विमान, 90 से ज्यादा निशाने, 80 सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल लांचर और 6 एयरफील्ड पर भी हमला किया गया। सैकड़ों ईरानी सैनिक मारे गए, कई कमांडरों को निशाना बनाया गया और ईरानी सुरक्षा तंत्र के 30 से ज्यादा वरिष्ठ लोग खत्म किए गए।आईडीएफ ने बताया कि मिशन के दौरान बेहतरीन खुफिया जानकारी, तकनीक और हवाई क्षमता का इस्तेमाल हुआ। साथ ही सुरक्षा प्रणाली ने दिन-रात काम किया। इसके अलावा, इजरायली सेना ने उल्लेख किया कि ईरानी आसमान में हवाई श्रेष्ठता बनाते हुए, इजरायली वायु सेना ने 1,500 उड़ानें भरी और ईरान के रास्ते में लगभग 600 बार ईंधन भरा।आईडीएफ ने कहा, पूरे ऑपरेशन में, लड़ाकू विमानों द्वारा 1,400 हमले किए गए और यूएवी द्वारा 500 हमले किए गए, और उनमें से सबसे दूर मशहद हवाई अड्डे पर, जो इजरायल से लगभग 2,400 किमी दूर है, एक लड़ाकू जेट द्वारा किया गया। इसके अलावा ईरान से छोड़े गए ड्रोन और मिसाइलों के सैकड़ों हमले रोके गए, जिसमें 99 प्रतिशत ड्रोन मार गिराए गए।इससे पहले, इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बताया कि ईरान के साथ संघर्षविराम का प्रस्ताव स्वीकार कियास है, जिससे 12 दिन की लड़ाई का अंत हुआ।

# अमेरिका से बातचीत शुरू करने कोई व्यवस्था या प्रतिबद्धता नहीं : अराघची



तेहरान,(ईएमएस)। ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने दावा किया है कि अमेरिका के साथ बातचीत फिर से शुरू करने के लिए कोई व्यवस्था या प्रतिबद्धता नहीं की गई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अराघची ने कहा कि बातचीत फिर से शुरू करने की संभावना पर विचार किया जा रहा है, लेकिन यह इस बात पर निर्भर करेगा कि तेहरान के राष्ट्रीय हितों की रक्षा की जाती है या नहीं।उन्होंने कहा कि हमारे फैसले पूरी तरह से ईरान के हितों पर आधारित होंगे। अगर हमारे हितों के लिए बाचतीत की वापसी की जरुरत है, तो हम इस पर विचार करेंगे, लेकिन इस स्तर पर, कोई समझौता या वादा नहीं किया गया है और कोई बातचीत नहीं हुई है। अराघची ने वाशिंगटन पर 2015 के परमाणु समझौते को पुनर्जीवित करने और अमेरिकी प्रतिबंधों को हटाने पर वार्ता के पिछले दौर के दौरान ईरान को धोखा देने का आरोप लगाया था।ईरानी राजनयिक ने यह पुष्टि की कि संसद ने शीर्ष संवैधानिक निरीक्षण निकाय गार्जियन काउंसिल के अनुमोदन के बाद संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था से सहयोग को निलंबित करने वाला कानून पास कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह कानून अब अनिवार्य है और इसे लागू किया जाएगा। आईएईए के साथ हमारा सहयोग एक नया आकार लेगा। अराघची ने यह भी कहा कि इजराइल के साथ युद्ध से हुई क्षति गंभीर थी और ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन के विशेषज्ञ विस्तृत आकलन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि क्षतिपूर्ति की मांग करने का सवाल सरकार के एजेंडे में सबसे ऊपर था।बता दें 13 जून को इजरायल ने ईरान में सैन्य और परमाणु ठिकानों पर हवाई हमले किए, जिसमें कई वरिष्ठ कमांडर, परमाणु वैज्ञानिक और नागरिक मारे गए। इसके जवाब में, ईरान ने इजराइल पर मिसाइल और ड्रोन हमलों की बौछार कर दी, जिससे इजराइल को भी काफी भारी नुकसान हुआ। पिछले शनिवार को अमेरिकी वायुसेना ने ईरान के तीन प्रमुख परमाणु ठिकानों पर हमला किया।

## संक्षिप्त ख़बरें

### बंकर में जाकर छुप गया खुद को ताकतवर कहने वाला खामेनेई, इसलिए मरने से बच गया

#### इजरायली रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज का खुलासा

तेहरान (ईएमएस)। इजरायल ने ईरान पर हमला कर दुनिया को चौंका दिया। इसकी वजह ये थी कि इजरायल ने हमले शुरू करते ही ईरानी सेना के चीफ सहित कई प्रमुख वैज्ञानिकों को मार डाला। इससे ईरान के अंदर ये डर बढ़ गया कि उनके सुप्रीम लीडर अली खामेनेई को भी इजरायल मारा जा सकता है। इजरायल की सेना (आईडीएफ) और खुफिया एजेंसी मोसाद ने इसके लिए कोशिश भी की लेकिन खामेनेई ने खुद को लिया। खामेनेई ने एक सीक्रेट ठिकाने पर शरण लेकर खुद को बचाया।रिपोर्ट के मुताबिक, इजरायली रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने खुलासा किया है कि उनकी सेना अपने ऑपरेशन के दौरान खामेनेई को मारना चाहती था लेकिन उन्हें ऐसा करने का मौका नहीं मिला। इसकी वजह युद्ध शुरू होने के बाद खामेनेई का ऐसी लोकेशन पर चला जाना था, जिसे इजरायली तलाश नहीं सके।इजरायल के ईरान पर हमले शुरू होने के बाद खामेनेई तेहरान के पूर्वोत्तर उपनगर में एक बंकर में छिप गए थे। इस दौरान उन्होंने अपने कमांडरों के साथ सभी इलेक्ट्रॉनिक संचार बंद किए थे। सुरक्षाकर्मी, नजदीकी लोगों और परिवार को ही उनकी लोकेशन की जानकारी थी। फोन और दूसरे इलेक्ट्रॉनिक गैजेट बंद होने से उनकी लोकेशन को ट्रेस करना नामुमकिन काम था। इसकारण इजरायल उन्हें नहीं तलाश सका। इजरायल रक्षा मंत्री काट्ज ने कहा कि ये सही है कि हम खामेनेई को खत्म करना चाहते थे। लेकिन इजरायल उन्हें खोजने में असमर्थ था।इजरायल के सहयोगी अमेरिका से खामेनेई की हत्या की इजाजत लेने की खबरों पर काट्ज ने कहा कि उन्हें ऐसी अनुमति की आवश्यकता नहीं थी। ईरान-इजरायल युद्ध के दौरान ऐसी रिपोर्ट आई थीं, जिसमें कहा गया था कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खामेनेई को मारने की इजरायली योजना को रोक दिया था। यह पहली बार है, जब इजरायल ने ईरान के शीर्ष नेता को मारने की कोशिश का खुलासा किया है।

### इजरायल से डरा खलीफा एर्दोगन, देश में स्टील डोम सिस्टम का विस्तार करने में जुटे

अंकारा,(ईएमएस)। तुर्की की रेसेप तैयप एर्दोगन के नेतृत्व वाली सरकार ने देश के एयर डिफेंस को बढ़ाने का फैसला लिया है। तुर्की सरकार साल के आखिर तक देश में स्टील डोम सिस्टम बहुस्तरीय वायु रक्षा प्रणाली का विस्तार करने की तैयारी में है। योजना में मिसाइल प्रणालियों, विमानों, युद्धपोतों, टैंकों और मानव रहित प्रणालियों को बढ़ाना शामिल है। यानी जमीन के साथ-साथ तुर्की अपने समुद्री इलाके को भी अपने स्टील डोम से सुरक्षित करेगा ताकि संभावित हवाई हमलों से निपटा जा सके।इजरायल और ईरान के एक-दूसरे पर किए गए मिसाइल और ड्रोन हमलों को लेकर एर्दोगन की ओर से चिंता जाहिर की गई थी। एर्दोगन ने इजरायल के हमलों पर चिंता जताकर देश की हवाई सुरक्षा को मजबूत करने के लिए स्टीम डोम एयर डिफेंस पर भरोसा दिखाया है।तुर्की के रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, तुर्की ने अपनी वायु रक्षा प्रणाली स्टील डोम में निवेश करते हुए पूरे देश में मल्टीलेयर वायु रक्षा प्रणाली (एयर डिफेंस) का विस्तार करने की योजना तैयार की है। तुर्की ने नाटो के 2 फीसदी रक्षा खर्च के लक्ष्य को भी पा लिया है।तुर्की ने बीते साल स्टील डोम बहुस्तरीय वायु रक्षा प्रणाली पर आगे बढ़ने का ऐलान किया था। इस प्रणाली में कई प्लेटफॉर्म के साथ इंटीग्रेट होकर काम करती है। यह नेटवर्क केंद्रित होगी और एआई के जरिए तुर्की के हवाई क्षेत्र के विशाल क्षेत्रों को कवर करेगी। स्टील डोम में चार परतें होंगी, जो बहुत कम दूरी, कम दूरी, मध्यम दूरी और लंबी दूरी के खतरे से निपटेंगी। तुर्की का स्टील डोम सिस्टम दुश्मन देश के हमलों को आसमान में ही नाकाम कर देता है।तुर्की ने स्टील डोम को रॉकेट, मिसाइलों और ड्रोन जैसे सभी तरह के हवाई खतरों का मुकाबला करने के लिए डिजाइन किया है। इसमें लंबी दूरी के रडार, सेंसर और बहुस्तरीय रक्षा क्षमताएं हैं। स्टील डोम एक सिंगल सिस्टम नहीं बल्कि इंटीग्रेटिड वायु रक्षा प्रणाली (आईएडीएस) है। जो बेहतर प्रभावशीलता के लिए विभिन्न घटकों को जोड़कर काम करती है।

### ट्रंप लोकतांत्रिक नहीं, ट्रेड वॉर के कारण अमेरिका सबसे खराब दौर में:ओबामा

न्यूयॉर्क (ईएमएस)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अमेरिका की स्थिति पर गहरी चिंता जताई है। ओबामा ने कहा, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पहली बार अमेरिका अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रहा है। अमेरिका की सरकार का नेतृत्व ऐसे हाथों में है। जिन्हें कानून के शासन, न्यायपालिका की स्वतंत्रता और प्रेस की आजादी में आस्था नहीं है। ट्रंप प्रशासन संविधान की शपथ लेकर उसके विपरीत काम कर रहा है। सत्ता में बैठे हुए शासको के लिए संविधान की रक्षा ही सर्वोपरि है। यह कहकर उन्होंने ट्रंप के सामने मुसीबतों का पहाड़ खड़ा कर दिया है।बराक ओबामा ने एक संवाद कार्यक्रम में अमेरिका में लोकतंत्र की स्थिति, संस्थागत स्वतंत्रता और अर्थव्यवस्था को लेकर गहरी चिंता जाहिर की है। कनेक्टिविटी फोरम के मंच से ओबामा ने कहा, व्यापारिक सोदों को लेकर वैश्विक देशों को डराया जा रहा है। यह नैतिक और आर्थिक दोनों ही रूप में खतरनाक है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, चीन की बढ़ती हुई ताकत के बावजूद टैरिफ का बेजा इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। बराक ओबामा ने ट्रंप की अमेरिका फर्स्ट की नीति को भय और अलगाववाद पर आधारित बताकर, तीव्र आलोचना की है। उन्होंने कहा ऐसे नेताओं का सत्ता में होना कानून के शासन और न्यायपालिका की स्वतंत्रता के लिए खतरनाक संकेत है।बराक ओबामा ने कहा हम दुनिया के इकलौते देश हैं। जहां दुनिया के हर देश से आने वाले लोग मिलकर मानवता की भलाई के बारे में सोचते हैं। सैन्य ताकत और धन की ताकत से प्रतिष्ठा को बहाल नहीं किया जा सकता है। ओबामा ने यह भी कहा, सरकार और समाज में ऐसे लोग होने चाहिए। जो संविधान की रक्षा को सर्वोपरि माने। संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए सदैव सक्रिय रहें।

# एससीओ में चीन और पाकिस्तान, भारत के साथ कर रहे थे छल, तब चुप्पी साधे बैठे थे पुतिन!

बीजिंग(ईएमएस)। कहने को रुस और भारत के बीच संबंध बेहतर हैं लेकिन किंगदाओ में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में जब आतंकवाद के मुद्दे पर चीन और पाकिस्तान षड़यंत्र रच रहे थे, तब रुस ने चुप्पी साध रखी थी। जानकारी के मुताबिक यह स्पष्ट नहीं है कि रूस ने इस बयान पर हस्ताक्षर किए या नहीं, क्योंकि बैठक के अंत में कोई संयुक्त बयान जारी ही नहीं हुआ। फिर भी यह सवाल महत्वपूर्ण है कि रूस ने भारत की चिंताओं को कितना समर्थन दिया। रूस एससीओ का सह-संस्थापक है और भारत का लंबे समय से रणनीतिक साझेदार रहा है। उसने इस बैठक में अपनी स्थिति को स्पष्ट रूप से उजागर नहीं किया। यह भारत के लिए चिंता का विषय है, क्योंकि रूस और भारत के बीच ऐतिहासिक रूप से मजबूत सैन्य और कूटनीतिक संबंध रहे हैं। रूस की चुप्पी या तटस्थता को कई तरह से देखा जा सकता है। पहला रूस वर्तमान में यूक्रेन युद्ध और पश्चिमी प्रतिबंधों के कारण आर्थिक और कूटनीतिक रूप से चीन पर अधिक निर्भर हो गया है। मई 2025 में मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुए शिखर सम्मेलन में दोनों देशों ने एससीओ और ब्रिक्स जैसे मंचों के माध्यम से अपने रणनीतिक गठजोड़ को और गहरा करने की बात कही थी। इस संदर्भ में रूस के लिए चीन के साथ अपने हितों को प्राथमिकता देना स्वाभाविक हो सकता है, भले ही इसका मतलब भारत की चिंताओं को दरकिनार करना हो।दूसरा रूस की चुप्पी को भारत-चीन तनाव में तटस्थ रहने की रणनीति के रूप में भी देखा जा सकता है। भारत और रूस के बीच घनिष्ठ संबंधों के बावजूद रूस ने हाल के वर्षों में एससीओ और ब्रिक्स जैसे मंचों पर चीन के नेतृत्व को स्वीकार किया है। यह संभव है कि रूस ने इस मुद्दे पर भारत का खुलकर समर्थन करने से बचने का फैसला किया ताकि वह चीन के साथ अपने संबंधों को नुकसान न पहुंचाए। हालांकि, यह रुख भारत के लिए एक संकेत हो सकता है कि रूस की प्राथमिकताएं बदल रही हैं। पहले रूस ने भारत के साथ अपने संबंधों को प्राथमिकता दी थी, खासकर सैन्य उपकरणों की आपूर्ति और रणनीतिक सहयोग के मामले में। लेकिन यूक्रेन युद्ध के बाद रूस की भू-राजनीतिक स्थिति कमजोर हुई है और वह चीन के साथ अपने गठजोड़ को और मजबूत कर रहा है। यदि रूस ने इस बयान पर हस्ताक्षर करने का समर्थन किया होता, तो यह भारत के लिए एक बड़ा झटका होता। क्योंकि यह भारत की आतंकवाद विरोधी नीति के खिलाफ जाता। भारत ने इस बैठक में अपनी रणनीतिक स्वायत्तता को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया। राजनाथ सिंह ने न केवल आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया, बल्कि उन्होंने यह भी कहा कि भारत आतंकवाद के केंद्रों को निशाना बनाने में संकोच नहीं करेगा। भारत की यह दृढ़ता एससीओ में उसकी स्थिति को मजबूत करती है, लेकिन रूस की अस्पष्टता भारत-रूस संबंधों में एक नई जटिलता को दर्शाती है।भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस बयान को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि यह आतंकवाद और क्षेत्रीय सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भारत के रुख को कमजोर करता है। विशेष रूप से बयान में 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का उल्लेख नहीं था, जिसमें 26 हिंदुओं का नरसंहार हुआ था। लेकिन इसमें पाकिस्तान के बलूचिस्तान में उग्रवादी गतिविधियों का जिक्र था। भारत ने इसे पाकिस्तान के पक्ष में झुका हुआ माना। इस घटना ने न केवल चीन और पाकिस्तान की रणनीति को उजागर किया, बल्कि भारत के पुराने मित्र रूस के रुख पर भी सवाल उठाए। क्या रूस ने इस बयान पर हस्ताक्षर किया? या फिर उसने इस बयान में भारत की चिंताओं को शामिल कराने की कोशिश क्यों नहीं की?एससीओ की बैठक में भारत ने स्पष्ट रूप से आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया। राजनाथ सिंह ने कहा कि आतंकवाद और शांति एक साथ नहीं चल सकते। एससीओ सदस्यों को आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होना चाहिए और इसके प्रायोजकों को जवाबदेह ठहराना चाहिए। भारत ने पहलगाम हमले का उल्लेख बयान में शामिल करने की मांग की, जिसे पाकिस्तान और चीन ने अस्वीकार कर दिया। परिणामस्वरूप एससीओ कोई संयुक्त बयान नहीं जारी कर सका। यह असामान्य स्थिति थी क्योंकि एससीओ चार्टर के अनुसार निर्णय सर्वसम्मति से लिए जाते हैं। यदि कोई सदस्य आपत्ति उठाता है, तो बयान जारी नहीं होता।

### खामेनेई को ट्रंप दे रहे 30 बिलियन डॉलर का ऑफर

वॉशिंगटन(ईएमएस)। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने पहली बार सार्वजनिक रूप से बयान देकर दुनिया को चौंका दिया। ईरान और इजरायल के बीच 13 जून को शुरू हुए युद्ध के बाद से वह अंडरग्राउंड बंकर में छिपे थे। अब जब युद्धविराम हो चुका है, तो खामेनेई ने इसे 'ईरान की जीत' बताते हुए सीधे अमेरिका पर हमला बोला। उन्होंने कहा, अमेरिका इजरायल को बचाने युद्ध में कूदा था, लेकिन कुछ भी हासिल नहीं कर पाया। इस बीच, ट्रंप प्रशासन के भीतर एक अलग ही कूटनीतिक कवायद चल रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका ने ईरान को 30 अरब डॉलर की निवेश सहायता का प्रस्ताव दिया है शर्त ये है कि ईरान यूरेनियम संवर्धन पूरी तरह बंद कर दे। बदले में उसे एक नागरिक न्यूक्लियर एनर्जी प्रोग्राम दिया जाएगा, जिसकी फंडिंग अरब खाड़ी देशों से कराई जाएगी। यह बैठक वॉशिंगटन में अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ की अगुआई में हुई, ठीक उस दिन के अगले दिन जब अमेरिका ने ईरानी परमाणु ठिकानों पर मिसाइलें बरसाईं। वहीं ईरानी विदेश मंत्री अरघची ने एक बयान में साफ किया कि ईरान को अपने न्यूक्लियर स्थलों पर काफी नुकसान हुआ है।

# पाकिस्तान मंत्री को दंगल फिल्म प्रदर्शित नहीं होने देने का अफसोस



करांची,(ईएमएस)। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की एक मंत्री ने कहा कि उन्हें 2017 में आमिर खान की 'दंगल' को उनके देश में प्रदर्शित नहीं होने देने का अफसोस है। पंजाब प्रांत की पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) सरकार की मंत्री मरियम औरंगजेब ने कहा कि जब दंगल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और भारत में रिलीज हुई थी तब वह सूचना मंत्री थीं।मरियम ने एक लोकप्रिय पॉडकास्ट में कहा कि हां, अगर मुझे संघीय सूचना मंत्री रहते हुए इसका अफसोस है तो वह है पाकिस्तान में फिल्म 'दंगल' की स्क्रीनिंग पर प्रतिबंध लगाना। उन्होंने कहा कि सेंसर बोर्ड के प्रतिनिधियों और सूचना मंत्रालय के लोगों के साथ यह मेरी पहली बैठक थी और उन्होंने कुछ कारण बताते हुए फिल्म की स्क्रीनिंग पर बैन लगाने की सिफारिश की थी।मरियम औरंगजेब का बयान तेजी वायरल हो रहा है। वीडियो पर यूजर ने कमेंट्स भी किया है। एक शख्स ने लिखा कि बहुत ज्यादा नुकसान हो गया वो फिल्म सिर्फ 2076 करोड़ ही कमा पाई थी। दूसरे यूजर ने लिखा कि चिंता करने की कोई बात नहीं है ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है। एक अन्य व्यक्ति ने लिखा कि टेंशन की कोई बात नहीं है, सिर्फ 500 और 1000 रुपए का नुकसान हुआ है। हालांकि, एक यूजर ने लिखा कि दंगल मूवी सिर्फ इसलिए पाकिस्तान में रिलीज नहीं हो पाई क्योंकि पाकिस्तानी सेंसर बोर्ड ने भारतीय राष्ट्रगान को हटाने की मांग की थी। अब ये लोग बहाना दे रहे हैं। हमें इन लोगों की कोई जरूरत नहीं है।बता दें पहलगाम आतंकी हमले के बाद मंत्री मरियम औरंगजेब ने भारत-विरोधी बयान दिया था। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा था कि भारत अपने ही नागरिकों की मौत पर राजनीति कर रहा है।

# भारत को लेकर ट्रंप की दो टूक कहा हर देश से नहीं होगा व्यापार समझौता

वॉशिंगटन(ईएमएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हमेशा से 'अमेरिका फर्स्ट' पॉलिसी पर चलते हैं, लेकिन उन्होंने कई बार भारत के साथ अच्छे रिश्तों की बात की है। उनका ये नया बयान बताता है कि वो भारत को खास अहमियत देते हैं। भारत की ओर से ट्रेड डील की बातचीत को लेकर राजेश अग्रवाल की अगुवाई में टीम अमेरिका पहुंच गई है। राजेश अग्रवाल वाणिज्य मंत्रालय में स्पेशल सेक्रेटरी हैं। वह अमेरिका की टीम से दो दिन की बातचीत कर रहे हैं। यह मीटिंग इसलिए अहम है क्योंकि भारत और अमेरिका इस वक्त एक इंटरिम ट्रेड डील पर काम कर रहे हैं। कोशिश ये है कि 9 जुलाई से पहले समझौता हो जाए।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत के साथ 'बहुत बड़ी' ट्रेड डील करने जा रहे हैं। वाइट हाउस के एक इवेंट में ट्रंप ने यह बयान दिया। उन्होंने चीन के साथ ट्रेड डील की घोषणा करते हुए कहा, 'हम इंडिया के साथ बहुत बड़ी ट्रेड डील कर रहे हैं।' ट्रंप ने यह भी कहा कि अमेरिका सब देशों से समझौता नहीं करेगा, लेकिन भारत एक खास देश है। ट्रंप ने कहा कि 'हम इंडिया को खोलने जा रहे हैं'। उनके मुताबिक, कुछ ऐसे काम हो रहे हैं जो पहले कभी मुमकिन नहीं थे। अमेरिका ने 2 अप्रैल को भारत से आने वाले कुछ सामानों पर 26 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैक्स लगाने का ऐलान किया था। हालांकि, इसे 90 दिन के लिए टाल दिया गया है। अब 9 जुलाई के बाद यह टैक्स दोबारा लागू हो सकता है, अगर डील नहीं हुई तो। भारत चाहता है कि उसे इस एक्स्ट्रा टैक्स से पूरी छूट मिले। दूसरी ओर, अमेरिका चाहता है कि भारत उसे कुछ खास प्रोडक्ट्स पर टैक्स छूट दे।अमेरिका की मांग है कि भारत गाड़ियों, इलेक्ट्रिक व्हीकल्स, डेयरी प्रोडक्ट्स, वाइन, एप्पल और जेनेटिकली मोडिफाइड फसलों पर फी कम करे। लेकिन भारत के लिए डेयरी सेक्टर हमेशा से सेंसिटिव रहा है। भारत ने आज तक किसी भी फ्री ट्रेड एग्रीमेंट में डेयरी सेक्टर को नहीं खोला है। दूसरी तरफ, भारत भी चाहता है कि टेक्सटाइल, गहने, चमड़ा, केमिकल्स, झींगा, अंगूर और केले जैसे प्रोडक्ट्स पर अमेरिका फी कम करे। ये सारे लेबर-इंटेंसिव सेक्टर हैं, जिनसे भारत में रोजगार जुड़ा है। अगर 9 जुलाई तक डील फाइनल नहीं होती, तो अमेरिका फिर से 26 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैक्स लगा सकता है। इससे भारत के एक्सपोर्ट को नुकसान होगा। हालांकि, बातचीत अभी चल रही है। भारत और अमेरिका दोनों इस डील को सितंबर-अक्टूबर तक पूरी तरह फाइनल करना चाहते हैं।अगर ये डील हो जाती है, तो भारत-अमेरिका के बीच व्यापार 2030 तक 500 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। अभी यह लगभग 191 अरब डॉलर है।

# इजरायल-अमेरिका का एक और दावा फुस्स! सब निकली झूठी बातें

तेहरान(ईएमएस)। इजरायल और अमेरिका के उन दावों को झुठला दिया है जिनमें माना जा रहा था कि 12 दिन की जंग में उनकी मौत हो गई थी। इस संदेश में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने न केवल अपनी जीवित मौजूदगी का सबूत दिया, बल्कि अमेरिका और इजरायल को कड़े शब्दों में चेतावनी भी दी। उन्होंने कतर में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर ईरान के हमले को अमेरिका के चेहरे पर करारा तमाचा करार दिया और भविष्य में किसी भी आक्रामकता का कड़ा जवाब देने की बात कही।खामेनेई ने अपने संदेश में अमेरिका और इजरायल के हमलों को कमतर आंकते हुए कहा कि इन हमलों से उन्हें कुछ खास हासिल नहीं हुआ। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस दावे को खारिज किया, जिसमें ट्रंप ने कहा था कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को पूरी तरह नष्ट कर दिया गया है। खामेनेई ने इसे अतिशयोक्ति करार दिया। हालांकि, संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था आईएईए के प्रमुख राफेल ग्रॉसी ने गुरुवार को कहा कि इजरायल और अमेरिका के हमलों से ईरान के परमाणु ठिकानों को बेहद गंभीर नुकसान पहुंचा है। ग्रॉसी ने फ्रेंच ब्रॉडकास्टर आरएफआई को बताया कि नष्ट करना शायद अतिशयोक्ति है, लेकिन नुकसान बहुत बड़ा है।खामेनेई वीडियो में थके हुए और कमजोर दिखे। उनकी आवाज में भी भारीपन था और कई बार वह शब्दों में अटकते नजर आए। फिर भी उनके संदेश में वही जोश और दृढ़ता थी, जो ईरान की नौ करोड़ से अधिक जनता के बीच उनकी छवि को मजबूत करती है। 13 जून को इजरायल द्वारा ईरान के परमाणु ठिकानों और सैन्य कमांडरों पर हमले के बाद से खामेनेई सार्वजनिक रूप से नजर नहीं आए थे और वह एक गुप्त स्थान पर शरण लिए हुए थे। इस दौरान उनकी अनुपस्थिति ने उनके स्वास्थ्य और ठिकाने को लेकर अटकलों को हवा दी थी।ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने भी बुधवार को स्वीकार किया था कि हमारे परमाणु ठिकानों को भारी नुकसान पहुंचा है। इसके बावजूद खामेनेई ने अपने संदेश में परमाणु कार्यक्रम का जिक्र नहीं किया, जो इस बात का संकेत देता है कि वह इस मुद्दे पर फिलहाल खामोशी बरतना चाहते हैं। 12 दिन की इस जंग में ईरान ने इजरायल पर 550 से अधिक मिसाइलें दागीं, जिनमें से 90 फीसदी को इजरायल ने नष्ट कर दिया। वहीं, इजरायल ने ईरान के 720 से अधिक सैन्य ठिकानों और आठ परमाणु प्लांट से संबंधित स्थलों पर हमले किए। ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार इस संघर्ष में 606 लोग मारे गए और 5,332 घायल हुए, जबकि वाशिंगटन स्थित ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स समूह ने दावा किया कि मरने वालों की संख्या 1,054 थी, जिनमें 417 नागरिक और 318 सुरक्षाकर्मी शामिल थे।

### अमेरिका-इजरायल पर जीत का दावा

खामेनेई ने अपने संदेश में दावा किया कि ईरान ने इजरायल और अमेरिका पर विजय हासिल की है। उन्होंने कतर के अल उदेद एयर बेस पर ईरान के हमले को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि यह दिखाता है कि ईरान क्षेत्र में अमेरिका के महत्वपूर्ण केंद्रों तक पहुंच सकता है।

### ट्रंप को ईरान के खामेनेई का करारा जवाब बोले, आत्मसमर्पण शब्द हमे नहीं मालूम

तेहरान(ईएमएस)। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई ने इजरायल-ईरान युद्ध की समाप्ति के बाद गुरुवार को अपना पहला सार्वजनिक बयान दिया। खामेनेई ने कहा है कि आत्मसमर्पण शब्द हमारी शब्दावली (डिक्शनरी) में नहीं है। इजरायली सेना की ईरान पर बमबारी के बाद 12 दिनों तक चले युद्ध के दौरान खामेनेई ने एक गुप्त स्थान पर शरण ली थी। इजरायल ने खामेनेई को निशाना बनाने की धमकी दी थी, जिसका अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने समर्थन किया था। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आत्मसमर्पण करने की धमकी का भी जवाब दिया है।खामेनेई ने आगे कहा कि ईरानी लोगों ने अपनी एकता का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने ईरान से आत्मसमर्पण करने का आह्वान किया, लेकिन उनके बयान संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति के मुंह से बहुत बड़ी थीं। खामेनेई ने कहा, ईरान जैसे महान देश और राष्ट्र के लिए, आत्मसमर्पण का उल्लेख ही अपमान है। उन्होंने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप ने गलती से एक सच्चाई उजागर कर दी- कि अमेरिकी शुरू से ही इस्लामी गणराज्य ईरान का विरोध कर रहे हैं।खामेनेई ने एक्स पर एक पोस्ट में अपने देश को एक बार फिर बधाई दी। उन्होंने लिखा अमेरिकी शासन पर हमारे प्यारे ईरान की जीत। खामेनेई ने कहा कि अमेरिका ने सीधे युद्ध में प्रवेश किया क्योंकि उसे लगा कि अगर वह ऐसा नहीं करता, तो ज़ायोनी शासन पूरी तरह से नष्ट हो जाएगा। खामेनेई ने दावा किया कि अमेरिका ने इस युद्ध से कोई उपलब्धि हासिल नहीं की, और कहा कि ईरान विजयी बनकर उभरने में सक्षम रहा और उसने अमेरिका के मुंह पर जोरदार तमाचा मारा।अपने बयान में, अयातुल्ला खामेनेई ने कहा कि ईरान की परमाणु सुविधाओं पर हमला करके अमेरिका कुछ भी महत्वपूर्ण हासिल करने में विफल रहा। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जो कुछ हुआ था, उसका असामान्य रूप से बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया था। खामेनेई ने कहा कि यह स्पष्ट था कि उन्हें ऐसा करने की आवश्यकता थी- उन्होंने कहा कि सुनने वाला कोई भी व्यक्ति बता सकता था कि अमेरिका सच्चाई को विकृत करने के लिए चीजों को बढ़ा-चढ़ाकर बता रहा था।

# होव में पहली जीत हासिल करने उतरेगी भारतीय अंडर-19 टीम, इंग्लैंड लॉयंस से होगा मुकाबला

### वैभव पर रहेंगी सबकी नजरें



लंदन (ईएमएस)। भारतीय अंडर-19 टीम आज से यहां इंग्लैंड लॉयंस के खिलाफ 5 मैचों की यूथ वनडे सीरीज खेलेगी। इसका पहला मुकाबला होव में होगा। इस स्थल पर भारतीय टीम आजतक कभी नहीं जीती है। ऐसे में उसका लक्ष्य यहां पहली जीत दर्ज करना रहेगा। मोहम्मद अजहरुद्दीन की कप्तानी में भारतीय टीम ने साल 1999 में यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्वकप में एक मैच खेला था पर उसमें टीम को हार का सामना करना पड़ा था। इंडिया अंडर 19 टीम और इंग्लैंड लॉयंस के बीच सीरीज के पांचों वनडे मैच भारतीय समय के मुताबिक दोपहर 3:30 बजे से खेले जाएंगे। इस सीरीज का पहला एकदिवसीय होव में जबकि बाकी दो मैच नॉर्थम्प्टन में खेले जाएंगे। वहीं अंतिम दो वनडे वर्सेस्टर शॉयर में खेले जाएंगे। इसमें भारतीय टीम की कप्तानी आयुष म्हात्रे के पास रहेगी। इस सीरीज में 14 साल के उभरते हुए बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी पर भी सबकी नजरें रहेंगी। वैभव ने आईपीएल 2025 सत्र में राजस्थान रॉयल्स की ओर से डेब्यू करते हुए 252 रन बनाकर सभी को प्रभावित किया था, इस दौरान उन्होंने 35 गेंदों पर ही शतक लगा दिया था। उसी के बाद उन्हें इस सीरीज में अवसर मिला है। ऐसे में उनका लक्ष्य यहां बेहतर प्रदर्शन करना रहेगा। वैभव इस सीरीज में टीम के कप्तान आयुष म्हात्रे के साथ पारी शुरु करेंगे। इससे पहले हुए अभ्यास मैच में वैभव ने 13 गेंदों पर 17 रन बनाए थे।

**सीरीज का कार्यक्रम इस प्रकार है :** 30 जून, इंडियाअंडर-19 बनाम इंग्लैंड अंडर-19 दूसरा वनडे – काउंटी ग्राउंड, नॉर्थम्प्टन – दोपहर 3:30 बजे,2 जुलाई, इंडिया अंडर-19 बनाम इंग्लैंड अंडर-19 तीसरा वनडे – काउंटी ग्राउंड, नॉर्थम्प्टन – दोपहर 3:30 बजे, 5 जुलाई, इंडिया अंडर-19 बनाम इंग्लैंड अंडर-19 चौथा वनडे – काउंटी ग्राउंड, न्यू रोड, वॉर्सेस्टर – 3:30 बजे,7 जुलाई, भारत अंडर-19 बनाम इंग्लैंड अंडर-19 पांचवां वनडे – काउंटी ग्राउंड, न्यू रोड, वॉर्सेस्टर – 3:30 बजे. टीम इस प्रकार है : आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा, मौल्यराजसिंह चावड़ा, राहुल कुमार, अभिज्ञान कुंडु (उप-कप्तान और विकेटकीपर), हरवंश सिंह (विकेटकीपर), आर.एस. अंबरीश, कनिष्क चौहान, हेनिल पटेल, युधाजीत गुहा, प्रणव राघवेंद्र, मोहम्मद एनान, अनमोलजीत सिंह, डी. दीपेश, नमन पुष्पक।

# दूसरे टेस्ट से पहले सुदर्शन के चोटिल होने से भारतीय टीम को लगा झटका



बर्मिंघम (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड के खिलाफ यहां 2 जुलाई से शुरु हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के लिए ऐजबेस्टन पहुंच गयी है। भारतीय टीम लीड्स में पहला टेस्ट हारने के कारण 1-0 से पीछे है। ऐसे में उसका लक्ष्य यहां किसी भी हाल में जीत दर्ज करना रहेगा। इस मैच के शुरु होने से पहले ही युवा खिलाड़ी साई सुदर्शन के चोटिल होने से भारतीय टीम की मुश्किलें बढ़ गयी हैं।

ये भी कहा जा रहा है कि सुदर्शन अभी थ्रो भी नहीं कर पा रहे और उनका इस मैच में खेलना तय नहीं है। सुदर्शन ने लीड्स में हुए पहले टेस्ट से अपना डेब्यू किया था। इस मैच में हालांकि वह असफल रहे थे। मैच में फील्डिंग के दौरान सुदर्शन के बाएं कंधे में चोट लगी, इसी कारण वह लंबे थ्रो नहीं कर पा रहे। अब देखना है कि वह मैच से पहले ठीक हो पाते हैं या नहीं। अगर वह नहीं खेलते हैं तो भारत ए टीम के कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन को नंबर-3 पर अवसर मिल सकता है। ईश्वरन ने इंडिया ए की ओर से खेलते हुए 68 और 80 रन बनाये थे। इसके अलावा उनके पास प्रथम श्रेणी का लंबा अनुभव है, इसमें उन्होंने 48 की औसत से 7841 रन बनाए हैं।

## वैभव के बाद उभरा एक और नया सितारा हरवंश पंगालिया



मुम्बई (ईएमएस)। वैभव सूर्यवंशी के बाद अब एक और भविष्य का नया सितारा उभर रहा है। ये है बल्लेबाज हरवंश पंगालिया। हरवंश ने इंग्लैंड दौरे में यंग लॉयन्स के खिलाफ अपनी पारी से सभी को हैरान कर दिया है। हरवंश की बल्लेबाजी से ही भारतीय अंडर-15 टीम ये मैच जीतने में सफल भी रही। लफबरो में खेले गए इस वनडे मुकाबले में जब कप्तान आयुष म्हात्रे 1 और वैभव 17 रन ही बना सके। तो ऐसे समय में हरवंश ने आक्रामक बल्लेबाजी कर नाबाद 103 रन बनाये। इस बल्लेबाज ने 52 गेंद की अपनी पारी में 8 चौके, 9 छक्के लगाये। उनकी इस पारी से इंग्लैंड यंग लॉयन्स के गेंदबाजों की लय बिगड़ गयी। हरवंश की इस पारी से साफ हो गया है कि देश में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। हरवंश के पिता एक ट्रक ड्राइवर हैं और उनका परिवार अब कनाडा में रह रहा है। हरवंश के अलावा इस मैच में राहुल कुमार ने 73 रन, कनिष्क चौहान ने 79 रन और आर.एस. अम्बरीश ने 72 रन बनाये। वहीं गेंदबाजी में दीपेश देवेन्द्रन ने 3 विकेट लिए नमन पुष्पक और विहान मल्होत्रा ने 2-2 विकेट लिए। ऐस में तय है कि आने वाले समय में भारतीय टीम में जगह पाने के लिए कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा।



ओरलैंडो में फीफा क्लब विश्वकप फुटबॉल में खेलते हुए मैनचेस्टर सिटी के रेयान केरिकी व अन्य खिलाड़ी।

## डब्ल्यूडब्ल्यई रेसलर रॉस कैंसर से उबरे, प्रशंसकों में छायी खुशी

सेन डियागो (ईएमएस)। डब्ल्यूडब्ल्यई हाल ऑफ फेम रहे रेसलर जिम रॉस ने कहा है कि उनकी कैंसर की बिमारी ठीक हो गयी है। रॉस ने कुछ हफ्ते पहले ही कहा था कि वह कोलन कैंसर से जूझ रहे हैं और इसके लिए उन्हें सर्जरी करानी पड़ी थी। इसके बाद रॉस ने कहा कि वह घर पर बैठकर थक गए हैं और अवसरों का लाभ उठाना चाहते हैं। रॉस का कैंसर ठीक होने से उनके फैंस और शुभचिंतकों में खुशी छायी है। रॉस ने नए सत्र में अपने स्वास्थ्य पर जानकारी देते हुए कहा कि उन्हें कुछ सप्ताह पहले ही कोलन कैंसर होने का पता चला था। इसके बाद उन्होंने सर्जरी करारी थी। वहीं अब रॉस ने कहा उनका कैंसर ठीक हो गया है और वह अच्छा अनुभव कर रहे हैं। इसके अलावा, उन्होंने यह भी कहा कि वह घर पर बैठकर थक गए थे और वापस रिंग में आना चाहते हैं। सा ही कहा कि वह 12 जुलाई को आर्लिंग्टन, टेक्सास के ग्लोब लाइफ फील्ड में आगामी एईडब्लयू ऑल इन टेक्सास कार्यक्रम में उपस्थित रहना चाहते हैं। रॉस पिछले साल से ही कई सेहत से जुड़ी परेशानियों जूझ रहे हैं और उन्हें कई बार अस्पताल में भी भर्ती कराया गया था। हालांकि, अपने परिवार और फैंस के समर्थन से रॉस बेहतर होकर उभरे। इसके अलावा, इस बार भी ऐसा ही था जब उन्हें कैंसर का पता चला। रॉस कुछ समय से एईडब्लयू के लिए पार्ट-टाइम काम कर रहे हैं। एईडब्लयू ऑल इन टेक्सास के आने के साथ यह देखना बाकी है कि क्या वह शो में आने के लिए काफी स्वस्थ होंगे ताकि प्रमुख मैचों के लिए कामकाज कर सकेंगे।

## आर्चर को दूसरे टेस्ट में उतारे जाने के पक्ष में नहीं वॉन और फारब्रेस

लंदन (ईएमएस)। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन और ससेक्स के कोच पॉल फारब्रेस ने कहा है कि तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को अभी कुछ अभ्यास मैच खेलने दें और दूसरे ही टेस्ट में न उतारें। आर्चर फिट नहीं होने के कारण पिछले काफी समय से टीम से बाहर है ऐसे में उन्हें एकदम से उतारना ठीक नहीं है। आर्चर ने चार साल बाद डरहम के खिलाफ काउंटी चैंपियनशिप में ससेक्स के लिए खेलते हुए 18 ओवर में 32 रन देकर एक विकेट लिया जिसके बाद से ही ये अटकलें हैं कि उन्हें दूसरे टेस्ट के लिए टीम में जगह मिल सकती है। इंग्लैंड के चयनकर्ता ल्यूक राइट ने हाल ही में संकेत दिया था कि आर्चर 2 जुलाई से एजबेस्टन में होने वाले भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध हो सकते हैं।वहीं वॉन ने कहा, 'चार साल बाद लंबे फॉर्मेट में लौटे खिलाड़ी को एक ही मैच के आधार पर टेस्ट में नहीं रखा जा सकता। वॉन ने सुझाव दिया कि आर्चर को एक और चार दिवसीय मैच खेलने देना चाहिए जिससे वे लय में लौटें। वॉन ने जोड़ा, 'डरहम के खिलाफ उन्होंने ठीक गेंदबाजी की, लेकिन टेस्ट क्रिकेट की तीव्रता काउंटी मुकाबलों से बिल्कुल अलग होती है।' ससेक्स के कोच फारब्रेस भी वॉन से सहमत है। उन्होंने भी चयनकर्ताओं से कहा, 'मेरी सलाह होगी कि आर्चर को तीसरे टेस्ट के लिए संभाल कर रखा जाए। उन्होंने कहा कि आर्चर ने अब तक सिर्फ 18 ओवर फेंके हैं और ऐसे में सीधे टेस्ट क्रिकेट में उतरना जोखिम भरा हो सकता है। फारब्रेस ने यह भी कहा कि आर्चर की लय शानदार है और उन्होंने बेहतरीन गेंदबाजी की, लेकिन लगातार खेलने की आदत और मैच फिटनेस के लिए थोड़ा और समय देना जरूरी है।' उन्होंने यह भी कहा कि हेडिंग्ले टेस्ट जीतने के बाद इंग्लैंड को अपने गेंदबाजी आक्रमण में छेड़छाड़ नहीं करनी चाहिए और क्रिस वोक्स जैसे अनुभवी खिलाड़ी को एजबेस्टन टेस्ट में बनाए रखना चाहिए। आर्चर साल 2019 में विश्व कप फाइनल और एशेज में अपनी गेंदबाजी से छाये हुए थे। इससे बाद पीठ में स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण वह टीम से बाहर हो गये थे।

## रोहित ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली इस पारी को मानते हैं अपनी सबसे अच्छी पारी

मुम्बई (ईएमएस)। अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने टी20 प्रारुप में एक से बढ़कर एक पारियां खेलकर अब तक 8 शतक लगाये हैं पर रोहित ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 विश्वकप 2024 में खेली अपनी 92 रनों की पारी को इस प्रारुप की अपनी सबसे अच्छी पारी मानते हैं। उस मैच में रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के घातक गेंदबाज मिचेल स्टार्क की गेंदों पर भी जमकर चौके और छक्के लगाये थे। उस मैच में कोई गेंदबाज रोहित के कोप से बच नहीं पाया था। रोहित की 92 रनों की पारी से भारतीय टीम ने 205 रन बनाये थे जिसके बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम 181 रनों पर ही सिमट गयी थी। रोहित ने कहा, "टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 92 रनों की पारी मेरी अब तक की सर्वश्रेष्ठ टी20 पारी है।" उन्होंने साथ ही कहा, "जब मैं 2024 टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलने के लिए उतरा, तो मेरे दिमाग में बस यही था कि मुझे किसी तरह स्कोर करना है, मुझे उनके खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करना है और रन बनाना है।

# वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया मैच में तीसरे अंपायर के पांच फैसलों पर उठा विवाद

### पूर्व क्रिकेटर बिशप ने नाराजगी जतायी



बारबाडोस (ईएमएस)। यहां वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में तीसरे अंपायर के 5-5 गलत फैसलों पर विवाद उठे हैं। मैच के पहले दो दिनों में ही 24 विकेट गिर चुके हैं और मुकाबला रोमांचक हो गया है। थर्ड अंपायर एड्रियन होल्डस्टॉक के इन गलत फैसलों से मेजबान वेस्टइंडीज की टीम ही अधिक नुकसान हुआ है क्योंकि इन 5 में से 4 फैसले उनकी टीम के खिलाफ गये हैं। वेस्टइंडीज के पूर्व तेज गेंदबाज इयान बिशप ने भी तीसरे अंपायर के फैसलों पर सवाल उठाये हैं। दूसरे दिन के पहले ही ओवर में वेस्टइंडीज के कप्तान रोस्टन चेज ने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज जोश हेजलवुड की एक गेंद को एक रन के लिए खेला। ऑस्ट्रेलियाई के कप्तान पैट कमिंस को लगा कि गेंद पहले पैड पर लगी है, इसलिए उन्होंने डीआरएस की अपील की। तो तीसरे अंपायर ने यह सोचकर नॉट-आउट फैसला सुनाया कि गेंद पहले बल्ले से टकराई थी। पैट कमिंस और हेजलवुड इस फैसले पर नाराजगी जताते हुए मैदानी अधिकारियों के पास गए पर कुछ लाभ नहीं हुआ। इसके बाद रोस्टन भी गलत फैसले से प्रभावित हुए। पैट कमिंस ने उन्हें एलबीडब्ल्यू की अपील की जिसे अंपायर ने मान लिया। रोस्टन ने डीआरएस लिया पर अंपायर का फैसला नहीं बदला। वेस्टइंडीज के पूर्व तेज गेंदबाज इयान बिशप ने इस फैसले पर नाराजगी जताते हुए कहा, मैं इस फैसले से सहमत नहीं हूं। मेरे विचार से रोस्टन आउट नहीं थे।। यह सिलसिल आगे भी चला। दोपहर के सत्र में वेस्टइंडीज के बल्लेबाज शाई होप का विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने शानदार कैच पकड़ लिया पर अंपायर कैच ने फैसला तीसरे अंपायर को सौंप दिया। रिप्ले में देखा गया कि कैरी ने जब गेंद पकड़ी तो गेंद का कुछ हिस्सा जमीन पर लगा था, इसके बाद भी थर्ड अंपायर ने होप को आउट करार दिया।दूसरे दिन के अंत में एक बार फिर यही हुआ वेस्टइंडीज के कैमरून ग्रीन एलबीडब्यू की अपील से बच गए। रिप्ले से पता चला कि गेंद बल्ले से पहले पैड पर लगी थी। हालांकि, होल्डस्टॉक ने एक बार फिर गलत फैसला लेकर नाट आउट दिया। पहले दिन ट्रेविस हेड के मामले में शमर जोसेफ की गेंद पर शाई होप ने कैच पकड़ा था पर अंपायर ने आउट नहीं दिया।

## जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट सीरीज में दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी करेंगे केशव महाराज



बुलवायो (ईएमएस)। केशव महाराज की कप्तानी में दक्षिण अफ्रीकी टीम इसी माह 28 जून से जिम्बाब्वे के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज से अपने विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2026-27 (डब्ल्यूटीसी) के नये सत्र की शुरुआत करेगी। नियमित कप्तान टेंबा बावुमा के चोटिल होने से केशव को कप्तानी की जिम्मेदारीद दी गयी है। दो टेस्ट मैचों की इस। सीरीज की शुरुआत 28 जून से बुलावायो में होगी। जिम्बाब्वे के खिलाफ जो सीरीज शुरू होने वाली है, उसमें कप्तानी संभालने जा रहे केशव भारतीय मूल के हैं। उनके पूर्वज 1874 में दक्षिण अफ्रीका चले गए थे। केशव महाराज का जन्म डर्बन में ही हुआ था केवव ने अब तक दक्षिण अफ्रीका की ओर से 58 टेस्ट, 48 एकदिवसीय और 39 टी20 मुकाबले खेले हैं। वहीं टी20 ट्राई सीरीज के लिए रासी वान डर डुसेन दक्षिण अफ्रीकी टीम की कप्तानी करेंगे। ये सीरीज अगले 14 से 26 जुलाई तक हरारे में होगी सीरीज के लिए दोनों टीमें इस प्रकार हैं-

दक्षिण अफ्रीकाः केशव महाराज (कप्तान), डेविड बेडिंघम, मैथ्यू ब्रीतजके, डेवाल्ड ब्रेविस, कॉर्बिन बॉश, टोनी डी जोरजी, ज़ुबैर हम्जा, क्वेना मफाका, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, लेसेगो सेनोकवाने, प्रेनेलन सुब्रायेन, काइल वेरिन और कोडी यूसुफ।

जिम्बाब्वेः क्रेग एर्विन (कप्तान), ब्रायन बेनेट, तनाका चिवांगा, ट्रेवर ग्वांडु, ताकुदज्वानाशे काइतानो, क्लाइव मदांडे, वेस्ली माधेवेरे, विंसेंट मासेकेसा, वेलिंगटन मसकाद्ज़ा, प्रिंस मसवाउर, कुंडाई माटिगिमु, ब्लेसिंग मुजरबानी, न्यूमैन न्यामुरी, तफदजवा त्सिगा, निकोलस वेल्च, सीन विलियम्स।

# रोनाल्डो साल 2027 तक अल नासर में ही रहेंगे



दुबई (ईएमएस)। पुर्तगाल के स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो अगले दो साल तक सऊदी अरब के फुटबॉल क्लब अल नासर में ही रहेंगे। रोनाल्डो ने इसके तहत ही क्लब के साथ साल 2027 तक के लिए एक करार किया है। इसी के साथ ही रोनाल्डो के क्लब छोड़ने की अटकलें समाप्त हो गयी हैं। अब वह 2027 तक अल नासर में ही रहेंगे। इस स्टार स्ट्राइकर ने ये घोषणा सोशल मीडिया में जारी एक पोस्ट के साथ दी जिसमें उन्होंने कहा, एक नया अध्याय शुरू हो रहा है। वही जुनून, वही सपना। आइए साथ मिलकर इतिहास बनाएं। वहीं सऊदी क्लब ने भी कहा, रोनाल्डो साल 2027 तक हमारे साथ बने रहेंगे। मैनचेस्टर यूनाइटेड छोड़ने के बाद साल 2022 के अंत में रोनाल्डो अल नासर में शामिल हो गये थे, यहां उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 105 मैचों में 93 बार गोल दागे। इस क्लब में रोनाल्डो के शामिल होने के बाद खास बदलाव आया और सऊदी प्रो लीग का दुनिया भर में आकर्षण बढ़ा। जिससे कई अच्छे खिलाड़ी लीग से जुड़े। रोनाल्डो का अनुबंध इस गर्मी में समाप्त होने वाला था, और 2024-25 सत्र के अल नासर के अंतिम मैच के बाद उनकी एक पोस्ट यह अध्याय समाप्त हो गया से ये अंदेशा लगाया जाने लगा कि वह क्लब छोड़ रहे है पर ऐसा कुछ नहीं हुआ।

पिछले महीने तब और अनिश्चितता पैदा हो गई जब फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने रोनाल्डो के विस्तारित 2025 क्लब विश्व कप में संभावित रूप से शामिल होने के बारे में बात की हालांकि रोनाल्डों ने इससे इंकार किया है।

## मैनचेस्टर सिटी ने क्लब विश्वकप फुटबॉल में जुवेंटस को हराया



लंदन (ईएमएस)। मैनचेस्टर सिटी ने जुवेंटस एफसी क्लब को 5-2 से हराने के साथ ही विश्व कप क्लब फुटबॉल 2025 के ग्रुप स्तर पर 100 प्रतिशत जीत का नया रिकॉर्ड बनाया है। मैनचेस्टर सिटी को इस जीत के साथ ही ग्रुप जी में पहला स्थान मिल गया है। अब मैनचेस्टर का सामना ग्रुप एच की दूसरे नंबर की टीम से राउंड ऑफ 16 में होगा। मैनचेस्टर फीफा क्लब विश्व कप 2025 के ग्रुप चरण में सभी मुकाबले जीतने वाली अकेली टीम है। उसने अब तक इस टूर्नामेंट में 13 गोल किए हैं जबकि दूसरे नंबर पर 12 गोल के साथ ही एफसी बायर्न म्यूनिख है। जुवेंटस के खिलाफ मुकाबले में मैनचेस्टर सिटी का नियंत्रण पूरे समय बना रहा।

मैच की शुरुआत के नौवें मिनट में ही मैनचेस्टर ने गोल कर बढ़त हासिल कर ली हालांकि ये अधिक देर तक कायम नहीं रह पायी। केवल दो मिनट बाद सिटी के गोलकीपर एडरसन के आत्मघाती गोली से जुवेंटस बराबरी पर पहुंच गयी।

इसके बाद 26वें मिनट में जुवेंटस के डिफेंडर की गलती से हुए गोल से मैनचेस्टर को फिर बढ़त मिल गयी। मैनचेस्टर पहले हाफ में हावी रही। बीच में बारिश के कारण बाधा आई पर मैनचेस्टर की लय बनी रही। दूसरे हाफ में एरलिंग हैलैंड ने 52वें मिनट में गोल दागकर सिटी की बढ़त को 3-1 कर दिय। इसके बाद फिल फोडेन ने गोल कर स्कोर 4-1 कर किया। जब हैलैंड ने शानदार दौड़ लगाकर साविन्हो को पास दिया, जिसने गोलकीपर को छका कर फोडेन को आसान मौका दिया।वहीं साविन्हो ने मैच के 75वें मिनट में लंबी किक लगाकर पांचवां गोल दाग दिया। इसके बाद 84वें मिनट में जुवेंटस ने एक गोल वापस किया पर तब तक काफी देर हो गयी थी।

## आईसीसी ने वेस्टइंडीज के गेंदबाज सील्स पर जुर्माना लगाया

दुबई (ईएमएस)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडन सील्स पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में अचारसंहित उल्लंघन के लिए जुर्माना लगाया है। सील्स ने इस मैच में ऑस्ट्रेलिया कप्तान पैट कमिंस को आउट होने पर ड्रेसिंग रुम जाने का इशारा किया था। आईसीसी ने सील्स पर उनकी मैच फीस का 15 फीसदी जुर्माना भी लगाया है। इसके साथ ही उनके खाते में एक नकारात्मक अंक भी दर्ज हुआ है। आईसीसी ने एक बयान में कहा, सील्स को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया गया है। ये किसी अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान बल्लेबाज के आउट होने पर अपमानजनक भाषा, क्रिया या हाव-भाव का उपयोग करने या आक्रामक प्रतिक्रिया को भड़काने से जुड़ा हुआ है। इसके अलावा, सील्स के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक नकारात्मक अंक भी जोड़ा गया है, ये 24 महीने की अवधि में उनका दूसरा अपराध था, इससे उनके नकारात्मक अंकों की संख्या दो हो गई है।यह घटना ऑस्ट्रेलियाई पारी के 55वें ओवर की थी। तब सील्स ने कमिंस को आउट करने के बाद पवेलियन की तरफ इशारा किया था। इसे आईसीसी के अनुशासन नियमों के अनुसार आचार संहिता का उल्लंघन माना गया, क्योंकि यह बल्लेबाज को अपमानित करने के साथ ही उकसाने वाला था। आईसीसी ने बताया कि सील्स ने अपनी गलती मान ली और मैच रेफरी जवागल श्रीनाथ के दिए दंड को भी स्वीकार कर लिया, इसलिए इस मामले में कोई औपचारिक सुनवाई नहीं हुई। मैदानी अंपायर रिचर्ड केटलबोरो और नितिन मेनन, तीसरे अंपायर एड्रियन होल्डस्टॉक और चौथे अंपायर ग्रेगरी ब्रैथवेट ने आरोप तय किए थे। सील्स का यह 24 महीनों में दूसरा नकारात्मक पॉइंट है। इससे पहले उन्हें दिसंबर 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ एक टेस्ट में डिमेरिट पॉइंट मिला था।

## वेस्टइंडीज के एक क्रिकेटर पर कई महिलाओं ने लगाया शोषण

### रेप का आरोप , बोर्ड की भूमिका पर भी सवाल उठे

गुयाना (ईएमएस)। वेस्टइंडीज की टीम जहां अभी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेल रही है। वहीं टीम के एक मौजूदा या पूर्व खिलाड़ी पर बलात्कार, उत्पीड़न के साथ ही कई गंभीर आरोप लगे हैं। यह मामला गुयाना के मीडिया की रिपोर्ट से सामने आया है। इससे वेस्टइंडीज टीम के साथ ही क्रिकेट बोर्ड की भी मुश्किलें बढ़ गयी हैं। टीम के खिलाड़ी पर आरोप लगाने वाली महिलाओं की संख्या एक दर्जन है जिसमें से कुछ नाबालिग भी हैं। ऐसे में अब टीम के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होना तय है। इससे पहले ही परेशानी में फंसा वेस्टइंडीज बोर्ड का संकट बढ़ना तय है। रिपोर्ट के अनुसार मुख्य शिकायत गुयाना की एक युवती ने दायर की थी। इसके बाद अन्य महिलाएं भी सामने आईं और उन्होंने यौन उत्पीड़न, अनुचित व्यवहार के साथ ही मामले को दबाने के आरोप लगाये। वहीं रिपोर्ट में यह दावा भी किया गया है कि आरोपी खिलाड़ी को बचाने के लिए मामले को दबाने की कोशिश की गई। कई कथित पीड़ितों और उनके परिवारों का मानना है कि पुलिस और अन्य अधिकारियों ने आरोपों को गंभीरता से नहीं लिया और मामले को रफा-दफा कर दिया गया। एक पीड़िता के वकील निगेल ह्यूजेस ने कहा कि पहली औपचारिक शिकायत करीब दो साल पहले दर्ज की गई थी। उन्होंने कहा कि गुयाना के डायरेक्टर ऑफ पब्लिक प्रोसिक्यूशंस ने आरोप तय करने की सिफारिश की थी, लेकिन उन सिफारिशों को नजरअंदाज कर दिया गया। वहीं इस मामले में वेस्टइंडीज बोर्ड की भूमिका भी संदेश के घेरे में है। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. किशोर शालो ने कहा कि उन्हें इन आरोपों से अवगत की जानकारी नहीं है और वे इस मामले को देखेंगे।

## बुमराह को दूसरे टेस्ट में मिलेगा आराम

बर्मिंघम (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड के खिलाफ 2 जुलाई से यहां होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में अपने मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बिना ही उतरेगी। बुमराह को कार्यभार प्रबंधन के तहत ही दूसरे टेस्ट में आराम दिया जाएगा। इस सीरीज के पहले ही ये तय हुआ था कि बुमराह सीरीज में तीन ही मैच खेलेंगे हालांकि ये तय नहीं था कि ये मैच कौन से होंगे। इंग्लैंड से पहला टेस्ट मैच हारने के बाद भारतीय टीम 1-0 से पीछे हैं और ऐसे में बुमराह का नहीं खेलना भारतीय टीम के लिए करारा झटका होगा क्योंकि पहले टेस्ट में बुमराह ने पांच विकेट लिए थे और भारतीय टीम की ओर से केवल वही एक गेंदबाज थे जिन्होंने मेजबान टीम पर दबाव बनाया। ऐसे में भारतीय टीम के लिए उनका विकल्प तलाशना आसान नहीं होगा। बुमराह ने पहले टेस्ट मैच में 44 ओवर की गेंदबाजी की थी। उन्होंने मैच की पहली पारी में 5 विकेट लिए थे पर दूसरी पारी में उन्हें कोई विकेट नहीं मिला था। बुमराह को दूसरी पारी में विकेट नहीं मिलने से ही इंग्लैंड की टीम आसानी से जीत गयी। इंग्लैंड ने जीत के लिए मिले 371 रनों के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया था। भारतीय टीम को सीरीज में वापसी के लिए दूसरा टेस्ट हर हाल में जीतना जरूरी है। बुमराह के नहीं खेलने पर इस मैच में भारतीय तेज गेंदबाज आक्रमण की कमान मोहम्मद सिराज को मिलेगी। कार्यभार प्रबंधन के तहत बुमराह दूसरे टेस्ट से बाहर रहेंगे और तीसरे टेस्ट में वापसी करेंगे। तीसरा टेस्ट 10 जुलाई से लॉर्ड्स में खेला जाएगा। बुमराह ने इंग्लैंड दौरे से पहले ही उन्होंने यह कह दिया था कि वे 5 टेस्ट में से 3 में ही खेल पाएंगे।

## जडेजा का करियर भी समाप्त होता नजर आ रहा

मुम्बई (ईएमएस)। रोहित शर्मा, विराट कोहली और आर अश्विन के बाद अब लगता है कि स्पिन ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा का टेस्ट करियर भी समाप्त हो सकता है। इंग्लैंड के खिलाफ पहले ही टेस्ट में जिस प्रकार करुण नायर की वापसी हुई है और साई सुदर्शन ने डेब्यू किया है। उससे अब जडेजा के लिए जगह बनना कठिन होता जा रहा है। विदेश दौरे पर आम तौर पर भारतीय टीम की अंतिम ग्यारह में एक ही स्पिनर होता है। ऐसे में जडेजा को कुलदीप यादव से कड़ी टक्कर मिल रही है। पहले टेस्ट में जडेजा का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा। इससे ऐसा लगता है कि ये उनका अंतिम विदेश दौरा हो सकता है। जडेजा अभी टीम के सबसे अनुभवी खिलाड़ी हैं। वह सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज और सबसे बेहतरीन ऑलराउंडर है पर इस बार उनमें पहले वाली बात नहीं रही है। वह पहले टेस्ट में बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में ही असफल रहे। उन्होंने पहली पारी में 11 और दूसरी में नाबाद 25 रन बनाए। गेंदबाजी में उन्हें सिर्फ दूसरी पारी में एक विकेट मिला। ऐसे में कहा जा रहा है अगर पहले टेस्ट मैच में जडेजा की जगह कुलदीप होते तो भारतीय गेंदबाज हावी रहते। जडेजा टीम इंडिया के एकमात्र खिलाड़ी ऐसे हैं जिनका टेस्ट करियर 15 साल से अधिक पुराना हो गया हे। उनकी उम्र भी 36 के करीब है। वह एके बेहतरीन क्षेत्ररक्षक रहे हैं पर वहां भी वह असफल रहे। उन्होंने पहले टेस्ट मैच में एक कैच भी छोड़ा था। ऐसे में अब उनपर दबाव भी बढ़ता जा रहा है। ऐसे में वह इस दौरे में टेस्ट से संन्यास की घोषण कर दें तो किसी को हैरानी नहीं होनी चाहिये। इससे पहले अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया दौरे में खराब प्रदर्शन के कारण संन्यास ले लिया था।

## ऋषभ की बल्लेबाजी से प्रभावित हुए ग्रेग चैपल

सिडनी (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज रहे ग्रेग चैपल ने भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की जमकर प्रशंसा की है। चैपल लीड्स में खेली ऋषभ की शतकीय पारियों से हैरान है। चैपल ने कहा कि इस बल्लेबाज ने ऐसे शॉट खेले जो क्रिकेट की किताब में तक नहीं हैं। साथ ही कहा कि ये बल्लेबाज खेल को एक नया अंदाज दे रहा है। ऋषभ ने पहले टेस्ट की पहली पारी में 178 गेंदों पर 134 जबकि दूसरी पारी में 140 गेंदों पर 118 रन बनाये थे। उन्होंने इस दौरान कई रिकॉर्ड भी बनाए। चैपल ने कहा कि वह ऐसे शॉट खेल रहे हैं जो 'एमसीसी प्लेइंग मैनुअल' में भी नहीं हैं। साथ ही कहा, 'जब मैंने पहली बार उसे देखा तो मुझे एडम गिलक्रिस्ट की याद आ गयी हालांकि वह एक अलग तरह का खिलाड़ी है।



पेरिस में केन्या की ओलंपिक चैम्पियन फेथ किपयागोन रेस में भाग लेती हुई।

# झारखंड और बंगाल बॉर्डर के चिरकुंडा थाना परिसर से निकाली गयी भव्य रथ यात्रा, हजारों लोग हुए शामिल



चिरकुंडा, (धनबाद), कोयलांचल धनबाद के झारखंड और पश्चिम बंगाल की सीमा पर स्थित चिरकुंडा थाना परिसर से भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा बड़े ही धूमधाम से निकाली गई। यह यात्रा कुमारधुबी होते हुए मैथन पहुंची।

निरसा विधायक अरूप चटर्जी ने सर्वप्रथम भगवान जगन्नाथ की मंगल आरती की और पुरोहित द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ रथ को रवाना किया। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने बड़ी आस्था के साथ प्रभु का सुमिरन करते हुए, नाचते-गाते और रस्सों को खींचते हुए रथ को आगे बढ़ाया।

निरसा विधायक अरूप चटर्जी ने बताया कि मैथन पोस्टऑफिस के पीछे भव्य जगन्नाथ मंदिर का निर्माण किया जा रहा है और जिले का सबसे भव्य मंदिर होगा।

सूर्योदय सेवा समिति के सदस्य श्याम ने बताया कि पीछे वर्षों से चिरकुंडा थाना मोड से रथ यात्रा की शुरुआत की गई थी और आगे भी जारी रहेगा। लोगो को प्रभु जगन्नाथ के प्रति काफी आस्था हैं और प्रभु जगन्नाथ सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करते है।यह रथ यात्रा आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को शुरू होती है, जिसे अत्यंत खास माना जाता है। इस वर्ष जगन्नाथ रथ यात्रा आज, 27 जून से शुरू होकर 6 जुलाई तक चलेगी। यह 10 दिवसीय धार्मिक उत्सव भक्तों की आस्था और संस्कृति का प्रतीक है।

आज भगवान जगन्नाथ महाप्रभु अपने बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ रथ पर सवार होकर 'मौसी के घर' के लिए रवाना हुए। भगवान जगन्नाथ नंदीघोष नामक रथ पर, बलभद्र तालध्वज नामक रथ पर और सुभद्रा दर्पदलन नामक रथ पर विराजमान होती हैं। इन रथों को हजारों भक्त मिलकर भारी रस्सियों से खींचते हैं।

रस्सियों से रथ खींचना एक बड़े पुण्य का कार्य माना जाता है, जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए। धार्मिक मान्यता के अनुसार, जगन्नाथ रथ यात्रा का आशीर्वाद "100 यज्ञों जितना पुण्य" प्राप्त करने का अवसर देता है। ऐसी आस्था है कि जो व्यक्ति रथ खींचता है या उसमें घूमता है, उसे पाप-मुक्त होने का अधिकार मिलता है। यही वजह है कि आज हजारों की संख्या में श्रद्धालु इस आयोजन में भाग लेते हैं।



## कुमारधुबी में केंद्रीय उत्कल समाज द्वारा निकाला गया रथ यात्रा, सैकड़ो श्रद्धालुओं ने लिया हिस्सा

चिरकुंडा, (धनबाद), केंद्रीय उत्कल समाज जगन्नाथ मंदिर चार नंबर उड़िया धौड़ा कुमारधुबी से शुक्रवार के दोपहर रथ यात्रा निकाला गया। समाजसेवी राजीव कपाही उर्फ शेरू द्वारा विधिवत रूप से पूजा कर रथ का रस्सी खींच कर यात्रा का शुभारंभ किया गया।रथ यात्रा बगानधौड़ा, एमबीई गेट, पंचमहली, कालीधौड़ा, गाड़ीखाना, कुमारधुबी बाजार होते हुए वापस उड़िया बस्ती छायगदा पहुँचा। जहां भगवान मौसी बारी में गए। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में भक्त रथ के आगे नाचते झूमते निकल पड़े। विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए चिरकुण्डा सर्किल इंस्पेक्टर फागु होरो, कुमारधुबी ओपी प्रभारी राजेश लोहरा, महिला-पुरुष पुलिस बल की तैनाती किया गया था। मौके पर पंसस मधु सिंह, भाजपा नेता जयप्रकाश सिंह, वरुण दे, इरफान अहमद खान, सोनू पासवान, कमेटी के सचिव संजय जगदला, पोरेश सोना, विभूति जगदला, शिवचरण सोना, सुखदेव सोना, लक्ष्मण वर्मा, मदन बाग, सदानन्द सोना, प्रवीर सोना, सचिन बाग सहित अन्य मौजूद थे।

## झरिया विधायक रागिनी सिंह जगन्नाथ यात्रा महोत्सव एवं शिक्षा सम्मान समारोह में हुई शामिल





धनबाद, (झरिया ), शुक्रवार को झरिया के भौंरा स्थित जहाज टांड़ में आयोजित श्री श्री जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव एवं शिक्षा सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि झरिया विधायक श्रीमती रागिनी सिंह उपस्थित हुई । जहां विधायक श्रीमती सिंह ने भगवान जगन्नाथ की विधिवत पूजा अर्चना कर महोत्सव का शुभारंभ किया। साथ ही सभी को महोत्सव की ढेर सारी शुभकामनाएं दी । वही शिक्षा सम्मान समारोह के तहत शिक्षा जगत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने विधायक श्रीमती सिंह का स्वागत अभिनंदन किया। मौके पर भाजपा नेता उमेश यादव, शिव कुमार यादव,सहित कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे ।

### संगठन सृजन 2025 कार्यक्रम के तहत

# गोविंदपुर प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार हाड़ी की अध्यक्षता में संपन्न




धनबाद। संगठन सृजन 2025 कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को गोविंदपुर प्रखंड कांग्रेस कमेटी की एक बैठक बरवाअड्डा स्थित अपना ढाबा में प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार हाडी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से धनबाद जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष राशिद राजा अंसारी एवं पर्यवेक्षक आशीष सिन्हा उपस्थित थे। बैठक का उद्देश्य राष्ट्रीय एवं प्रदेश द्वारा संगठन सृजन के तहत नव मनोनीत प्रखंड पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों के बीच नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से गोबिन्दपुर प्रखंड के 39 पंचायतों में संगठन को मजबूत करने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी संगठन सृजन के लिए जिला, प्रखंड, मंडल, पंचायत, वार्ड एवं बुथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए कमेटी का गठन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश हित में राहुल गांधी के संघर्ष को देखते हुए लोगों का कांग्रेस के प्रति विश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा कि जनता केंद्र की मोदी सरकार से उबचुके हैं और परिवर्तन चाहते है। देश में परिवर्तन की लहर चल चुकी है। जिला अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि बड़ी संख्या में युवा एवं अन्य वर्ग के लोग कांग्रेस से जुड़ रहे हैं। बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार हाड़ी कहा कि एक महिने के गोबिन्दपुर प्रखंड के 39 पंचायतों में प्रखंड कमिटी एवं मंडल अध्यक्षों के सहयोग से पंचायत कमिटी का गठन कर प्रदेश एवं जिला को सौंपने की बात कही। बैठक को रशीद राजा अंसारी, आशीष सिन्हा आदि ने संबोधित किया। मौके पर सोमर रविदास, तारीख अनवर, अनिल रविदास, मुकेश कुमार दास, भूषण कुमार रजक, समीर सेन, मोहसिन अंसारी, मोहसिन अंसारी, कमलेश सिंह चौधरी, सद्दाम हुसैन, टिंकू सिंह चौधरी, मधुसूदन पंडित, देवनारायण पंडित, परितोष कुमार, पम पम राय, हारुन अंसारी समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अपने हक और अधिकार के लिए महिलाओं को संगठित होना होगा, पूनम देवी

धनबाद, सरायढेला में धनबाद नगर महिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष पुनम देवी की अध्यक्षता में धनबाद नगर महिला कांग्रेस कमिटी की कार्यकारिणी की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि निवर्तमान जिलाध्यक्ष सीता राणा के साथ अतिथियों का स्वागत नगर अध्यक्ष पुनम देवी ने पुष्प गुच्छ भेंट कर और माला पहना कर किया। बैठक में धनबाद नगर की दर्जनों महिलाओं ने धनबाद नगर अध्यक्ष पूनम देवी के अगुवाई में महिला कांग्रेस का दामन थामा। मौके पर उपस्थित महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीता राणा एवं नगर अध्यक्ष पूनम देवी ने संयुक्त रूप से सभी महिलाओं को माला पहनकर और कांग्रेस का पट्टा देकर सम्मानित किया और महिला कांग्रेस में सभी का स्वागत किया। मौके पर धनबाद नगर महिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष पुनम देवी ने कहा कि कांग्रेस बड़ा परिवार जन हित में कार्य किया। देश हित में किए गए कल्याणकारी कार्यों में कांग्रेस पार्टी की उल्लेखनीय भूमिका रही है।

# राजगंज में अवैध बालू कारोबार जारी, प्रशासन बेखबर






राजगंज, (धनबाद ), राजगंज थाना क्षेत्र में इन दिनों अवैध बालू का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है । विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, गिरिडीह के सीमावर्ती इलाकों के बढाकर नदी घाटों से रात के अंधेरे में ट्रैक्टरों के माध्यम से बालू का उठाव होता है।

ट्रैक्टरों में लदा यह बालू तिलैया मार्ग होते हुए मस्जिद चुंगी रोड से गुजरता है और ठीक राजगंज थाना के समीप से होकर राजगंज मोड़ तक पहुंचता है। बताया जाता है कि यहां बालू कारोबारी पहले से मौजूद रहते हैं और 'सिग्नल' मिलते ही ट्रैक्टरों की लंबी कतार कतरास रोड, दल्लूडीह एनएच-जीटी रोड और डोमनपुर मोड़ से मैरा कुल्ही की ओर रवाना हो जाता है।

यह पूरा अवैध खेल अहले सुबह 3 बजे से लेकर 7 बजे तक चलती है। यही नहीं रात में भी बालू लोड ट्रैक्टर को पार कराया जाता है। इस तरह कतरास रोड के किनारे भी जगह-जगह बालू के ढेर देखे जा सकते हैं , जो इस बात का प्रमाण हैं कि इस धंधे से कुछ राजगंज के सफेद पोस लोग मालामाल हो रहे हैं, उन लोगों का कारोबार फल फूल रहा है, वहीं दूसरी ओर सरकारी राजस्व को भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

प्रशासन की निष्क्रियता पर भी लोग सवाल उठा रहे हैं, क्योंकि यह पूरा कारोबार थाना के पास से होकर गुजरता है ।



## 29 जून को मोहराबादी मैदान में ऑटो चालक और ई रिक्शा चालकों की होने वाली बैठक स्थगित

रांची। दिनांक 27 जून शुक्रवार को झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि 29 जून को मोहराबादी मैदान में ऑटो चालक और ई रिक्शा चालकों की होने वाली बैठक को स्थगित कर दिया गया है ।कार्यक्रम स्थापित करने का कारण यह है कि अभी महासंघ के संरक्षक स्वर्गीय कमलाकांत जी का देहांत हुआ है और महासंघ के सचिन रमाशंकर सिंह के पिता का भी देहांत अचानक हो गया। रथ मेला एवं बारिश को देखते हुए 29 तारीख के बैठक को स्थगित करने का निर्णय लिया गया है । रमाशंकर सिंह के घर के कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए महासंघ का कोई भी बैठक फिलहाल अभी नहीं किया जाएगा । अगले बैठक की तिथि सभी के सहमति से लेने के बाद, ऑटो चालक मालिक ई रिक्शा चालक मालिकों की बैठक बुलाई जाएगी ।

# दो शराब दुकानों में रांची की टीम ने किया औचक निरीक्षण

### संदिग्ध रूप से रखी शराब की बोतलें जब्त

धनबाद, रांची से उत्पाद अधीक्षक, सुधीर कुमार के नेतृत्व में गुरुवार की रात उत्पाद विभाग की टीम ने मेमको मोड़ आठ लेन स्थित दुकान संख्या - 006 FLX DHN से 17 और गोल बिल्डिंग स्थित शराब दुकान संख्या - 008 FLX DHN से 239 शराब की संदिग्ध बोतलें जब्त की है।

इस संबंध में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, आदित्य रंजन ने बताया कि उत्पाद विभाग के अधिक्षक ने उन्हें सूचित किया था कि जिले की कुछ सरकारी शराब दुकानों में संदिग्ध शराब बेचने की सूचना मिली है। इसके बाद कार्यपालक दंडाधिकारी, रवींद्रनाथ ठाकुर एवं कार्यपालक दंडाधिकारी, एल.बी.के. सहदेव को छापामारी टीम में दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया।

मेमको मोड़ आठ लेन स्थित दुकान में कार्यपालक दंडाधिकारी, रविन्द्र नाथ ठाकुर तथा गोल बिल्डिंग स्थित शराब दुकान में कार्यपालक दंडाधिकारी, एल.बी.के. सहदेव की मौजूदगी में छापेमारी की गई।

छापामारी के दौरान मेमको मोड़ आठ लेन स्थित दुकान से 17 बोतल संदिग्ध मिलावटी विदेशी शराब पायी गयी। जबकि गोल बिल्डिंग स्थित शराब दुकान से 239 बोतल संदिग्ध एवं नकली शराब बरामद हुई। दुकानों में अन्य कई अनियमितता भी पायी गयी। पूछताछ करने पर दुकान के सेल्समैन संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। इसके बाद दोनों दुकान के सेल्समैन को फौरन हिरासत में लेकर स्थानीय उत्पाद थाना को सौंपा गया। वहीं जब्त संदिग्ध शराब की बोतलों को जिले के उत्पाद विभाग को दिया गया। विभाग उसे एफ.एस.एल. जांच के लिए भेजेगा। जांच के बाद उत्पाद अधिनियम के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बाघमारा में छात्र राजनीति को नई दिशा देगा एनएसयूआई संगठन ने उठाया नेतृत्व संभालने का बीड़ा



कतरास, (धनबाद), जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष अशोक लाल के अध्यक्षता में कतरास कांग्रेस कार्यालय में एन एस यू आई कतरास इकाई की मजबूती को लेकर अशोक लाल कहा की बाघमारा मे निजी समस्या जैसे पानी, बिजली सड़क, शिक्षा बेरोजगारी से लोगो को हम मिलकर उनकी समस्या का समाधान निकालना है। बाघमारा की उनके हक की लडाई हम मिलकर लड़ेंगे । बैठक का संचालन एन एस यू आई के झारखंड प्रदेश सचिव आकाश प्रमाणिक और धनबाद जिला के पूर्व जिला महासचिव सिंकु खान किया। साथ ही प्रदेश सचिव आकाश प्रमाणिक और पूर्व धनबाद जिला महासचिव सिंकु खान ने कहा कि बाघमारा विधानसभा क्षेत्र में अब नेतृत्व की कमान एनएसयूआई छात्र कांग्रेस संभालेगी। छात्र-छात्राओं और युवा वर्ग के सहयोग से एनएसयूआई अब फ्रंटलाइन पर आकर सक्रिय भूमिका निभाएगी। संगठन ने स्पष्ट किया है कि वह हर परिस्थिति में छात्रों की समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। कतरास कॉलेज छात्र प्रतिनिधि शाहबाज खान ने बताया कि वह जल्दी छात्र संगठन को मजबूत करने के लिए कॉलेज में कमेटी का गठन करवाया जाएगा। साथ ही यह भी संकल्प लिया है कि वह युवाओं के सामने खड़ी सबसे बड़ी चुनौती बेरोजगारी को दूर करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। संगठन का उद्देश्य है कि युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएं और शिक्षा से लेकर करियर तक हर मोर्चे पर उनका मार्गदर्शन किया जाए। एनएसयूआई का यह कदम बाघमारा क्षेत्र में छात्र राजनीति और युवाओं के अधिकारों को मज़बूती देने की दिशा में एक बड़ा बदलाव साबित हो सकता है।मौके पर धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष अशोक लाल, एनएसयूआई के प्रदेश सचिव आकाश प्रमाणिक,पूर्व जिला महासचिव सिंकु खान, छात्र प्रतिनिधि कतरास कॉलेज शाहबाज खान, अहान खान, इमरान अंसारी ,सैफ अंसारी , अनीश अंसारी. मनोज सिंह, अमन अंसारी , अनीश शबरी, विवेक सिंह , शाद अंसारी, बाबू पंडित, जफर खान, समीर अंसारी, एवं अन्य उपस्थित थे।

## निरसा के गोपालगंज में श्री श्री जगन्नाथ मंदिर ट्रस्ट कमेटी द्वारा भव्य रथ यात्रा निकाली गयी



धनबाद। निरसा के गोपालगंज में श्री श्री जगन्नाथ मंदिर ट्रस्ट कमेटी द्वारा शुक्रवार को भव्य रथ यात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित की गई। इस रथ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इसमें युवा संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष और भारतीय रेड क्रॉस समिति के संयुक्त सचिव दिलीप सिंह भी उपस्थित थे, जिन्हें कमेटी ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। रथ यात्रा की शुरुआत कमेटी के अध्यक्ष और निरसा विधायक अरूप चटर्जी ने दिलीप सिंह के साथ मिलकर भगवान जगन्नाथ की आरती करके और रथ की रस्सी खींचकर की। तीन अलग-अलग रथों में भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की शोभायात्रा धूमधाम से निकली। श्रद्धालु गाजे-बाजे के साथ सात किलोमीटर की यात्रा कर भगवान जगन्नाथ को भलजोरिया स्थित मासीबड़ी ले गए। रथ यात्रा के दौरान पुलिस प्रशासन हर जगह सतर्क दिखाई दी। रास्ते में कई जगह पर रथ यात्रा में शामिल लोगों का स्वागत किया गया। रथ यात्रा में मुख्य रूप से श्वेता किन्नर,सचिव मनजीत सिंह,वैज्ञानिक प्रभु,मिहिर गोप, मनोज सिंह,सुभाष प्रभु,राम कुंभकार, गोरंगो प्रभु, और ललिता शामिल थे।

# देश और संविधान बचाना है तो कांग्रेस को मजबूत करें : संतोष सिंह



धनबाद, पूर्वी टुंडी मैनरवा टाड मे प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष योगेश रजक की अध्यक्षता में संगठन सृजन अभियान की बैठक संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य रूप से धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, प्रवेक्षक निशा सिंह उपस्थित थीं। कार्यक्रम में सर्वप्रथम संगठन सृजन के तहत पूर्वी टुंडी प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी के नवनियुक्त पदाधिकारीयो और मंडल कांग्रेस अध्यक्षो को नियुक्ती पत्र दिया गया। नियुक्त मंडल अध्यक्ष को यह निर्देशित किया गया कि मंडल के अंतर्गत प्रत्येक पंचायत से एक पदाधिकारी मंडल कमिटी में शामिल करें। बैठक में मुख्य अतिथि धनबाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कांग्रेस ने वर्ष 2025 को संगठन सृजन का वर्ष मानकर काम करेगी। प्रत्येक पंचायत में प्रवेक्षक और प्रखंड कमिटी के पदाधिकारीयो को जाना है। धनबाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने आगे कहा की देश और संविधान को बचाना है तो कांग्रेस को मजबूत करना होगा। जिनका देश की आजादी के आंदोलन और संविधान निर्माण में कोई योगदान नहीं रहा। जिन लोगों ने इस संविधान को बनाने में सहयोग नहीं किया। जो लोग हमेशा संविधान के खिलाफ बात करते रहे, वे आज तरह-तरह की बातें कर रहे हैं।

जिस संविधान को बाबा साहेब अंबेडकर , नेहरू , गांधी और संविधान सभा तैयार किया था, उसे भी आरएसएस के लोगों ने रामलीला मैदान में जलाया था। यही नहीं- आरएसएस के लोगों ने बाबा साहेब अंबेडकर , नेहरू और गांधी का पुतला भी जलाया था।

आरएसएस के लोगों का कहना था कि जो संविधान बाबा साहेब अंबेडकर ने बनाया है, उसमें हमारी पारंपरिक संस्कृति और मनुस्मृति के अंश नहीं हैं, इसलिए हम इस संविधान को नहीं मानेंगे।

दरअसल, बीजेपी हमारे देशव्यापी 'संविधान बचाओ आंदोलन' से घबरा गई है, इसीलिए आज वे लोग फिर से इमरजेंसी की बात कर रहे हैं।

संगठन सृजन कार्यक्रम में पूर्वी टुंडी प्रखण्ड कांग्रेस अध्यक्ष योगेश रजक, प्रवेक्षक निशा सिंह, असद कलीम, अब्दुल मजीद अंसारी, कालीचरण दास, देव रंजन ,मुली रामदा, रजक, बिट्टू गोस्वामी, मोहन दास, बबरू वाहन दे, निर्मल रक्षित, सलीम अंसारी, धीरू मोदक, मजीद हुसैन, मधुसूदन रक्षित, किशन दास, पार्वती भगताइन, गोपाल रखित, विपस रक्षित, लाटु दा, प्रणव दा, राजीव दा, विदेश मोदक, शंकर दा,रसक भगता, काजल देवी, परिचित दा,निवेदन दां, मनतोष रक्षित, लिलू दा राकेश कुमार दा,सहित अन्य सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने संगठन सृजन कार्यक्रम में शामिल हुए।

## उपभोक्ताओं को गलत बिजली विपत्र दिया जा रहा है : संतोष कुशवाहा



धनबाद। 27 जून शुक्रवार को झारखंड राज्य मित्र संघ के प्रतिनिधिमंडल के सदस्य जेबीवीएनएल धनबाद के करकेन्द बिधुत सहायक अभियन्ता मन्तोष रवानी से मिले। संघ के संस्थापक संतोष कुशवाहा ने बिधुत सहायक अभियन्ता को ज्ञापन सौंपा और कहा की करकेन्द सब डिविजन के अन्तर्गत बाँसजोडा, करकेन्द, पुटकी सेक्सन के अन्तर्गत जब बिलिंग करने उपभोक्ताओं के घर एवम दुकान जाते है तो पता चलता है की उनका बिजली विपत्र बन गया है। और बिजली विपत्र जो मेसेज आया है वह गलत है। चुकी मिटर में रिडिंग कुछ और है और बिजली विपत्र कुछ और का मेसेज मोबाईल पर आया है। जब की मिटर को देखने कोई उर्जा मित्र आया तक नहीं है। जो की सरासर गलत है। एक तो उर्जा मित्र का समय की बर्बादी हो रहा है एवम उपभोक्ताओं को भी गलत बिजली विपत्र दिया जा रहा है । जैसे कुछ उपभोक्ताओ का विवरण इस प्रकार हैपीटीसी 1410,पीटीसी1604,पीटीसी3447,एसवाईपी106,पीटीसी1322,सीएचडी3164,सीएचसी2935,सीएचडी2351,सीएचडी2362,सीएचडी3162,पीटीडी245,सीएचडी3307,पीटीडी1970,पीटीडी229,पीटीडी437,सीएचडी2528,सीएचडी1358,पीटीडी231,पीटीडी 111,पीटीडी1330, डीजीवाईपी 917 डीजीवाईबी 112, डीजीवाईबी 75,एसवाईबी 613,एसवाईबी 616, बीकेडी9648,डीजीवाईबी108, येसे अनेको अंगिनत उपभोक्ताओं का लिस्ट है जीनका मीटर देखे बिना बिजली विपत्र बना दिया गया है ।जो बिलिंग एजेन्सीओं के द्वारा टेबल रिडिंग कर रहा है वह आईडी नंबर, MRJ7110000,71480869,यह है। जो उर्जा मित्र बिजली विपत्र बनाकर उपभोक्ताओं को देते है उस बिजली विपत्र में लाईफ लोकेशन तक आता है। यह दोनों आईडी MRJ7110000,71480869, का लाईफ लोकेशन डिगवाडीह बताता है। जब की वह झरिया डिविजन के अन्तर्गत आता है । यह बहुत बड़ा अपराध है। अनगिनत बिजली विपत्र बनाकर मैसेज भेजा जा रहा है। अगर कल के दिनों में बिजली विपत्र से संबंधित कोई भी परेशानी उपभोक्ताओं को होती है तो उस की जिम्मेवारी और जवाबदेही हमारे उर्जा मित्र की नहीं होगी । आज संघ के प्रतिनिधिमंडल मौके पर उपस्थित रहें । तथा सरबजीत, अभिषेक कुमार, मोहम्मद अफजल, सोनू शर्मा, दिपक पासवान, प्रेम पासवान, अमरजीत सिंह, और संघ के प्रवक्ता रोनित सिंह भी उपस्थित रहें।

### बांसजोड़ा के मजदूरों के हाजरी छुटने को लेकर

# कोलियरी के मजदूरों ने छुट्टी आवेदन रोके जाने के खिलाफ किया हंगामा और प्रदर्शन



लोयाबाद।बांसजोड़ा व बासदेवपुर कोलियरी में शुक्रवार को जमकर हंगामा किया। बांसजोड़ा में हाजरी छुटने को लेकर मजदूरों का प्रर्दशन हुआ वहीं बासदेवपुर कोलियरी में छुट्टी आवेदन रोके जाने के खिलाफ में कोलियरी प्रबंधन का घेराव किया। बांसजोड़ा में प्रदर्शन का नेतृत्व जमसं के एरिया अध्यक्ष विजय यादव ने किया। उन्होंने बताया कि 18 जून को मजदूरों ने बायोमेट्रिक हाजिरी बनाई थी। इसके बावजूद जून माह की डेमो पे-स्लिप में हाजिरी नहीं दिखी। इससे मजदूर नाराज हो गए। प्रबंधक से बात करने पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इसके बाद मजदूरों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन की सूचना मिलने पर कार्मिक पदाधिकारी ने विजय यादव से फोन पर बात की। उन्होंने बताया कि बायोमेट्रिक मशीन से सेप में अटेंडेंस नहीं जुड़ा था।अब उसे सुधारकर भेजा गया है।इस माह की पे-स्लिप में सभी की हाजिरी सही हो जाएगी।यह सुनकर मजदूर शांत हो गए।वहीं बासदेवपुर कोलियरी के मजदूरों ने बताया कि करीब 20-25 लोगों द्वारा छुट्टी का आवेदन कोलियरी में जमा किया गया था।आज आखिरी दिन था सेप में चढ़ाने का था।लेकिन सभी का आवेदन कोलियरी में पड़ा देखकर मजदूर भड़क गये। सभी ने प्रबंधक संतोस चौधरी का घेराव कर समस्या समाधान की मांग करने लगे। इस पर प्रबंधक चौधरी ने तुरंत कर्लक को इसे चढ़ाने को कहा।तब जाकर मामला शांत हुआ।प्रदर्शन में विजय यादव, मनोज कुशवाहा, रोबिन कुमार, हरिमन, उमेश चमार, अजय यादव, श्रवण द्विवेदी, तिलक सिंह, शकील अहमद, दीपक कुमार, प्रवीण कुमार सहित कई मजदूर शामिल थे।

# इस्कॉन द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय रथ यात्रा में झूमे हजारों धनबादवासी






धनबाद । इस्कॉन धनबाद जगजीवन नगर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय रथ यात्रा के पहले दिन में हजारों धनबादवासी झूमें । ज्ञात हो की प्रातः काल 8:30 बजे, स्टीलगेट दुर्गा मंडप में आईएसएम और बीआईटी के सैकड़ों छात्रों द्वारा जगन्नाथ पुरी की 2000 वर्ष पुरातन पाहूंडी रीति के साथ श्री जगन्नाथ बलदेव सुभद्रा की रथ पर सुंदर स्थापना हुई। अनेकों भक्तों ने एक रंग, एक ढंग , एक वेश , मृदंग, करताल, कासोण लेकर गगनचुंबी छलागे मारते हुए जगन्नाथ बलदेव सुभद्रा का रथ पर स्वागत किया। जगन्नाथ स्वामी नयन पथ गामी, के शोर से गूंजा पूरा स्टील गेट। भगवान के श्रीविग्रहों का आज विशेष ऐश्वर्यशील श्रृंगार किया गया था। ज्ञात हो की जगन्नाथ बलदेव सुभद्रा का यह रथ पिछले वर्ष की भाँती इस बार भी आईआईटी, आई एस एम और बीआईटी के छात्रों द्वारा बनाए हुए ऑटोमेटिक हाइड्रोलिक सिस्टम युक्त था। यात्रा मार्ग में अलग-अलग ऊंचाइयों पर आने वाली बाधाओं के अनुसार रथ अपने आप अपने गुंबद तक की ऊंचाई 35 फीट से 15 फीट तक समायोजित करने की क्षमता रखता था। इसके अलावा इस बार जगन्नाथ पुरी के रथ की अनुकृति करते हुए आसनसोल से चार सुंदर घोड़े मंगवा कर रथ में मढवाए थे। इन चारों घोड़ों के नाम, शंख, श्वेत, बलहक, हरिदश्व हैं, जो कि इस नंदीघोष नामक जगन्नाथ के दिव्य रथ की शोभा बना । जगन्नाथ का यह रथ आईआईटी के भक्तों ने अपने हाथों से बहुत ही मनोरम और सुंदर रूप में सजाया था। इस विशाल रथ को खींचने के लिए 200kg भारी रस्सी मंगवाई गई थी।पाहूंडी के उपरांत पूरे कार्यक्रम के परम मुख्य अतिथि श्रद्धेय श्री देवकीनंदन प्रभुजी का आगमन हुआ। श्री देवकीनंदन प्रभुजी ने अपने हाथों से इस्कॉन के संस्थापक आश्चर्य श्रील प्रभुपाद की गुरु पूजा की तथा इस्कॉन धनबाद अध्यक्ष, श्री नाम प्रेम प्रभुजी ने गुरु आरती गाई। तत्पश्चात विशिष्ट अतिथियों और गणमान्यों ने श्री जगन्नाथ बलदेव सुभद्रा की आरती व पूजा की। यात्रा में धनबाद के सांसद, ढुल्लू महतो एवं धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने बताया कि केवल पिछले 6 वर्षों पूर्व धनबाद में इस्कॉन ने विशाल स्तर पर रथ यात्रा का आयोजन करना प्रारंभ किया था और आज पूरा धनबाद प्रतिवर्ष इसकी आस बनाए प्रतिक्षा करता है। उन्होंने प्रार्थना की कि धनबाद पर जगन्नाथ की कृपा सदा बनी रहे। इस्कॉन धनबाद के अध्यक्ष, श्रीमान नाम प्रेम प्रभु जी ने यात्रा शुरू होने से पहले सारे भक्तों को यात्रा का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए सूचित किया की शास्त्रानुसार जो भी व्यक्ति जगन्नाथ के रथ को एक बार खींच लेता है अथवा जगन्नाथ रथ में दर्शन कर लेता है उसका इस भौतिक जगत में पुनर्जन्म नहीं होता। श्रद्धेय, देवकीनंदन प्रभुजी ने बताया कि जगन्नाथ रथ यात्रा में भाग लेने का अवसर अद्वितीय है। हमने देखा है भगवान को अर्जुन का रथ हांकते हुए, किंतु यहां जगन्नाथ अपने रथ की डोरी अपने भक्तों को सौंप रहे है । अतः यह भगवान की अपने भक्तों के साथ एक बहुत ही घनिष्ठ लीला है। 11 बजे दिन में श्री देवकीनंदन प्रभुजी और श्री नामप्रेम प्रभुजी के संबोधन के पश्चात ढुल्लू महतो ने स्वर्ण झाड़ू से रथ के पथ की सेवा की। यह भी पूरी की एक पौराणिक रीतियों में से एक है ।जहां रथ यात्रा से पूर्व प्रतिवर्ष पुरी के राजा पथ पर स्वर्ण झाड़ू लगाकर विनम्रता से जगन्नाथ का ऐश्वर्य दर्शाते हैं। तत्पश्चात रथ के समक्ष 3 सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुई । जिसमें पूरी की प्रथा अनुसार एक अद्भुत सुंदर ओडीसी नृत्य भी शामिल था। हजारों भक्तों ने स्टील गेट से रथ को खींचना प्रारंभ किया।

**दर्शनार्थियों के लिए अद्भुत प्रबंध और सेवाएं** :यह रथ स्टील गेट से होते हुए सरायढेला हीरापुर व रणधीर वर्मा चौक होते हुए संध्या 4 बजे तक गोल्फ ग्राउंड पहुंचा। जहां 25000 धनबाद वासियों कि इस ऐतिहासिक एकत्रीकरण को संभालने के लिए उपयुक्त व अनेक प्रबंध किए गए थे । यात्रियों की प्यास बुझाने के लिए दो टैंकर शीतल जल, चार प्रकार के शरबत, ठंडाई आदि अनगिनत मात्रा में सारे समय उपलब्ध कराए गए थे। किसी भी अनहोनी से सतर्क रहते हुए रथ के आगे पीछे दो एंबुलेंस भी चल रही थी। इसके अलावें यात्री समूह के सुरक्षित मार्गदर्शन हेतु एक विशेष टीम और पुलिस कर्मचारी की चार प्रशासनिक गाड़ियां चल रही थी। रथ के पीछे एक वाहन केवल और केवल धनबाद वासियों द्वारा भक्ति पूर्वक जगन्नाथ के लिए बनाए गए भोग रखने हेतु लगाया गया था, जो कि मार्ग में 6 स्थानों पर खाली कर बार बार भरा गया। इस प्रसाद पर दर्शनार्थी अत्यंत प्रेम से लपक रहे थे।

**रथ यात्रा के दौरान कीर्तन**: इस बार आईआईटी के छात्रों ने जगन्नाथ पुरी के रथ यात्रा का चौकस अनुसरण करते हुए एक मधुर कीर्तन टोली बनाई थी । जिसमें 10 भक्त मृदंग, 15 भक्त करताल, 8 भक्त झाझर और 10 भक्तों ने कसोण बजाते हुए धनबाद की धरती थरथराई। इसके अलावा धनबाद के आसपास के कई जनजातीय समुदाय भी भगवान का कीर्तन करने के लिए यात्रा में शामिल हुए । जगन्नाथ के रथ के आगे आगे इस्कॉन धनबाद की भक्तानियों द्वारा एक वेष में निरंतर सांस्कृतिक नृत्य किया गया।**जनजाती समुदायों का रथ यात्रा में भाग** :धनबाद के आस पास के गांवों से 4 बस भर के भिन्न भिन्न जनजाति समुदाय से महिलाएं जगन्नाथ की रथ यात्रा में भाग लेने पहुंची। इस्कॉन ट्राइबल केयर के अंतर्गत हर उत्सव में धनबाद तथा झारखंड के जनजाति समाज उत्साह के साथ भाग लिया ।

**गोल्फ ग्राउंड में बनाया गया भव्य पंडाल** : पिछले वर्ष के दुगने से भी अधिक विशाल पंडाल, गोल्फ ग्राउंड में बनाया गया । पंडाल को वेहतरीन ढंग से सजाया गया था ।

जगन्नाथ के दिव्य रथ की परिक्रमा हेतु रथ के लिए एक विशेष स्थान बनाया गया। जिसके आसपास बिछाई 108 टाइल्स पर भगवान का नाम लेकर परिक्रमा कर रहे थे। गुंडीचा मंदिर, 40 फिट ऊंचा अत्यंत सुंदर गुलाबी रंग से गुंडीचा मंदिर का पंडाल सजाया गया था। जहां रथ यात्रा के समापन जगन्नाथ की स्थापना हुई, आरती हुई तथा श्रद्धालुओं ने दर्शन किया। कथा, कार्यक्रम पंडाल, मंदिर के निकट मुख्य पंडाल को खूबसूरती से सजाया गया जहां श्रद्धेय देवकीनंदन प्रभुजी द्वारा कथा की गई । साथ ही भिन्न भिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया । यहां हजारों की संख्या में दर्शकों के बैठने की सुन्दर व्यवस्था की गई थी।जगन्नाथ पूरी की ही तरह यहां भी आनंद बाजार खड़ा किया गया । जहां जगन्नाथ के भक्तों के लिए खाजा, लड्डू आदि प्रसाद, पूजा का सामान, जगन्नाथ पर ग्रन्थ तथा गीता, आदि, जगन्नाथ पर जानकारी, युवा सशक्ति करण, धाम यात्रा, आदि के स्टॉल्स लगे हुए थे। पंडाल का एक बहुत बड़ा भाग इस्कॉन स्पेशल खिचड़ी हलवा प्रसाद के वितरण हेतु रखा गया था। 25000+ प्लेट खिचड़ी हलवा प्रसाद इस त्रिदिवसीय रथ यात्रा के पहले दिन पर बांटा गया।

इसके साथ ही साथ अपने-अपने कला में निपुण देश विदेश प्रसिद्ध कलाकारों ने गीत, गान, नृत्य, नाटक आदि प्रस्तुतियों से जगन्नाथ का गुणगान किया। विभिन्न पोशाक और सामग्रियों के साथ भारत के दस अलग-अलग राज्यों के पारंपरिक नृत्य की भी प्रस्तुति की गई । पूरे पंडाल और पंडाल के बाहर दो बड़ी-बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई गई थी। विशिष्ट अतिथि और रथयात्रा के सारे दर्शनार्थियों के लिए बैठने और महाभोज की पर्याप्त सुखद सुविधा थी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच श्रीमान नाम प्रेम प्रभु द्वारा जगन्नाथ की छोटी-छोटी लीलाओं का वर्णन किया गया । साथ ही उत्साह और उमंग के साथ सारे भक्तों को जगन्नाथ के मधुर कीर्तन में नाचते गाते हुए लीन होने का अवसर मिला। मौके पर धनबाद के सांसद, ढुल्लू महतो, सह परिवार, धनबाद के विधायक राज सिन्हा तथा धनबाद के जाने माने व्यवसाय और प्रमुख गणों ने मुख्य अतिथि के रूप में इस महोत्सव में अपनी उपस्थिति देकर जगन्नाथ के रथ खींचने का लाभ उठाया।

# एमएसएमई दिवस पर बीसीसीएल ने किया विशेष वेंडर विकास कार्यक्रम का आयोजन






धनबाद । अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस के अवसर पर भारत कोकिंग कोल लिमिटेड ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति उद्यमियों के स्वामित्व वाले एमएसई के लिए कोयलानगर स्थित जुबली हॉल में एक विशेष विक्रेता विकास कार्यक्रम (वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम) का आयोजन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आरक्षित वर्ग के स्वामित्व वाले सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) को बीसीसीएल की खरीद प्रणाली में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करना था।कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएमडी श्री समीरन दत्ता ने की, जिनके साथ मंच पर निदेशक (तकनीकी) संजय कुमार सिंह, राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम (एनएसआईसी) की सहयोगी संस्था एनएसएसएचओ, रांची की वरिष्ठ शाखा प्रबंधक श्रीमती किरण मारिया तिरु, भारतीय स्टेट बैंक, धनबाद के सहायक महाप्रबंधक कन्हैया कुमार भूषण तथा महाप्रबंधक (सामग्री प्रबंधन, बीसीसीएल)/विभागाध्यक्ष (क्रय) पार्थासिस राम अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। अवसर पर बीसीसीएल के विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, एनएसएसएचओ रांची एवं भारतीय स्टेट बैंक के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में आमंत्रित उद्यमी भी मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि श्री समीरन दत्ता ने अपने संबोधन में कहा कि एमएसएमई देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, और इसकी प्रगति के बिना देश का विकास संभव नहीं। उन्होंनें कहा कि बीसीसीएल जैसे सार्वजनिक उपक्रमों का दायित्व है कि वह अपने प्रयासों में सामाजिक समावेशन को बढ़ावा दें। उन्होंने वेंडर विकास कार्यक्रम को न केवल व्यापारिक सहभागिता का, बल्कि सामाजिक सशक्तिकरण का भी माध्यम बताया।निदेशक (तकनीकी) श्री संजय कुमार सिंह ने कहा कि गुणवत्ता, समयबद्ध आपूर्ति और प्रतिस्पर्धी सोच के साथ एमएसई उद्यमी बड़ी संस्थाओं की आपूर्ति श्रृंखला में अपनी मजबूत भागीदारी बना सकते हैं। उन्होंनें एमएसएमई के विकास को भारत की प्रगति का आधार बताया और उसके निरंतर उन्नयन की आवश्यकता पर बल दिया। एनएसएसएचओ की शाखा प्रबंधक श्रीमती किरण मारिया तिरु ने उद्यमिता कौशल, वित्तीय योजनाओं और विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने सिंगल पॉइंट रजिस्ट्रेशन स्कीम और बैंक ऋण प्रोसेसिंग रिइम्बर्समेंट स्कीम जैसी योजनाओं का उल्लेख किया। एसबीआई के एजीएम श्री कन्हैया कुमार भूषण ने क्रेडिट लिंकेज, एमएसई ऋण, मुद्रा योजना आदि के बारे में जानकारी दी और बताया कि किस प्रकार बैंकिंग प्रणाली एमएसई क्षेत्र को वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है।कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के औपचारिक स्वागत और दीप प्रज्वलन से हुई। महाप्रबंधक (एमएम) श्री पार्थासिस राम ने स्वागत भाषण में बीसीसीएल की खरीद नीति, जीईएमपोर्टल पर आधारित पारदर्शी प्रक्रिया तथा सार्वजनिक खरीद नीति 2012 में एमएसई को मिलने वाले लाभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने एससी/एसटी उद्यमियों के लिए सरकार द्वारा निर्धारित प्रावधानों की जानकारी दी और बताया कि बीसीसीएल नियमित रूप से एमएसई आरक्षित वस्तुओं की खरीद करता है।कार्यक्रम में बीसीसीएल, एनएसएसएचओ रांची और एसबीआई धनबाद द्वारा प्रस्तुतीकरण दिए गए। इनमें 'जेम पोर्टल पर निविदा प्रक्रिया, एमएसई नीतियों, त्रुटियों से बचाव, पीपीपी लाभ, टीआरईडीएस प्लेटफ़ॉर्म, एमएसएमई-संबंध, समाधान पोर्टल, और 'मेक इन इंडिया' जैसे विषयों को शामिल किया गया। बीसीसीएल द्वारा क्रय की जा रही एमएसई आरक्षित वस्तुओं की सूची और पिछले तीन वर्षों की खरीद विवरणी भी साझा की गई। कार्यशाला के अंत में आयोजित ओपन डिस्कशन (खुला संवाद) सत्र में उपस्थित उद्यमियों की जिज्ञासाओं का अधिकारियों ने समाधान किया। कार्यक्रम का समापन श्री आनंद कुमार, महाप्रबंधक (एमएम) द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## आयकर विभाग ने कोयलांचल अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक में आयोजित किया जागरूकता सेमिनार



धनबाद, आयकर विभाग द्वारा 27 जून 2025 को कोयलांचल अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, बैंक मोड़, धनबाद के सभागार में वित्तीय लेनदेन विवरण और ई-वेरिफिकेशन जांच स्कीम 2021 से संबंधित जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया ।इस कार्यक्रम में विभाग के अधिकारी रंजन कुमार गर्ग, आयकर अधिकारी एवं संतोष कुमार दुबे, आयकर निरीक्षक ने करदाताओं और रिपोर्टिंग संस्थाओं को वित्तीय लेनदेन विवरण समय पर और त्रुटिरहित दाखिल करने के संबंध में जानकारी दी। साथ ही ई-वेरिफिकेशन जांच स्कीम 2021 के तहत करदाताओं को अपनी वार्षिक सूचना विवरणी के अनुसार सही आयकर रिटर्न दाखिल करने के लिए प्रेरित किया ।

सेमिनार के दौरान बताया गया कि बिहार और झारखंड के कई करदाताओं के वित्तीय वर्ष 2021-22 के वित्तीय लेनदेन विभाग के पास उपलब्ध हैं, लेकिन उन्होंने संबंधित वर्ष की आयकर विवरणी दाखिल नहीं की है। ऐसे मामलों में विभाग ने संबंधित व्यक्तियों को नोटिस जारी किया है। वहीं, कई रिपोर्टिंग संस्थाओं द्वारा या तो वित्तीय लेनदेन विवरण दाखिल नहीं किया गया या फिर गलत विवरण प्रस्तुत किया गया, जिसके कारण जांच प्रक्रिया जारी है। विभाग ने कोयलांचल अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक के सीईओ, कर्मचारियों और चार्टर्ड अकाउंटेंट से अपील की कि वित्तीय लेनदेन विवरण समय पर और बिना त्रुटि के दाखिल करें । ताकि विभाग को सही सूचना मिल सके और नए करदाताओं की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की जा सके। कार्यक्रम में आयकर विभाग के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे ।

## सीएमडी समीरण दत्ता से सीपीआरएमएसएनई सदस्य, ओम कुमार सिंह की औपचारिक और परिचयात्मक मुलाकात



धनबाद, बीसीसीएल का अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक समीरन दत्ता के साथ महासंघ द्वारा कोल इंडिया स्तर पर ओम कुमार सिह सीपीआर एमएसएमई सदस्य कोल इंडिया लिमिटेड की औपचारिक एवं परिचयात्मक मुलाकात की गई। जिसपर अध्यक्ष प्रबंध निदेशक द्वारा समस्याओं का निराकरण हेतु आश्वासन दिया। मौके पर धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सह सलाहकार समिति सदस्य बीसीसीएल मुरारी तांती एवं महामंत्री धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ कोल इंडिया सुरक्षा बोर्ड सदस्य एवं एपेक्स सुरक्षा समिति सदस्य बीसीसीएल उमेश कुमार सिंह भी मौजूद थें।

## धनबाद-चन्द्रपुरा रेलखंड में चलाया गया मजिस्ट्रेट चेकिंग अभियान



धनबाद, धनबाद रेल मंडल में बड़े पैमाने पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है । इसी क्रम में सुनियोजित कार्यक्रम के तहत धनबाद रेलवे मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में धनबाद-चन्द्रपुरा रेलखंड में टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया । इस जांच अभियान के परिणामस्वरूप 340 यात्रियों को पकड़ा गया । जिसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रीगण शामिल थे । इस दौरान उनसे 02,46,235 रूपए जुर्माने के रूप में राशि प्राप्त की गई तथा पकड़ें गए यात्रियों को उचित टिकट के साथ यात्रा करने की कड़ी हिदायत दी गई । टिकट चेकिंग अभियान के दौरान स्टेशनों के अनारक्षित टिकट काउंटरों पर यात्रियों की बहुत भीड़ देखी गयी | चेकिंग टीमों द्वारा स्टेशनों एवं विभिन्न मेल, एक्स्प्रेस ट्रेनों में भी चेकिंग किया गया । धनबाद मंडल द्वारा निरंतर टिकट जांच किया जा रहा है तथा भविष्य में भी यह जारी रहेगा । धनबाद मंडल, पूर्व मध्य रेल यात्रियों को उचित टिकट के साथ प्लेटफार्म में प्रवेश करने की सलाह दी । साथ ही यात्रियों के पास जिस श्रेणी का टिकट है उसी श्रेणी में यात्रा करने की बात कही । उक्त जानकारी हिंदी दैनिक अखबार कोयलांचल संवाद के वरिष्ठ पत्रकार, आर एन चौरसिया को मोहम्मद इकबाल, वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, धनबाद एवं वरीय जनसंपर्क अधिकारी ने दी ।

## नगर स्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न




**नगर आयुक्त, रवि राज शर्मा की अध्यक्षता में झमाडा कार्यालय के सभागार में आयोजित की गई नगर स्तरीय अंतर्विभागीय समिति की बैठक**

धनबाद, धनबाद नगर आयुक्त ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य शहर के गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए सभी विभागों को एक मंच पर लाकर आपसी समन्वय को मजबूत करना हैं । बैठक में सभी विभागों को अर्श क्लिनिक की जानकारी देने, एनसीडी पोर्टल से जुड़े सभी कर्मियों को प्रशिक्षण देने, सभी स्वास्थ्यकर्मियों को गुणवत्ता प्रमाणन के नियमों के अनुसार प्रशिक्षित करने, ई-संजीवनी टेलीमेडिसिन सेवा के लिए ड्यूटी रोस्टर तैयार करने, परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत 11 जुलाई से शुरू होने वाले पखवाड़े के लिए सभी योग्य दंपतियों की सूची बनाकर और सर्जनों का रोस्टर तय कर सभी स्वास्थ्य केंद्रों को भेजने, सभी कार्यों को समय पर पूरा करने और निगरानी करने के लिए एक कोर समिति बनाने, डोमपाड़ा, हीरापुर, भूली व झरिया के अटल मोहल्ला क्लिनिक, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिंदरी और राजबाड़ी में जरूरी मरम्मत कराने सहित अन्य निर्णय लिए गए। बैठक में सभी विभागों ने मिलकर समयबद्ध तरीके से कार्य करने और परस्पर सहयोग को मजबूत करने का संकल्प लिया। बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती अनीता कुजूर, जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा, वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन के एसएमओ डॉ० अमित कुमार तिवारी, डॉ० रोहित गौतम, डॉ० मंजू दास, डॉ० अनीता चौधरी, डॉ० मिहिर कुमार, श्रीमती विमला देवी, पीएसआई इंडिया के प्रबंधक, प्रेम कुमार, रुपेश कुमार, पूजा गुप्ता, बिनय कुमार यादव, अनित कुमार चौबे, हरी गोपाल महतो, कुश कुमार सहित अर्बन हेल्थ टीमों के ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर और चिकित्सा पदाधिकारी मौजूद थे ।

## हीरापुर हरि मंदिर के प्रांगण से भव्य जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली गई



धनबाद, हरि मंदिर के प्रांगण से भव्य जगन्नाथ शोभा रथ यात्रा निकाली गई । जो धनबाद के हीरापुर, ज्ञान मुखर्जी रोड, पार्क मार्केट, हटिया, जे से मल्लिक रोड, आदि प्रमुख सड़कों से गुजरकर पुनः हरि मंदिर पंहुचा । मौके पर काफी संख्या में श्रद्धालु भक्त शामिल हुए ।

# बीसीसीएल ने अनुकंपा नियोजन शिविर में 127 नियोजन पत्रों का किया वितरण



धनबाद । कोयला नगर स्थित काम्युनिटी हॉल में सीएमडी श्री समीरन दत्ता के हाथों हुईं नियुक्ति-पत्र वितरण की शुरुआत। विभिन्न श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि भी कार्यक्रम में रहे मौजूद।

अनुकंपा आधारित नियुक्ति में उल्लेखनीय प्रगति करते हुए बीसीसीएल ने आज अनुकंपा शिविर 4.0 के माध्यम से 127 पात्र उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र सौंपे। अनुकंपा नियुक्ति के सन्दर्भ में बीसीसीएल द्वारा इस वर्ष जनवरी से अब तक कुल 349 नियुक्ति पत्र बाँटें जा चुके हैं, जो संस्थान की अनुकंपा आधारित नियुक्ति के प्रति उसके संवेदनशील और निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बता दें कि बीसीसीएल द्वारा वर्ष दर वर्ष अनुकंपा आधारित नियुक्ति में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गयी है, जिसके अंतर्गत संस्थान द्वारा वर्ष 2023 में 346, 2024 में 474 और 2025 में (जनवरी माह से अब तक) 349 नियुक्ति पत्र बाँटें जा चुके हैं।

अन्नपूर्णा हॉल सभागार, कोयला नगर में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएमडी श्री समीरन दत्ता ने की। निदेशक (मानव संसाधन) श्री मुरलीकृष्ण रमैया, निदेशक (वित्त) श्री राकेश कुमार सहाय, निदेशक (तकनीकी) श्री संजय कुमार सिंह एवं निदेशक (तकनीकी) योजना एवं परियोजना, श्री मनोज कुमार अग्रवाल के अतिरिक्त मुख्यालय एवं सभी क्षेत्रीय प्रबंधक मानव संसाधन, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, नोडल अधिकारी, मानव संसाधन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में नियोजन प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों के परिजन, विभिन्न श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत के साथ की गयी, जिसमें सर्वप्रथम निदेशक (मानव संसाधन) श्री मुरलीकृष्ण रमैया ने सीएमडी श्री समीरन दत्ता का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत-अभिनन्दन किया। जिसके पश्चात मुख्यालय के अन्य वरीय पदाधिकारियों ने डीएफ, श्री राकेश कुमार सहाय, डीटी, श्री संजय कुमार सिंह और डीटीओपी श्री मनोज कुमार अग्रवाल का पुष्प-गुच्छ देकर स्वागत किया। कोल इंडिया कॉर्पोरेट गीत के पश्चात नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में श्री समीरन दत्ता ने सभी नव-नियुक्त कर्मियों का बीसीसीएल परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि आज का यह अवसर सभी के लिए विशेष महत्व रखता है क्योंकि, एक ओर जहाँ पूरा राष्ट्र पुरी रथ यात्रा के पावन पर्व को श्रद्धा और आस्था के साथ मना रहा हैं, वहीं दूसरी ओर बीसीसीएल अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए अनुकंपा नियोजन शिविर के माध्यम से 127 परिवारों को जीवन की नई दिशा दे रहा है। उन्होंनें कहा कि बीसीसीएल उद्देश्यपूर्ण खनन के साथ अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रहा है और पिछले कुछ वर्षों में इस क्षेत्र में लगातार बेहतर प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंनें सभी नए कर्मचारियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इसके पूर्व, निदेशक (मा. सं.) श्री रमैया ने स्वागत संबोधन करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों एवं सदस्यों को बीसीसीएल की विगत वर्षों में नियोजन संबंधी गतिविधियों, सीएसआर क्रियाकलापों एवं अन्य उपलब्धियों से अवगत कराया और कहा कि विगत कुछ वर्षों में बीसीसीएल ने सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है और अपनी सामाजिक और संस्थागत जिम्मेदारियों को नई ऊंचाईयों पर पहुंचाया है। बीसीसीएल की प्रगति के निमित्त इस प्रकार के कार्य जारी रहेंगें उन्होंनें सभी नव-नियुक्त कर्मियों को बधाई दी और कंपनी के विकास में पूर्ण सहयोग के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

इसके पश्चात सीएमडी ने पांच योग्य अभ्यर्थियों को नियुक्ति-पत्र सौंपकर पत्र वितरण की शुरुआत की। जिसके बाद उपस्थित सभी निदेशक ने भी अभ्यर्थियों को नियुक्ति-पत्र सौंपें। विभिन्न श्रमिक संगठनों, यूनियन प्रतिनिधियों एवं विभाग प्रमुखों द्वारा भी नियुक्ति पत्र वितरित किये गए। मंच संचालन विभागाध्यक्ष (जनसंपर्क) श्री उदयवीर सिंह ने किया।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, के. जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद से मुद्रित एवं विनोद नगर, धनबाद (झारखण्ड)- 826001 से प्रकाशित आर. एन. आई. नं. - 58948/94, पो. रजि. -डी. एन. बी. /54 फोन नं. 0326-2310243, 9431507990 Fax N0. -0326-2310243 Email : koylanchal_dhn@rediffmail.com & koylanchal.hindi@gmail.com ▶ समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।